

29:12:2022

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 13 अंक ›› 361 | epaper.rashtriyakhabar.com | पौष, शुक्लपक्ष सप्तमी, विक्रम संवत 2079

## चाणक्य नीति

गम्यते यदि मृगेन्द्र मन्दिरं लभ्यते करिकपोलमौक्तिकम्।
जम्बुकाऽऽलयगते च प्राप्यते वत्स-पुच्छ खर चर्म खण्डनम्॥

भावार्थ : यदि कोई मनुष्य सिंह की गुफा में पहुंच जाए तो वहां संभव है कि उसे हाथी के मस्तक का मोती (गजमुक्ता) प्राप्त हो जाए लेकिन यदि कोई गीदड़ की गुफा में जाएगा तो वहां उसे किसी बछड़े की पूंछ का अथवा गधे की खाल का टुकड़ा ही प्राप्त होगा।

**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 23.00 °c | 08.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 17.12 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 06.29 बजे

## मुर्मू ने सीतारामचंद्र स्वामी मंदिर में की पूजा-अर्चना

**हैदराबाद:** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को तेलंगाना के भद्राचलम स्थित श्री सीतारामचंद्र स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मू के साथ तेलंगाना की राज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सुंदरराजन, तेलंगाना के मंत्री पुव्वाडा अजय कुमार, सत्यवती राठौड़ और वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। मंदिर के प्रवेश द्वार पर मंदिर के पुजारियों ने राष्ट्रपति को 'पूर्णकुंभम' प्रदान किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने श्री सीतारामचंद्र स्वामी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की। मंदिर में श्री सीतारामचंद्र स्वामी के दर्शन करने के बाद पुजारियों ने राष्ट्रपति को 'वेदासिर्वचनम' के साथ आशीर्वाद दिया और 'तीर्थ प्रसादम' भेंट किया। राष्ट्रपति के दौरे को ध्यान में रखते हुए मंदिरों के शहर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

## कर्नाटक के मंत्री के बयान पर महाराष्ट्र में बवाल

**नागपुर:** महाराष्ट्र सरकार ने बुधवार को कर्नाटक के एक मंत्री द्वारा मुंबई को केंद्र शासित प्रदेश घोषित करने के बयान का कड़ा विरोध किया। सदन में यह मुद्दा उठाते हुए विपक्ष के नेता अजित पवार ने कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री को कर्नाटक के मंत्री के इस बयान का विरोध करना चाहिए कि मुंबई कर्नाटक का हिस्सा है। कर्नाटक के कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री जे सी मधुस्वामी के उस बयान पर पलटवार करते हुए जिसमें उन्होंने कहा था कि महानगरीय आबादी और अन्य राज्यों के लोगों के योगदान को ध्यान में रखते हुए मुंबई को केंद्र शासित प्रदेश घोषित करना चाहिए, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि मुंबई केवल महाराष्ट्र की है, किसी के बाप की नहीं। महाराष्ट्र के गृह मंत्री फडणवीस ने आगे कहा कि इसके बारे में केंद्रीय गृह मंत्री को अवगत कराया।

## ताइवान ने अनिवार्य सैन्य सेवा को एक साल किया

**ताइपे:** ताइवान ने मंगलवार को 'अनिवार्य सैन्य सेवा' को चार महीने से बढ़ाकर एक साल करने की घोषणा की। चीन की राजधानी बीजिंग स्व-शासित लोकतांत्रिक ताइवान को अपने क्षेत्र का एक हिस्सा मानता है इसलिए ताइवान को भय है कि कहीं चीन उस पर अपना कब्जा जमाने के लिए आक्रमण न कर दें। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के नेतृत्व में हाल के वर्षों में युद्ध का खतरा मंडरा रहा है। ताइवान के राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन ने राष्ट्रीय सुरक्षा पर एक उच्च स्तरीय सरकारी बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में कहा,''हम देश को चीन के हाथों सौंपने की मंशा को सफल नहीं होने देंगे। हमारे देशवासियों को डरने की जरूरत नहीं है। हमारा देश में शांति बनाने रखने के लिए प्रयास जारी है।''

## राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग में अंशकालिक सदस्यों की नियुक्ति

**नयी दिल्ली:** केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) में 10 अंशकालिक सदस्यों की नियुक्त कर दी है। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि ये नियुक्तियां केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया की उपस्थिति में निर्धारित प्रक्रिया के माध्यम से राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम, 2019 के अनुसार की गयी है। अधिनियम के मुताबिक ये नियुक्तियां अगले दो वर्ष के लिए की गयी हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण, अवर सचिव डॉ. मनोहर अगनानी और संयुक्त सचिव डॉ. सचिन मित्तल भी इस अवसर पर मौजूद थे।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है। संपादक

**अवसर** › स्थापना दिवस के मौके पर पार्टी में राहुल के प्रभाव का परिणाम दिखा

# कांग्रेस ने हमेशा किया लोकहित का काम : खड़गे

- यहां भी टी शर्ट पहनकर पहुंचे थे राहुल
- आधुनिक भारत बनाने में कांग्रेस का योगदान
- भारत जोड़ो अभियान से विरोधियों में भय उत्पन्न

राष्ट्रीय खबर

**नयी दिल्ली:** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को पार्टी के 138वें स्थापना दिवस पर बधाई देते हुए कहा कि कांग्रेस ने शुरू से ही जनहित का काम किया है और जिस प्रगति का लाभ देश को मिल रहा है उसकी बुनियाद में कांग्रेस का ही योगदान है। दोनों नेताओं ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा लोगों की भलाई एवं प्रगति के लिए काम किया है और संविधान में निहित राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक अधिकारों तथा सबको समानता का अवसर देने में विश्वास करती है। श्री गांधी ने ट्वीट किया मुझे गर्व है, मैं ऐसे संगठन का हिस्सा हूं जिसने हर परिस्थिति में सत्य, अहिंसा और संघर्ष का रास्ता चुना और हर कदम हमेशा

›› पेज 2 भी देखें



**मां सोनिया के साथ मस्ती में दिखे राहुल गांधी**

अपने उसी सफेद टी शर्ट में पहुंचे राहुल गांधी किस पोशाक में आते हैं, इस पर सभी की नजर थी क्योंकि कड़ाके की ठंड में भी वह सिर्फ टी शर्ट पहन रहे हैं, यह चर्चा का विषय बन गया है। आज भी राहुल गांधी उसी टी शर्ट में ही पहुंचे। समारोह में शामिल होने के दौरान सभी की निगाहें उनकी तरफ रहीं। इस दौरान वह अपनी मां श्रीमती सोनिया गांधी के बगल में बैठे थे। श्रीमती गांधी की दूसरी तरफ अंबिका सोनी बैठी हुई थी। बात-चीत के दौरान किसी बात पर राहुल ने अपनी मां का गाल पकड़कर दुलार में दबाया। इसे भी वहां मौजूद फोटोग्राफरों ने अपने कैमरे में कैद दिया और यह तस्वीर पूरे समारोह में सबसे अधिक चर्चा का विषय बनी। इसके पहले भी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान लोगों ने राहुल गांधी को अपनी मां के जूते का फीता बांधते देखा था।

**राहुल की सुरक्षा में चूक को लेकर कांग्रेस ने लिखा गृहमंत्री को पत्र**

नयी दिल्ली: कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा के दिल्ली पहुंचने पर पार्टी नेता राहुल गांधी की सुरक्षा में हुई चूक को लेकर गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर मामले की जांच करने का आग्रह किया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने श्री शाह को लिखे पत्र में कहा है कि श्री गांधी को जेड प्लस सुरक्षा हासिल है और जब भारत जोड़ो यात्रा दिल्ली पहुंची तो उनकी सुरक्षा में चूक हुई है और कई अनजान लोग उनके नजदीक पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि जब सुरक्षा नियमों को तोड़ा जा रहा था तो दिल्ली पुलिस मूकदर्शक बनी हुई थी। हरियाणा में भी श्री गांधी की सुरक्षा में चूक हुई है और इस मामले में पार्टी ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। श्री वेणुगोपाल ने कहा कि जेड प्लस सुरक्षा प्राप्त व्यक्ति की सुरक्षा में चूक होना गंभीर मामला है। भारत जोड़ो यात्रा अगले दौर में अब पंजाब तथा जम्मू-कश्मीर जैसे संवेदनशील राज्यों में पहुंच रही है इसलिए सुरक्षा चूक की पड़ताल होनी चाहिए ताकि आगे ऐसी चूक ना हो।

अपने 568 पोते पोतियों के नाम अब वह याद भी नहीं रख पाता है

# धृतराष्ट्र को पीछे छोड़ 102 बच्चों का पिता बना



- सोलह साल की उम्र में की थी पहली शादी
- अब परिवार का खर्च चलाने में हो रही परेशानी
- सारे बच्चों की पढ़ाई के लिए सरकार से मदद मांगी

राष्ट्रीय खबर

**कंपाला:** महाभारत में धृतराष्ट्र के एक सौ संतान थे। इस रिकार्ड को युगांडा के इस व्यक्ति ने तोड़ डाला है। 67 साल के इस व्यक्ति का नाम मूसा हासाइया है। उनके कुल पत्नियों की संख्या 12 है और इन पत्नियों से उनके 102 संतान है। इन बेटे बेटियों की भी शादी होने के बाद उसके पोते पोतियों की कुल संख्या 568 हो गयी है। इस वजह से वह इन सभी का नाम भी याद नहीं रख पाते हैं। इनकी पढ़ाई के लिए उन्होंने सरकार से मदद मांगी है। वैसे उनकी चर्चा इस बात को लेकर हो रही है कि उन्होंने अब जाकर अपनी पत्नियों को गर्भनिरोधक गोलियों का इस्तेमाल करने का आग्रह किया है। इस वजह से वह चर्चा में आ गये हैं। पता चला है कि 16 साल की उम्र में ही उन्होंने स्कूल की पढ़ाई बीच में ही छोड़कर शादी का फैसला किया था। अब उनके 102 संतान होने के बाद परिवार का खर्च उनके लिए भारी पड़ रहा है। इसलिए उन्होंने अपनी सारी पत्नियों से यह आग्रह किया है। युगांडा के बुगुसा में रहने वाले मुसा का घर बहुत बड़ा है। इसमें सभी पत्नियों के लिए सोने का अलग अलग कमरा है। उनके 102 बेटे बेटियों में से कई की शादी हो चुकी है। इसलिए अब आर्थिक परेशानी अधिक हो रही है। उन्होंने कहा कि वह पेशे से व्यापारी है। पहले पैत्रिक संपत्ति भी काफी थी। इस वजह से

›› पेज 2 भी देखें

विभागीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विचार के बाद उठाया कदम

# टेलीकॉम में दस अफसरों को जबरन सेवानिवृत्ति



राष्ट्रीय खबर

**नईदिल्ली:** दूरसंचार विभाग के दस वरीय अधिकारियों को जबरन सेवानिवृत्ति दे दी गयी है। सभी पर अपने काम में गैर जिम्मेदारी दिखाने का आरोप है। इनलोगों के सरकार के प्रति समर्पण और काम में पारदर्शिता का अभाव भी हटाये जाने का कारण माना जा रहा है। पहले इनलोगों को चेतावनी दी गयी थी। कुछ भी सुधार नहीं होने के बाद अब विभागीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उन्हें जबरन सेवानिवृत्ति देने के आदेश को मंजूरी दे दी है। इन दस बड़े अधिकारियों में संयुक्त सचिव रैंक का एक अफसर भी है। श्री वैष्णव ने रेल मंत्री रहते हुए वहां भी यह तरीका अपनाया था। इसके जरिए उन्होंने यह संदेश देने का काम किया है कि सरकारी नौकरी का अर्थ सिर्फ बैठकर वेतन लेना अब नहीं हो सकता है। सरकार ने पहले ही सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों की सेवाशर्तों में इस किस्म के फेरबदल किये थे। उस वक्त भी सभी को यह परोक्ष चेतावनी दी गयी थी कि उन्हें अपने वेतन के हिसाब से पूरा काम करना होगा। मंत्री की मंजूरी के बाद टेलीकॉम विभाग ने इन अफसरों को रिटायरमेंट लेने का पत्र जारी कर दिया है। इन लोगों में नौ लोग निदेशक स्तर के अधिकारी थे। इसलिए समझा जाता है कि इसके पीछे का कारण कुछ और भी हो सकता है। सिर्फ विभागीय स्तर पर पारदर्शिता और भ्रष्टाचार का बहाना बनाया गया है। वैसे बता दें कि रेल मंत्री रहते हुए अश्विनी वैष्णव ने वहां भी चालीस अफसरों को जबरन रिटायर करा दिया था। इसके पीछे की असली कहानी क्या है, यह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। दूसरी तरफ रेल से हटाये गये अफसरों के बारे में बाद में यह जानकारी आयी है कि इनलोगों पर भ्रष्टाचार के आरोप प्रमाणित नहीं होने के बाद भी वे सही तरीके से काम नहीं करते थे। फिर भी एक प्रमुख कारण रेलवे के निजीकरण के प्रस्ताव का विरोध भी इनलोगों के द्वारा किया गया था। अब टेलीकॉम के इन दस अफसरों के जबरन रिटायरमेंट के पीछे की कोई दूसरी कहानी भी है अथवा नहीं, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।

# त्रिपुरा में भाजपा को बड़ा झटका एक और विधायक ने दिया इस्तीफा



- मुख्यमंत्री का दावा विरोधी गठबंधन से भाजपा को लाभ
- इस्तीफा देने वाले विधायक के साथ कांग्रेसी नेता मौजूद
- कांग्रेस और माकपा के गठबंधन को जनता वोट नहीं देगी

पूर्वोत्तर संवाददाता

**गुवाहाटी:** त्रिपुरा के एक और बीजेपी सांसद ने चुनाव से कुछ महीने पहले आज सुबह विधानसभा से इस्तीफा दे दिया। बीजेपी विधायक दीबा चंद्र हरंगखाल ने आज सुबह अपना इस्तीफा दे दिया।मीडिया से बात करते हुए हरंगखावल ने कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दिया है। हालांकि, उन्होंने संकेत दिया कि वास्तविक कारण जल्द ही साझा किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष रतन चक्रवर्ती के उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्होंने त्रिपुरा विधान सभा के सचिव बीपी कर्मकार के समक्ष अपना इस्तीफा सौंप दिया।भाजपा विधायक के साथ कांग्रेस नेता व पूर्व विधायक आशीष कुमार साहा सहित अन्य नेता भी थे। अब उनके कांग्रेस में शामिल होने की उम्मीद है। उनके इस्तीफे के साथ ही इस्तीफा देने वाले विधायकों की कुल संख्या आठ हो गई है. इनमें से पांच भाजपा के और तीन आईपीएफटी के हैं।हालांकि, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ माणिक साहा ने आज दावा किया कि वाममोर्चा और कांग्रेस के पांच धड़ों के संयुक्त बयान ने आगामी विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा का रास्ता साफ कर दिया है क्योंकि लोग उन्हें कभी स्वीकार नहीं करेंगे।

पत्रकारों से बात करते हुए सीएम डॉ. साहा

›› पेज 2 भी देखें

अपने पड़ोस में विरोधियों के हथियार का जखीरा स्वीकार नहीं

# रूस ने यूक्रेन के शांति प्रस्ताव को ठुकराया

- कहा सारे हथियार त्यागे वरना हम कर देंगे
- रूस की तरफ से कई शहरों पर मिसाइल हमला

राष्ट्रीय खबर

**मॉस्को:** रूस ने यूक्रेन के उस शांति प्रस्ताव को सीधे सीधे नामंजूर कर दिया है, जिसमें संयुक्त राष्ट्र की पहल पर अगले वर्ष वार्ता की बात कही गयी थी। यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमाइत्रो कुलेबा ने कहा कि यूक्रेन अगले दो महीने के भीतर एक शांति वार्ता चाहता है।

इसमें मध्यस्थ की भूमिका में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस रहें। उन्होंने कहा कि यूक्रेन अपनी तरफ से भरसक यह प्रयास कर रहा है कि यह युद्ध अगले साल स्थायी तौर पर समाप्त हो जाए। उन्होंने कहा कि हर युद्ध का अंत तो आखिर वार्ता के जरिए ही होता है। यह बयान तब आया है जब यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन से बात करने से इंकार कर चुके हैं। इस बीच रूस की तरफ से यह बयान आया है कि रूस शांति के पक्ष में हैं यूक्रेन अगर शांति चाहता है तो उसे हथियार छोड़ने पड़ेगे।



**यूक्रेन को तमाम हथियार हटाने होंगे**

रूस के विदेश मंत्री सेलेगेई लावारोप ने कहा कि शांति का अहम शर्त यूक्रेन को तमाम हथियार हटाने होंगे। अगर यूक्रेन ऐसा नहीं करता है तो रूस की सेना के पास वह क्षमता है कि वह यह काम पूरा कर लेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिमी देश यूक्रेन के बहाने रूस को तोड़ने की साजिश में युद्ध को भड़का रहे हैं। दूसरी तरफ अमेरिका पहले की तरह अपने हथियारों का बाजार देखकर चल रहा है। रूस ने पहले ही यह साफ कूटनीतिक प्रस्ताव सार्वजनिक किया था कि वह अपने पड़ोस में नाटो की मौजूदगी नहीं चाहता है। इसे जानते हुए भी जेलेंस्की ने खुद को नाटो के करीब ले जाने की गलती की। अब फिनलैंड और स्वीडन भी वही गलती कर रहे हैं। वरना इन देशों को रूस की तरफ से कभी कोई खतरा नहीं रहा है क्योंकि रूस का रवैया ही शांतिप्रिय रहा है। वह अपने पड़ोसियों के साथ बेहतर और सामान्य संबंध कायम कर चलता है। पश्चिमी देशों के हथियार के बल पर जेलेंस्की कूद रहे हैं तो यह हथियार उनके लिए कितने दिन काम आयेंगे, यह तो उन्हें विचार करना है।

**खगोल विज्ञान** › उल्कापिंडों की दिशा बदलने का नया प्रयोग आज संपन्न

# अनगिनत रेडियो तरंगों की बौछार हुई पिंड पर

- एक सेकंड में 96 लाख तरंग बरसाये गये
- धरती को संकट से बचाने का नया अभियान
- परिणाम आने में अभी कुछ दिन और लगेंगे

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** खगोल वैज्ञानिकों ने आज एक अनोखा प्रयोग किया है। इस प्रयोग का अंतिम नतीजा समझने में अभी वक्त लगेगा क्योंकि इस प्रयोग के केंद्र में एक उल्कापिंड है। यह खगोलीय पिंड आकार में करीब पांच सौ फीट चौड़ा है और अभी धरती के सबसे करीब होने की वजह से उसे इस परीक्षण के लिए चुना गया था। प्रयोग के बारे में मिली जानकारी के मुताबिक 2010 एक्ससी15 नामक इस उल्कापिंड पर रेडियो तरंगों की बारिश की गयी है। इन तरंगों के जरिए हमलोग सुदूर महाकाश के खलोगीय पिंडों के अंदर भी झांक सकते हैं। अभी इस प्रयोग



›› पेज 2 भी देखें

**अभी इस उल्कापिंड के धरती से टकराने की कोई आशंका नहीं थी**

वैज्ञानिक आकलन के मुताबिक इस निर्धारित समय सीमा के भीतर उस पर 96 लाख खास श्रेणी के रेडियो तरंग टकराये हैं। अब इसका परिणाम क्या हुआ है, इसकी जांच का निष्कर्ष आने में वक्त लगेगा। वैसे वैज्ञानिकों ने स्पष्ट कर दिया है कि अभी इस उल्कापिंड के धरती से टकराने की कोई आशंका नहीं थी। फिर भी वह जिस धुरी पर घूम रही है, उसके मुताबिक वर्ष 2029 में इसके पृथ्वी की तरफ आने का खतरा है। जिस उल्कापिंड के पृथ्वी की तरफ आने का खतरा है, वह अपोपिस है। आकलन के मुताबिक आगामी 13 अप्रैल 2029 को यह धरती के काफी करीब होगा। आकलन के मुताबिक उस वक्त उसकी दूरी धरती से चांद की दूरी का दसवां हिस्सा रह जाएगा। इतनी कम दूरी में पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण उसे अपनी तरफ खींच सकता है। इसे खतरे को टालने के लिए यह नया प्रयोग किया गया है। यह जांचा जा रहा है कि लगातार रेडियो तरंगों की बारिश का उल्कापिंड पर क्या प्रभाव होता है। इसका परिणाम जानने के लिए वैज्ञानिकों को इंतजार करना पड़ेगा ताकि इस बात की पुष्टि हो सके कि वह उल्कापिंड अपनी धुरी से हटा है अथवा नहीं। इस काम को अंजाम देने के लिए वैज्ञानिकों ने एचएएआरपी हार्प यानी हाई फ्रीक्वेंसी ऑरोरल रिसर्च प्रोग्राम के रेडियो तरंगों का प्रयोग किया है। इन तरंगों का बारिश का सिर्फ उल्कापिंड की धुरी बदलने का प्रयोग ही नहीं है। इसके जरिए वे उस उल्कापिंड की भौतिक संरचना का भी पता लगाने वाले हैं। इस काम में एस बैंड और एक्स बैंड की तरंगों का प्रयोग किया गया है। इस बारे में नासा के वैज्ञानिक मार्क हेंस ने कहा कि यह बिल्कुल नया प्रयोग है।

गुवाहाटी में 53,490 रुपये नकद और एक करोड़ रुपये की हेरोइन के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

## म्यांमार सीमा के पास मोरेह में 12.60 करोड़ रुपये के ड्रग्स जब्त

भूपेन गोस्वामी

**गुवाहाटी:** असम राइफल्स के जवानों ने आज तड़के भारत-म्यांमार सीमा पर मणिपुर के मोरेह में अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 12.60 करोड़ रुपये मूल्य की 23.4200 किलोग्राम ड्रग्स बरामद कीं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक रक्षा बयान में कहा गया है कि असम राइफल्स की मोरेह बटालियन ने मोरेह में दलपति ग्राउंड (बॉर्डर पिलर 79 के पास) में नशीले पदार्थों की सीमा पार तस्करी को नाकाम कर दिया।दलपति ग्राउंड में मोरेह बटालियन द्वारा किए गए एक नियमित क्षेत्र के प्रभुत्व गश्त के दौरान, टीम ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को प्लास्टिक की बोरी के साथ भारत-म्यांमार सीमा पार करने की कोशिश करते हुए देखा।जब्त की गई ड्रग्स की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 12.60 करोड़ रुपये आंकी गई



›› पेज 2 भी देखें

## शहर >> अपडेट

### हेमंत सरकार के 3 साल में युवाओं के साथ हुआ विश्वासघात

**रांची:** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि हेमंत सरकार ने अपने 3 साल के कार्यकाल में सबसे ज्यादा झारखंड के युवाओं के साथ विश्वासघात किया है। नियोजन नीति, रोजगार, बेरोजगारी भत्ता के नाम पर युवा ठगे गये। मुख्यमंत्री ने एक साल में 5 लाख नौकरियां देने का वादा किया था, लेकिन 3 साल में महज साढ़े पांच सौ नियुक्तियां हुई हैं। आजसू पार्टी केंद्रीय कार्यालय में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सुदेश कुमार महतो ने सरकार के 3 साल पूरे होने पर आज जम कर हमला बोला। कहा कि सरकार ने तीन साल में जनादेश और जनभावना का अपमान किया है। संसाधनों की लूट मची है। सरकार झूठ पर झूठ बोले जा रही है। युवाओं को नौकरी मिलने के बजाए, उनके हाथ से नियुक्तियां निकली जा रही हैं। अखबारों में वेकैंसी, परीक्षाओं की सूचनाएं आती हैं, लेकिन इनकी लचर नीतियों की वजह से सब धरी रह जाती हैं।

**अवसर**

### सीएम ने तीन वर्षों की गिनायीं उपलब्धियां

# आदिवासियों, दलितों व पिछड़ों के हक और अधिकार के लिए किया काम:हेमंत सोरेन

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी सरकार के 3 वर्ष पूरे होने पर कई उपलब्धियां गिनायीं और विपक्ष के आरोपों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने अपने कार्यकाल में आदिवासियों, दलितों और पिछड़ों के हक और अधिकार के लिए कई काम किये। उन्होंने 1932 के खतियान आधारित स्थानीयता नीति को भी अपनी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि बतायी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने आवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे।

आदिवासी, पिछड़े और दलितों का आरक्षण बढ़ाने और 1932 खतियान आधारित स्थानीयता नीति संबंधी विधेयकों को लेकर विपक्ष के सवालों पर हेमंत सोरेन ने जवाब दिये। उन्होंने कहा कि बाहरी-भीतरी और आदिवासियों की राजनीति करने का आरोप लगता है, लेकिन हमारी राज्य के हर वर्ग के अधिकार और हक को सुरक्षित रखने के लिए मजबूत प्रहरी लगाने की मंशा है। झारखंड हाइकोर्ट में नियोजन नीति रद्द होने के बाद नियुक्ति और नियोजन के रास्ते खत्म होने के मामले पर कहा कि कोर्ट ने नियोजन नीति को निरस्त किया है। उसका कानूनी आकलन करेंगे। नौजवानों का भविष्य खराब ना हो, उनकी भी हमें चिंता है। आरक्षित लोग, बिना स्थानीयता नीति या नियोजन नीति के भी सुरक्षित हैं। कुछ त्रुटियां हैं उस पर विचार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा, जेल में कितने आदिवासी, पिछड़े और दलित बंद हैं? संविधान में उन्हें शक्तियां दी गई हैं। उन्हें संरक्षित किया गया है।

**जांच एजेंसियां विपक्षियों के ऊपर ज्यादा सक्रिय हैं, पक्ष पर कितनी कार्रवाई हुई ?**

ईडी, आइटी और सीबीआइ जैसी जांच एजेंसियों की कार्रवाई के सवाल पर हेमंत सोरेन ने कहा, जांच एजेंसियों का 0 l5 फीसदी है। जांच एजेंसियां विपक्षियों के ऊपर ज्यादा सक्रिय हैं। पक्ष पर कितनी कार्रवाई हुई? बोलने की जरूरत नहीं, सब कुछ स्पष्ट रूप से दिखता है। शुतुरमुर्ग जैसे सिर छुपा लेने से शरीर नहीं दिखता? जहां अरबों-खरबों का घोटाला हो रहा। बैंकों के हजारों करोड़ रुपये लेकर चंपत हो जा रहे हैं, उन पैसों का अता-पता नहीं। भगवान जाने 5 लाख करोड़ रुपये कब आयेंगे। यहां चवन्नी-अठन्नी ढूंढ़ने में लगे हुए हैं। राज्य में 100-200 छापों से क्या मिला। कुछ पैसे कहीं-कहीं मिले। पता चला कि बीजेपी के लोग हैं तो उन्हें छोड़ दिया। एजेंसियां ईमानदारी से काम करें तो हमें आपत्ति नहीं, लेकिन गलत तरीकों पर हमारी भी आपत्ति है।

**बूढ़ा पहाड़ की नक्सल से मुक्ति के लिए माइक्रो लेवल पर काम हुआ**

बूढ़ा पहाड़ की तरह राज्य के विभिन्न क्षेत्र नक्सलमुक्त के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बूढ़ा पहाड़ की नक्सल से मुक्ति के लिए माइक्रो लेवल पर काम हुआ है। उन्होंने कहा कि नक्सलियों का मनोबल टूट कर बिखर चुका है।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ओडिया आने का न्यौता



रांची: मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में ओडिसा के अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति विकास, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग तथा कानून मंत्री जगन्नाथ सारका ने मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने हॉकी विश्वकप (पुरुष) 2023 के शुभारंभ अवसर पर सम्मिलित होने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ओडिसा आने का निमंत्रण दिया।

## पेज एक का शेष

### कांग्रेस ने हमेशा किया .. ..

लोकहित में उठाया है। श्री खड़गे ने बाद में यहां पार्टी मुख्यालय में कांग्रेस स्थापना की 138वीं सालगिरह पर आयोजित समारोह में कहा कि आज ही के दिन 28 दिसंबर 1885 को मुम्बई में कांग्रेस पार्टी की नींव रखी गई थी। आजादी के बाद कांग्रेस पार्टी ने 75 वर्षों के सफर में आधुनिक भारत की सफलता की इबारत लिखी है। इस अवसर पर उन्होंने सेवादल के 100 साल पूरे होने पर संगठन की कार्यकर्ताओं को भी बधाई दी। उन्होंने कहा भारत की आजादी के आसपास कई दूसरे देश भी आजाद हुए थे। लेकिन बहुत से देश में सत्ता की बागडोर तानाशाही ने ले ली। भारत न सिर्फ सफल और मजबूत लोकतंत्र बना बल्कि कुछ ही दशकों में हम आर्थिक, परमाणु, मिसाइल, रणनीतिक क्षेत्र में सुपर पॉवर बन गये। आजादी के आंदोलन के दौरान ही कांग्रेस ने कराची प्रस्ताव पास किया और संविधान की मूल आत्मा कैसी होगी, ये तय कर दिया एवं योजना आयोग बना कर आजाद भारत में विकास का ब्लूप्रिंट तैयार कर लिया था। उन्होंने कहा कि जब देश स्वतंत्र हुआ तो मजबूती से आगे बढ़ता गया। सबको साथ ले कर चलता गया। लोकतंत्र की मजबूती के लिए पंडित नेहरु ने अपनी पहली कैबिनेट में 14 में से 5 मंत्री गैर कांग्रेसी दलों के बनाए। कांग्रेस नेता ने कहा कि सयुंक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार ने सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, खाद्य सुरक्षा, मनरेगा, भूमि अधिकार या भूमि अधिग्रहण कानून बनाया और कहा कि यह सब कांग्रेस की विचारधारा की छाप है जो उसने जनता पर छोड़ी है लेकिन आज भारत की मूल भावना पर प्रहार हो रहा है। नफरत की खाई देश भर में खोदी जा रही है। लोग महंगाई, बेरोजगारी से त्रस्त हैं, लेकिन सरकार को इसके बारे में कोई चिंता नहीं। कांग्रेस अध्यक्ष ने पार्टी नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की भी प्रशंसा की और कहा,'' कि इससे करोड़ों कार्यकर्ताओं को एक बार फिर से संजीवनी मिली है। यात्रा ने दिखा दिया है कि कांग्रेस की विचारधारा को देश में जबरदस्त समर्थन मिल रहा है और इससे आज हमारे विरोधियों में घबराहट पैदा हुई है। हम भारत के बेहतर भविष्य के लिये देशवासियों को इस संघर्ष में शामिल होने की विनती करते है, अपील करते हैं कि वह सब इस यात्रा में जुड़ें।

### धृतराष्ट्र को पीछे छोड़ .. ..

परिवार पालने में कोई दिक्कत नहीं होती थी। पहली पत्नी हनीफा से पहला बच्चा होने के बाद उनकी शादी का सिलसिला लगातार चलता रहा। जिस कारण अब पोते पोतियों की संख्या 568 पहुंच चुकी है। इन सभी का नाम भी मुसा को याद नहीं रहता है। उसकी पहली पत्नी के मुताबिक घर में वैसी कोई समस्या नहीं है। सभी लोग मिलकर रहते हैं। फिर भी गांव के मुखिया मुसा को अब घर चलाने के लिए आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी वजह से वह अब और संतान नहीं चाहते हैं। इसी सोच की वजह से अपनी पत्नियों से उन्होंने गर्भ निरोधक का इस्तेमाल करने को कहा है। ताकि और अधिक आर्थिक बोझ ना बढ़े। अभी की जरूरतें कैसे पूरी होंगी, यह मुसा की चिंता का बड़ा कारण बन गया है।

### त्रिपुरा में भाजपा को बड़ा झटका .. ..

ने दावा किया कि कांग्रेस और वाममोर्चा के बीच गठबंधन कोई नई बात नहीं है। उन्होंने कहा, कांग्रेस और वाममोर्चा के बीच संबंध कोई नई बात नहीं है। लेकिन आज यह जनता के सामने आ गया। लोग हमेशा उनके द्वारा मूर्ख और भ्रमित होते थे। लेकिन अब यह तय हो गया है कि लोग उन्हें वोट नहीं देंगे। उन्हें पश्चिम बंगाल से सबक सीखना चाहिए। वे बार-बार गलतियां कर रहे हैं। वे गलतियां कर रहे हैं क्योंकि उनके दिमाग में कुछ भी नहीं है। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ माणिक साहा ने आज दावा किया कि वाममोर्चा और कांग्रेस के पांच धड़ों के संयुक्त बयान ने आगामी विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा का रास्ता साफ कर दिया है क्योंकि लोग उन्हें कभी स्वीकार नहीं करेंगे। पत्रकारों से बात करते हुए सीएम डॉ. साहा ने दावा किया कि कांग्रेस और वाममोर्चा के बीच गठबंधन कोई नई बात नहीं है। उन्होंने कहा, कांग्रेस और वाममोर्चा के बीच संबंध कोई नई बात नहीं है। लेकिन आज यह जनता के सामने आ गया। लोग हमेशा उनके द्वारा मूर्ख और भ्रमित होते थे। लेकिन अब यह तय हो गया है कि लोग उन्हें वोट नहीं देंगे। उन्हें पश्चिम बंगाल से सबक सीखना चाहिए। वे बार-बार गलतियां कर रहे हैं। वे गलतियां कर रहे हैं क्योंकि उनके दिमाग में कुछ भी नहीं है। सीएम ने आगे कहा कि यह संयुक्त बयान अंततः सत्तारूढ़ भाजपा को विधानसभा चुनाव में मदद करेगा। डॉ साहा ने कहा, उनका संयुक्त बयान हमारी मदद करने वाला है और हमें फायदा होगा।

### अनगिनत रेडियो तरंगों की..

के दौरान यह उल्कापिंड धरती से चांद की दूरी से लगभग दोगुनी दूरी पर था। हार्प के जरिए उस पर 96 लाख रेडियो तरंगों की बारिश हर सेकंड हुई है। हर दो सेकंड के अंतराल में इसे दोहराया गया है। अब इसका परिणाम क्या हुआ है, उसे जानने के लिए नये आंकड़ों की प्रतीक्षा की जा रही है। दरअसल धरती के करीब ऐसे उल्कापिंडों की कमी नहीं है। जब छोटे आकार के उल्कापिंड अचानक धरती की तरफ आते हैं तो उनका अधिकांश हिस्सा आसमान मे ही जलकर राख हो जाता है। बड़े आकार के उल्कापिंडों के साथ ऐसा नहीं होता और वे धरती के लिए खतरा बनते हैं। कुछ साल पहले अचानक एक ऐसा ही उल्कापिंड रूस के एक शहर के पास आ गिरा था, जिससे अनेक लोग घायल हो गये थे। वैसे हम पहले से इस बात को जानते हैं कि दो बड़े उल्कापिंडों की गिरने से ही धरती पर से डायनासोर खत्म हो गये थे और नये सिरे से शीतकाल की शुरूआत हो गयी थी। इसलिए धरती की तरफ आने वाले उल्कापिंडों का रास्ता बदलने का प्रयोग लगातार जारी है। इसके पहले एक सैटेलाइट की टक्कर एक अन्य उल्कापिंड से करायी गयी थी, जिससे वह अपनी धुरी से हट गया था। अब रेडियो तरंगों का असर क्या हुआ है, इसका परिणाम आने में थोड़ा वक्त लगेगा। अगर यह प्रयोग सफल रहा तो धरती की तरफ आने वाले किसी भी ऐसे खगोलीय पिंड का रास्ता बदलने के लिए यह तरीका सबसे सुरक्षित साबित होगा। अगर परीक्षण असफल रहा तब भी ऐसे पिंडों के अंदर क्या कुछ है, उस बारे में जानकारी मिल जाएगी।

### गुवाहाटी में 53,490 रुपये.. ..

है। बयान में कहा गया है कि बरामद वस्तुओं को आगे की जांच और कार्यवाही के लिए मोरेह पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया है।

दूसरी ओर, गुवाहाटी पुलिस की एक टीम ने जालुकबारी के तेतेलिया इलाके से एक करोड़ रुपये की संदिग्ध हेरोइन के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक पुलिस सूत्र ने बताया कि उन्होंने इनपुट के आधार पर व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस ने बताया कि उन्होंने एक कार भी जब्त की है जिसका इस्तेमाल आरोपियों द्वारा ड्रग्स के परिवहन के लिए किया जाता था। आरोपी की पहचान कामरूप के चायगांव निवासी मो अलोम अली के रूप में हुई है।इनपुट के आधार पर पुलिस ने उसे टेटेलिया इलाके के पास से दबोच लिया और उसके किराए के एक फ्लैट की जांच करने पर टीम को एक करोड़ रुपये कीमत की 300 ग्राम संदिग्ध हेरोइन मिली। पुलिस को 53,490 रुपये नकद और कुछ वाहन नंबर प्लेट भी मिले। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आरोपी राज्य के अन्य हिस्सों में भी मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल था। जांच कराई जा रही है।

# पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर सफाईकर्मियों को कंबल भेंट

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 138 स्थापना दिवस पर राज्य की जनता को एवं कांग्रेस कार्यकताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।उन्होंने कहा कांग्रेस एक दल नहीं बल्कि एक विचार और आंदोलन का नाम है इसलिए 137 वर्ष बाद भी यात्रा अनवरत जारी है।

स्थापना दिवस के मौके पर प्रदेश कांग्रेस नेताओं ने सफाईकर्मियों को कंबल भेंट किया,भोजन कराया एवं उनके साथ स्थापना दिवस की खुशियां बांटी तथा फोटो खिंचाया,सेल्फी ली। प्रदेश कांग्रेस नेता आलोक कुमार दूबे ने कहा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अहिंसा, सर्वधर्म समभाव, न्याय और रचनात्मक कार्यक्रमों के द्वारा सामाजिक क्रांति की शुरूआत की।उनके नेतृत्व में न सिर्फ आजादी का आंदोलन अपने निर्णायक दौर पर पहुंचा बल्कि कांग्रेस को व्यापक जनाधार प्राप्त हुआ । पंडित जवाहरलाल नेहरू ने सामाजिक समरसता को अमलीजामा पहना कर ताजिंदगी समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति को तरक्की की धारा से जोड़ने का कार्य किया। नेहरू जी के बाद लाल बहादुर शास्त्री ने सत्ता की बागडोर संभाली और अपने छोटे से कार्यकाल में ही जय जवान जय किसान के नारे से पूरे देश में नया जोश भर दिया। शास्त्री जी के बाद इंदिरा गांधी जी ने एक दूरदर्शी कुशल शिल्पी की भांति समाजवाद के आदर्शों को भारतीय नागरिकों के स्वभाव के अनुकूल ढालने एवं समाज में व्याप्त सामाजिक आर्थिक असमानता को दूर करने का संकल्प व्यक्त कर उसे मूर्त रूप दिया। इंदिरा जी ने कांग्रेस संगठन को क्षमता वान और शक्तिशाली बनाया। राजीव गांधी जी ने भारत के समग्र विकास के प्रति संकल्प बद्ध नेता थे। भारत को तेजी से तरक्की के रास्ते पर आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने तमाम कदम उठाए। भारत का विकास ही उनका का एजेंडा था और विकसित आधुनिक भारत उनका सपना था। कांग्रेस नेता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा इंदिरा जी ने यह महसूस किया कि गरीबी, बेरोजगारी और असमानता के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए कांग्रेस की कार्यप्रणाली बदली जाए। उन्होंने कांग्रेसजनों से आग्रह किया कि वे अपने काम करने का ढंग बदलें और खेतों, खलिहानों, कारखानों और मजदूरों में इस बात का अहसास हो कि कांग्रेस का समाजवाद के लिए किया जाने वाला संघर्ष उनके लिए उनका अपना संघर्ष है। राजीव जी दुनिया से जल्दी विदा हो गए, लेकिन उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का बीड़ा श्रीमती सोनिया गांधी ने उठाया और उन्होंने गांधी जी, इंदिरा जी एवं राजीव जी की शहादत और राष्ट्र सेवा की उनकी विरासत को सहेजने-संवारने में स्वयं को समर्पित कर दिया।

## मुख्यमंत्री ने किया झारखंड राज्य खाद्य आयोग के कैलेंडर का अनावरण



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को आवासीय कार्यालय में झारखंड राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने झारखंड राज्य खाद्य आयोग द्वारा जारी वर्ष-2023 कैलेन्डर का अनावरण किया। आयोग द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के प्रावधानों और जनता को मिले इस निमित्त उनके अधिकारों से अवगत करने के लिये इस वर्ष कैलेंडर प्रकाशित कराई गई है। आयोग द्वारा जारी यह कैलेंडर राज्य के सभी पंचायतों के पंचायत भवन एवं सभी प्रखण्ड कार्यालय में लगाया जाना है। गंतव्य स्थान तक कैलेंडर पहुँचाने की प्रक्रिया मुख्यमंत्री के अनावरण के बाद प्रारंभ कर दिया गया है। कैलेंडर में जनवितरण प्रणाली के अन्तर्गत किस दर पर कितना अनाज मिलना है, विद्यालयों में मध्याह्न भोजन किस प्रावधान के तहत मिलना है, आंगनबाड़ी केन्द्रों में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत कौन सी योजनाएँ संचालित हैं, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के संदर्भ की जानकारी, एक राष्ट्र एक राशन कार्ड का विवरण उपलब्ध कराने के साथ-साथ राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत खाद्य सुरक्षा भत्ता की जानकारी भी उपलब्ध कराई गई है।

## सीएमपीडीआई कुछ परियोजनाओं में ड्रोन का उपयोग कर रहा

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** सीएमपीडीआई ने गवेषण की गति बढ़ाने के लिए कोयले की खोज में लगभग 1000 मीटर की गहराई तक 2डी/3डी सिस्मिक सर्वे और डेटा अधिग्रहण शुरू किया है। विभागीय संसाधनों से 2डी/3डी सिस्मिक सर्वे पर बल दिया गया है। 2022 के दौरान विभागीय संसाधन द्वारा लगभग 70 लाइन कि0मी0 सिस्मिक सर्वे किया गया है और वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान लगभग 180 लाइन किमी सिस्मिक सर्वेक्षण किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। वर्ष 2022 के दौरान लगभग 6.61 लाख मीटर ड्रिलिंग की गई है। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान लगभग 7 लाख मीटर ड्रिलिंग का लक्ष्य रखा गया है। 30 भूवैज्ञानिक रिपोर्टों के माध्यम से लगभग 435 वर्ग किमी के क्षेत्र को कवर करते हुए विस्तृत गवेषण के माध्यम से प्रमाणित श्रेणी में लगभग 13.5 बिलियन टन कोयला संसाधन जोड़े गए। नेशनल मिनरल एक्सप्लोरेशन ट्रस्ट (एनएमईटी) के वित्त पोषण के माध्यम से ड्रिलिंग के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। एनएमईटी को वर्ष 2022 में 12 ब्लाकों में गवेषण प्रस्ताव प्रस्तुत किए गया है। नई तकनीकी अपनाने में, सीएमपीडीआई ने सीआईएल में सर्वेक्षण और मानचित्रण अनुप्रयोगों के लिए ड्रोन पेश किए हैं। सीएमपीडीआई के पास दो सर्वे ग्रेड ड्रोन हैं जो लिडार, ऑप्टिकल और थर्मल सेंसर से लैस हैं। यह वर्तमान में एसईसीएल, बीसीसीएल, सीसीएल और एमसीएल में विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए उपयोग किया जा रहा है। 12 ड्रोन सेवा प्रदाताओं को सीएमपीडीआई द्वारा गुणात्मक मूल्यांकन के आधार पर सूचीबद्ध किया गया है ।

## सीसीएल में संगोष्ठी आज

रांची: सीसीएल मुख्यालय के मानव संसाधन विभाग में गुरुवार को संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मानव संसाधन पर प्रभाव और ह्यन्?यू वेज कोड पर चर्चा होगी। संगोष्?ठी का आयोजन सीसीएल एवं एनआईपीएम के संयुक्?त तत्?वावधान में किया गया है। संगोष्?ठी में सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) और एनआईपीएम की रांची चैप्?टर के अध्?यक्ष हर्ष नाथ मिश्र एवं सीएमपीडीआई के पूर्व महाप्रंधक (कार्मिक) एनके ओझा मुख्?य वक्?ता होंगे। इस अवसर पर सीसीएल, सीएमपीडीआई एवं अन्?य सार्वजनिक प्रतिष्?ठानों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।संगोष्?ठी का पंजीकरण 1.30 बजे अपराह्न से किया जायेगा। संगोष्?ठी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मानव संसाधन पर प्रभाव और न्?यू वेज कोड पर विस्?तार से चर्चा की जायेगी।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने अपने संगठनात्मक कार्यक्रमों किया साझा

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अपने गौरवशाली इतिहास के 137 वर्ष पूरे करने के उपरांत आज 138 वर्ष में कदम रख रही है। इस अवसर पर हमें पार्टी की छवि और हमारे नेताओं की गौरवशाली विरासत को पेश करने का अवसर मिलता है। वो पार्टी जिसने हमारे देश में लोकतंत्र की स्थापना की और हमें इस धरोहर पर गर्व है। 137 वर्ष की निस्वार्थ सेवा लोगों की प्रगति के लिए 137 साल की प्रतिबद्धता अपने लोगों को प्राथमिकता देने का संकल्प लेने के लिए युगों से लेकर आज तक राज्य के हर कांग्रेसी को हमारा सलाम और अभिवादन। उक्त बातें प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बुधवार को संवाददाताओं से बातचीत में कही। अपने संदेश में कहा कि हमारी गंगा-यमुनी संस्कृति को मिटाने की कोशिश हो रही है। देश का आम नागरिक असुरक्षित महसूस कर रहा है।

लोकतंत्र और संविधान को दरकिनार किया जा रहा है और इतिहास को झूठलाया जा रहा है। ऐसे में हमारा दायित्व देश के लिए और बढ़ जाता है और आज हम यह शपथ लेते हैं कि इस दायित्वों को हम पूरी जिम्मेवारी के साथ निभायेगे। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष के तौर पर कामकाज संभालने के बाद किये गये संगठनात्मक कार्यक्रम के संबंध में बताया कि राज्य के सभी जिलों में जन-जागरण अभियान का आयोजन किया गया। बंग्लादेश मुक्ति संग्राम 1971 की 50वीं वर्षगांठ पर राज्य व जिला स्तर पर कई कार्यक्रम आयोजित की गई। जिलाध्यक्षों, फ्रंटल विभागों एवं राज्य के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की तथा पारसनाथ में तीन दिवसीय चिंतन शिविर। उन्होंने कहा कि सभी जिला मुख्यालयों में डिजिटल सदस्यता का शुभारंभ।

**कार्यक्रम**

### प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनाया गया 138 वां स्थापना दिवस

# झारखंड में निकाली गयी उपयात्रा की चर्चा देशभर में: राजेश ठाकुर

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची :** कांग्रेस के 138वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मुख्यालय कांग्रेस भवन, रांची में पूर्वाह्न 10:30 बजे प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। सर्वप्रथम सेवादल की प्रदेश मुख्य संगठक नेली नाथन द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को गॉर्ड ऑफ ऑनर पेश किया गया। इसके उपरांत ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर कांग्रेस भवन को आकर्षक ढंग से सजाया गया, मिठाईयां बांटी गयी एवं एक-दूसरे को बधाई दी गयी। कांग्रेस का 138 वां स्थापना दिवस राजधानी रांची सहित राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में धूमधाम से मनाया गया एवं इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों को कांग्रेस स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज का दिन हमलोगों के लिए गौरव का दिन है, इसी कांग्रेस की स्थापना के बाद देश को आजादी मिली थी। देश की आजादी की गौरव इतिहास है उसमें कहीं न कहीं कांग्रेस का स्पष्ट योगदान दिखाई पड़ता है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने देश को बनाया है और आज जिस हालात से गुजर रही है उसे बचाने की जिम्मेवारी हमारी है। आज बहुत ही महत्वपूर्ण दिन है हम लोगों को संकल्प लेना होगा कि संगठन को मजबूत कर कांग्रेस से जो लोगों की उम्मीद है उपर खरा उतरना होगा। सच पूछिए पिछले 07-08 वर्षों में देश में नफरत का माहौल, बेरोजगारी, निराशा का माहौल जो उत्पन्न हुई वह चिन्ता का विषय है। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस के नेताओं, कांग्रेसजनों के अथक प्रयास से झारखंड की चर्चा देश भर में हो रही है। इस अवसर पर प्रदेश कॉग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, अनादि ब्रहम, केशव महतो कमलेश, संजय लाल पासवान, अमुल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, अशोक चौधरी, राणा संग्राम सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, डॉ एम तौसीफ, डॉ राकेश किरण महतो, आभा सिन्हा, अनवर अंसारी, मदन मोहन शर्मा, आलोक तिवारी, विनय सिन्हा दीपू, शाहबाज अहमद, नेली नाथन, धर्मराज राम, सुंदरी तिर्की, सुरेश कुमार, अभिलाष साहु, केदार पासवान, अमरेन्द्र सिंह, सुनील सिंह, जितेन्द्र त्रिवेदी, एनूल हक फुलजेंसिया विलूंग, छोटू सिंह, अर्चना मिर्धा, प्रभात कुमार, नीलम सहाय, रामानंद केशरी सहित कई कांग्रेसजन शामिल थे।

## एनएसयूआई ने डीपीटीएस कॉलेज में की बैठक

**चकिया पू चंपारण :** शहर के केसरिया रोड स्थित डीपीटीएस कॉलेज परिसर में बुधवार को एनएसयूआई के प्रदेश सचिव सन्नी कुमार के अध्यक्षता में संगठन विस्तार के लिए एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन के विस्तार व मजबूती के लिए विस्तृत रूप से चर्चा हुई जिसमे सर्वसम्मति से निर्णय लेकर डीपीटीएस कॉलेज के अध्यक्ष पद पर हर्ष कुमार व उपाध्यक्ष पद पर अभिषेक कुमार तथा सचिव पद पर आदित्य कुमार को मनोनीत किया गया। साथ हीं सभी मनोनितों को एनएसयूआई के प्रदेश सचिव ने प्रमाण पत्र सौंपा। साथ ही बैठक में कॉलेज के कई शुल्कों में वृद्धि से विद्यार्थियों को हो रही समस्या से कैसे निजात मिले इस पर विचार विमर्श किया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष आशिक जमाल, विवेक कुमार, विकास कुमार, रॉनी, राज गुप्ता, सहित अन्य छात्र मौजूद थे।

# पटना नगर निकाय चुनाव 2022 शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न, कल पटना को मिल जाएगा नया मेयर

## उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और भाजपा सांसद रवि शंकर प्रसाद ने किया मतदान

रुपेश रंजन सिन्हा

**पटना :** पटना नगर निगम चुनाव की प्रक्रिया संपन्न हो गया। शांतिपूर्ण रहा मतदान लोगों ने उत्साह से किया मतदान। राजभवन के पास स्थित मध्य विद्यालय आदर्श मतदान केंद्र पर राज्यपाल फागू चौहान ने वोट डाला। उन्होंने कहा की अधिक से अधिक लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करें। दोपहर बाद सीएम नीतीश कुमार भी वोट डालने पहुंचे। जिला निर्वाचन अधिकारी सह डीएम चंद्रशेखर सिंह ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। वहीं निवार्ची अधिकारी डीडीसी तनय सुल्तानिया कंट्रोल रूम से मतदान का जायजा लेते रहे। बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने पटना में वेटरनरी कॉलेज में स्थानीय निकाय चुनाव के लिए मतदान किया। वहीं, भाजपा सांसद







रवि शंकर प्रसाद ने भी राजधानी में स्थानीय निकाय चुनाव के लिए मतदान किया। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह सांसद व पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री राधामोहन सिंह मोतिहारी में निगम की सरकार चुनने के लिए अपने मत का प्रयोग करने पहुंचे। शहर के ईदगाह स्थित मतदान केंद्र पर वे आम मतदाताओं के साथ कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। राजधानी पटना में 32 उम्मीदवार मेयर पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। दलीय आधार पर चुनाव नहीं होने के बावजूद जहां बीजेपी सीता साहू के लिए पूरी ताकत लगाई है। वहीं, सरिता नोपानी के लिए जनता दल यूनाइटेड की तरफ से ताकत लगाई गई है। इसके अलावा अफजल इमाम की पत्नी मजहबी के लिए आरजेडी ने भी ताकत लगाई है। सरिता नोपानी कमल नोपानी की पत्नी हैं। जो जदयू व्यवसायिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष हैं। सरिता नोपानी ने बातचीत में कहा कि लोगों का सपोर्ट मिल रहा है। हम लोगों ने जो काम किया है, उस पर भरोसा है। वोटिंग में कुछ गड़बड़ी हो रही है। नगरपालिका आम निर्वाचन 2020 के दूसरे चरण में पटना नगर निगम में मतदान शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा है। अचानक बढ़ी ठंड के कारण शुरूआत के तीन चार घंटे मतदान की गति धीमी रही।

## एक नजर



बीजेपी सांसद रामकृपाल यादव ने मतदान केंद्र पर पहुंचकर वोट दिया और लोगों से मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मेयर का चुनाव सीधे तरीके से चुनने से विकास कार्य रुकेगी नहीं



राजधानी पटना के बेली रोड स्थित राजभवन मध्य विद्यालय आदर्श मतदान केंद्र पर कड़ाके की ठंड में एक महिला अपने एक माह के बच्चे को गोद में लेकर वोट डालने पहुंची।



कल कास्ट कॉन्फ्रेंस के बिहार प्रदेश अध्यक्ष दीपक अभिषेक ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया



पटना साहिब क्षेत्र के लोकसभा सांसद रविशंकर प्रसाद ने पीएनटी कॉलोनी में मतदान किया



पूरव केंद्रीय मंत्री डॉ सीपी ठाकुर एवं राज्यसभा सांसद ववकि ठाकुर ने पटना में मतदान कयिा

## बिहार शिक्षा परियोजना के द्वारा शिक्षको का एक दिवसीय प्रशिक्षण हुआ जारी

राष्ट्रीय खबर

**सुगौली,पू.च:** बिहार शिक्षा परियोजना के द्वारा शिक्षको का एक दिवसीय प्रशिक्षण जारी है।सुगाव के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में यह प्रशिक्षण चलाया जा रहा है। मुख्य मंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम लोक भागी दारी एवं मीडिया सम्भाग के विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम अंतर्गत विद्यालय सुरक्षा से संबंधित कोविड19 सहित अन्य आपदा से बचाव के लिए यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है।प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रामविजय यादव ने बताया कि प्रखंड के विद्यालय मे पदस्थापित 752 शिक्षकों को यह ट्रेनिंग दी जा रही है।50-50 के दो बैचों मे प्रशिक्षण मे शिक्षक



सामिल हो रहे हैं।प्रशिक्षक अभय कुमार कापर सहित अन्य लोग प्रशिक्षण दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षकों को कोविड़19 से बचाव और सुरक्षा के तरीके बताए जा रहे हैं।भुकंप,बाढ़,महामारी सहित अन्य तरह की प्राकृतिक आपदाओं से बचने के तरीके बताए जा रहे हैं। प्रशिक्षण लेकर शिक्षक अपने अपने विद्यालयों मे बच्चों को प्राकृतिक आपदाओं के समय अपनी रक्षा और बचाव के तरीके बताएगे।यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 31 दिसंबर तक चलेगा।

## पहली बार मतदाताओं ने मेयर और डिप्टी मेयर पद के लिए दिया वोट

राष्ट्रीय खबर

**गया :** नगर पालिका आम निर्वाचन 2022 का चुनाव बुधवार को शहरी क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। सुबह 7:00 बजे से शहर के 53 वार्डों में मेयर,डिप्टी मेयर एवं वार्ड पार्षद के लिए मतदान करने का सिलसिला शुरू हो गया जो देर शाम 5:00 बजे तक चलता रहा। निकाय चुनाव के मतदान में पुरुषों के मुकाबले महिलाएं आगे रही। शहरी क्षेत्र में कुल 63.62 फीसदी मतदान हुआ जिसमें पुरुषों ने 62.55 प्रतिशत एवं महिलाओं ने 63.45 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। शुरूआती दौर में ठंड के कारण थोड़ी मतदान का प्रतिशत कम रहा।लेकिन दिन ढलते ही



मतदाताओं की संख्या बूथों पर दिखाई दी। शहरी क्षेत्र के सभी बूथों पर पुलिस बलों की तैनाती की गई थी। मतदान केंद्रों के अंदर मोबाइल फोन ले जाने पर प्रतिबंध लगाए गए थे।पुलिसकर्मी एक-एक मतदाताओं का मतदाता पर्ची जांच कर मतदान केंद्र में प्रवेश करवा रहे थे। नगर निकाय के वार्ड नंबर 1 से 53 तक के मतदान केंद्रों पर मतदाताओं का उत्साह देखते ही बना पहली बार शहरी मतदाताओं ने मेयर और डिप्टी मेयर को अपना मत दिया। कई जगहों पर फर्जी मतदान करने की शिकायत मिली। पुलिस के वरीय अधिकारी ने संज्ञान लेते हुए छानबीन की। शहर के वार्ड नंबर 13 स्थित चंद्रशेखर जनता कॉलेज में गड़बड़ी की शिकायत मिलने पर सिटी डीएसपी पारसनाथ साहू सीआरपीएफ जवान के साथ कैंप किए हुए थे।

## पटना में बीच सड़क पर वोटिंग, नहीं मिला भवन तो चुनाव आयोग ने लगाया जुगाड़

राष्ट्रीय खबर

**पटना:** पटना से जहां नगर निकाय के चुनाव के दौरान ही एक ऐसा पोलिंग बूथ सामने आया है जो बीच सड़क पर ही बनाया गया है। बताया जा रहा है कि भवन नहीं होने के कारण कई पोलिंग बूथ को सड़क पर ही अस्थाई रूप से शुरू किया गया है। सभी पोलिंग बूथों पर इस कड़ाके की ठंड के बीच जनता वोटिंग के लिए पहुंचे। मामला पटना के शिवपुरी इलाके का बताया जा रहा है जहां वोटिंग के लिए पोलिंग बूथ को भवन नहीं होने के कारण सड़क पर ही अस्थाई रूप से चलंत मतदान केंद्र बनाया गया हैं। पटना के शिवपुरी में अटल पथ के नीचे ही बीच सड़क पर ही वार्ड 7 का मतदान केंद्र बनाया गया है। बता




दें कि पटना समेत कुल 17 नगर निगम, दो नगर परिषद और 49 नगर पचांयतो में बुधवार सुबह 7 बजे से वोटिंग की जा रही थी। इस चुनाव में वार्ड पार्षद के लिए 1529 , मेयर के लिए 68 एवं डिप्टी मेयर के लिए 68 पद निर्धारित हैं। 70 वर्षों में पहली बार ऐसा हो रहा है जब जनता सीधे अपना मेयर चुनेगी। वोटिंग को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से कुल 7084 बूथों की स्थापना की गयी है। हर बूथ पर छह-छह मतदान कर्मी तैनाती की गई है। आयोग की ओर से सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि मतदाताओं की पहचान के लिए डिजिटल फोटोग्राफी सर्विलेंस तकनीक का उपयोग भी किया जा रहा है।

## फर्जी वोटर को लोगों ने पकड़ा, बूथ पर जमकर हुआ तू-तू मैं-मैं

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** पटना नगर निगम चुनाव 2022 में धीमी वोटिंग के बीच फर्जी वोटर मिलने से मतदान केन्द्र पर हड़कंप मच गया। वार्ड 16 के बूथ पर इसे लेकर हंगामा देखने को मिला। लोगों के बीच जमकर तू तू मैं मैं हुआ है। पटना के गर्दनीबाग वार्ड नंबर 16 से ये खबर सामने आयी है। जहां एक शख्स के वोट देने के बाद जब लोगों को शक हुआ कि ये फर्जी वोटिंग कर रहे हैं तो लोगों ने हंगामा खड़ा कर दिया। वोट देने के बाद वह बुजुर्ग शख्स जल्दबाजी में बाइक से भागने की कोशिश करने लगा। लेकिन बूथ पर मौजूद लोगों ने उस शख्स को चारों तरफ से घेर लिया। लोगों ने बताया कि जो शख्स फर्जी वोटिंग करते पकड़ा गया है वह बिहटा का रहने वाला है। लोगों ने उसके





पास से वोटर पर्ची और वोटर आईडी कार्ड भी बरामद किया। हालांकि हंगामे और मौके पर पहुंची पुलिस के बीच बचाव के बीच वह शख्स मौके से निकल भागने में कामयाब हो गया। हालांकि इसे लेकर काफी देर तक बूथ पर तू-तू मैं-मैं होती रही।

## मतदान करने में पुरुषों के मुकाबले महिलाएं रही आगे, गया में 63.62 प्रतिशत हुआ मतदान

### वोट देने एक साथ पहुंची सास-बहू, देवरानी-जेठानी

### कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान संपन्न

राष्ट्रीय खबर

**गया:** शहर के कई वार्डों में एक-एक पिंक बूथ बनाए गए थे।इन पिंक बूथों पर केवल महिला कार्मिक व पुलिस बल तैनात रहे।बूथों पर पीठासीन अधिकारी, मतदान पदाधिकारी एवं महिला पुलिसकर्मी मतदान प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने में पूरी मुस्तैदी के साथष दिखें। सभी पिंक बूथों को गुलाबी गुब्बारे और रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया था। यहां पहुंचने वाली महिलाओं को फूल देकर स्वागत किया गया।इन बूथों पर सजावट की गई थी। बूथों पर पिंक ड्रेस कोड,सुरक्षा,स्वच्छ पेयजल, शौचालय, सेल्फी प्वाइंट, महिलाओं के बैठने के लिए कुर्सियों की व्यवस्था की गई थी। उत्साह से लबरेज महिलाएं टोली बनाकर पहुंची।आधी आबादी ने अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए वार्ड पार्षद, मुख्य पार्षद एवं उप मुख्य पार्षद के लिए पूरे उत्साह के साथ मतदान में हिस्सेदारी निभाई।घूंघट की ओट से महिलाओं ने लोकतंत्र का दीदार



कर इसे सशक्त बनाने को बढ़-चढ़कर मतदान किया। शहरी क्षेत्र में कुल 63. 62 प्रतिशत मतदान हुआ। जिसमें पुरुषों ने 62.55% एवं महिलाओं ने 63.45 प्रतिशत मतदान की। मतदान करने में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं की अच्छी भागीदारी रही। सास-बहू,देवरानी,जेठानी एक साथ आस-पड़ोस की महिलाओं की टोली बनाकर परिवार जनों के साथ राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय मतदान केंद्र पर पहुंची। लोकतंत्र का फर्ज निभाने पहुंची गंगा महल की रहने वाली अन्नू गुप्ता ने वोट डालकर खुशी जताई।उन्होंने कहा कि महापर्व पर मतदान करने में महिलाएं फिर से आगे आ रही है। हमने अपना फर्ज निभा कर स्वच्छ जनप्रतिनिधि चुनने के लिए वोट दिया है। अंजली मिश्रा ने कहा कि शहर में बेहतर सुविधाएं मिलनी चाहिए इसी पर मैंने वोट दिया है। मैं चाहती हूं कि गया शहर का विकास हो।

## डीएम एवं एसएसपी ने विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

### डीएम के सख्ती के कारण बेबस दिखे उपद्रवी

राष्ट्रीय खबर

**गया :** जिले में नगर निकाय चुनाव के द्वितीय चरण का मतदान बुधवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। डीएम डॉ त्यागराजन एसएम एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने मतदान के दौरान नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर शांतिपूर्ण माहौल में किए जा रहे मतदान, विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस लाइन के शहीद आरक्षि मध्य विद्यालय मतदान केंद्र, गेवालबीघा खलिशपार्क के चलंत मतदान केंद्रों का जायजा लेते हुए हादी हासमी में किये जा रहे मतदान का जायजा लिया।इसके उपरांत



उन्होंने बाटा मोड़ में बनाए गए मतदान केंद्र का जायजा लिया। इसके उपरांत रेलवे स्टेशन से तेलविगहा से रंग बहादूर रोड के मतदान केंद्रों का जायजा लिया। उसके पश्चात चंद्रशेखर जनता कॉलेज में बनाए गए मतदान केंद्रों का जायजा लिया। इसके उपरांत इकबाल नगर कब्रिस्तान के मतदान केंद्र का जायजा लिया। इसके उपरांत मानपुर पूल होते हुए श्याम बाबू प्लस टू उच्च विद्यालय सन्यास आश्रम बुनियादगंज मतदान केंद्र का जायजा लिया। इसके उपरांत जगजीवन कॉलेज के पुराने भवन में बनाए गए मतदान केंद्र का जायजा लिया। इसके पश्चात बाईपास मंगला गौरी गोदावरी समीर तकिया दुर्गा स्थान होते हुए पुनः गेवाल विगहा अवस्थित बनाए गए चलंत मतदान केंद्र का जायजा लिया। सभी मतदान केंद्रों पर जाकर डीएम ने मतदाताओं से रैंडमली आई कार्ड से मतदाता की मिलान किया तथा उनसे नाम पता कि भी पूछताछ की गयी। उन्होंने मतदान केंद्रों के क्षेत्रों का भी घूम घूम कर देखा। उन्होंने संबंधित पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया कि मतदान केंद्र के 200 मीटर के दायरे में कोई जमावड़ा ना रहे, यह सुनिश्चित कराएं। जहां भी अनावश्यक भीड़ देखा जिला पदाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा पुरे एरिया का पैदल मार्च किया तथा लोगों को अपने अपने घरों में जाने की अपील की गई।इस दौरान उन्होंने कहा कि कुल 3 नगर निकाय चुनाव के द्वितीय चरण का मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। चंद्रशेखर जनता कॉलेज मतदान केंद्र पर गड़बड़ी की सूचना पर पुलिस ने सीआरपीएफ जवान को तैनात कर दिया था।

## करारिया पंचायत में जरूरतमंदों के बीच वितरण किया गया कंबल

**कोटवा पू चंपारण:** प्रखंड अंतर्गत कररिया पंचायत के ब्रह्म स्थान परिसर में बुधवार को समाजसेवी अजय सिंह एवम उनकी पत्नी वीना देवी के द्वारा लगभग 200 जरूरतमंद लोगो के बीच कंबल का वितरण किया गया। अजय सिंह ने बताया कि शीतलहरी एवम ठंड को लेकर वृद्ध एवम जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया है और आगे भी जारी रहेगा। सिंह ने बताया कि समाज सेवा करने से हमारे दिल को सकून मिलता है आज मैं जिस मुकाम पर हूं लोगो के प्यार और आशीर्वाद का ही फल है।मौके पर जिला उपाध्यक्ष जनजन पार्टी पूर्वी चंपारण अवनीश कुमार तिवारी, युवा जिला अध्यक्ष नवयुवक सेना संदीप यादव,गुलशन कुमार, त्रिभुअन सिंह,लड्डू सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### कांग्रेस एक विचारधारा है- भाई उत्कर्ष

**बगहा :** किसान कांग्रेस बगहा ने बुधवार को कांग्रेस पार्टी का १३८वा स्थापना दिवस नगर के शास्त्री नगर में बनाया! जिलाध्यक्ष भाई उत्कर्ष ने बताया की आज के ही दिन १८८५ में कांग्रेस पार्टी की स्थापना हुई थी, कांग्रेस ने हमारी आजादी में मुख्य भूमिका निभाई थी, इसमें सभी वर्गो के हितों की बात हमेशा की गई है! देश के तरक्की में इस पार्टी ने बहुत कार्य किए,इस पार्टी ने देश को आत्मनिर्भर बनाने का भी कार्य किया,इस पार्टी ने सरदार पटेल,नेहरू, सुभाष,राजेंद्र प्रसाद आदि नेताओ को दिया! इस अवसर पर बच्चो में मिठाई बाटी गई और पार्टी के विचारों को बताया गया!इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष अनिरुद्ध जायसवाल अल्पसंख्यक के जिलाध्यक्ष हलिम अख्तर ,युवा कांग्रेस से ओमप्रकाश,राजदेव,अंश अख्तर,सावन कुमार महिला कांग्रेस से रीता देवी,मुन्नी कुमारी,नुसरत आदि लोग उपस्थित थे।

# किसानों की समस्याओं को लेकर वाल्मीकि नगर सांसद सुनील कुमार ने एसडीएम के साथ की बैठक

### एसडीएम ने मिल प्रतिनिधियों को किसानों की समस्याओं पर सुधार का दिया सख्त निर्देश

राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** बाल्मीकिनगर सांसद सुनील कुमार की पहल पर बुधवार को बगहा एसडीएम डॉ0 अनुपमा सिंह के कार्यालय में गन्ना किसानों और चीनी मिल प्रबंधन के बीच बैठक हुई। जिसमें किसानों और मिल संबंधी कई समस्याओं के साथ अन्य बिंदुवार विचार किया गया। एसडीएम ने गन्ना किसानों की बातों को बहुत गौर से सुना और मिल प्रतिनिधियों को हर हाल में स्थिति में सुधार के निर्देश दिए। तमाम शिकायतों के समाधान के रूप में बैठक में लिए गए कई प्रस्ताव पर विचार करने का भरोसा मिल प्रबंधन ने दिया। एसडीएम डॉ0 सिंह ने किसानों की सबसे बड़ी समस्या चालान वितरण में पूरी तरह पारदर्शिता




बरतने, कैलेंडर बनाकर दो दिन पर डाक निकालने और हर दूसरे दिन सारा डाटा उपलब्ध कराने के सख्त निर्देश दिया।गन्ना किसानों के हित में और भी कई महत्वपूर्ण निर्णयों पर सहमति बनी जिनमें उत्तरप्रदेश का गन्ना बंद कर रिजर्व क्षेत्र को प्राथमिकता देना, जाम से मुक्ति हेतु गन्ना ट्रेलर 24 घंटा पर फ्री करना, दियारा क्षेत्र का गन्ना समय से गिर जाये इसके लिए इस एरिया के चालान में 20 प्रतिशत की वृद्धि, एक पूछताछ काउंटर और बढ़ाकर दो करना, 15 जनवरी के बाद जेनरल किस्म का गन्ना लेना, 31 जनवरी तक पूरी तरह से खूंटी गन्ना ले लेना, घटतौली की शिकायत दूर करना, जिन कर्मियों के खिलाफ शिकायतें मिल रहीं उनके विरुद्ध कार्रवाई करना और बिचौलियों की व्यवस्था खत्म करना आदि प्रमुख रूप से शामिल हैं। मिल प्रबंधन ने भरोसा दिया कि आगे से शिकायत नहीं मिलेगी। किसान भी निर्धारित वजन से अधिक गन्ना ट्रेलर पर लादकर न भेजें।बैठक में तिरुपति सुगर्स मिल की तरफ से एजीएम एनपी सिंह, एचआर त्रिपुरारी शरण, बेतिया और बगहा दोनों के प्रभार में ईंख पदाधिकारी त्रिपुरारी कुमार, किसानों की तरफ से सभापति प्रतिनिधि अमित कुमार गुप्ता उर्फ पप्पू गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि बबुआजी सिंह, जदयू नेता राकेश सिंह, राजद नेता मुकेश कुशवाहा, दयाशंकर सिंह, श्यामू पांडे, किसान संघ के अध्यक्ष छोटे श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष रामबेलास सिंह, उमा यादव, भाजपा नेता संजय पांडे, अम्बिका कुशवाहा, सुरेंद्र यादव, बिंध्याचल यादव, उमाशंकर पटेल, नागेंद्र सिंह, जीतेन्द्र राम, कुंदन सिंह, बिहारी कुशवाहा, मिथलेश पटेल, मनीष कुमार, एहतेशामूल हक, शंभू सहनी आदि उपस्थित रहे। इस प्रयास के लिए गन्ना किसानों ने स्थानीय सांसद और अनुमंडल पदाधिकारी को धन्यवाद दिया है।

## जिला स्थापना के 148 वें वर्ष पर होगा विशेष कार्यक्रम



राष्ट्रीय खबर

**मुजफ्फरपुर :** जिला स्थापना के 148 वें वर्ष के अवसर पर पहली बार स्थापना दिवस समारोह आयोजन को लेकर कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला पदाधिकारी प्रणव कुमार ने संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक की। कार्यक्रम में निर्णय लिया गया कि सुबह प्रभात फेरी से इसकी शुरूआत की जाएगी। 10.30 बजे समाहर्ता निवास के निकट अमृत महोत्सव पार्क से प्रारंभ होकर सैरैयागंज टावर ,कोषागार कार्यालय होते हुए भारत माता नमन पार्क में विसर्जित होगा। इस फेरी में जीविका,शिक्षा एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी भागीदार बनेंगे।वही 11.30 बजे पूर्वाह्न दीप प्रज्जवलन, और गुब्बारा छोड़ने का कार्यक्रम होगा। शाम में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन जुब्बा सहनी ऑडिटोरियम में अपराह्न 05 बजे से होगा। जिसमें रंगारंग प्रस्तुति की जाएगी। इस मौके पर समाहरणालय भवन और परिसर को रंगीन प्रकाश से सुसज्जित भी किया जायेगा। शहर के चौक चौराहे पर कार्यक्रम संबंधी डिजिटल डिस्प्ले की भी व्यवस्था की जाएगी। बैठक में डीडीसी, एडीएम दोनो एसडीओ, खेलपदाधिकारी, पंचायत राज पदाधिकारी डीपीआरओ उप निर्वाचन पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## एसडीएम ने मिश्रौली स्टार्टअप जोन सहित विभिन्न स्थलों का किया निरीक्षण



### जिला से आए अधिकारियों सहित रामनगर एसडीपीओ, बगहा बीडीओ व सीओ रहे मौजूद।

राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** बुधवार के दिन जिला से आए अधिकारियों के साथ बगहा अनुमंडल अधिकारी अनुपमा सिंह ने प्रखंड बगहा दो अंतर्गत जरार पंचायत के मिश्रौली स्थित स्टार्टअप जोन का भौगोलिक व जमीनी निरीक्षण किया। जिला से आए अधिकारियों तथा एसडीएम के साथ रामनगर एसडीपीओ सत्यनारायण राम, बगहा दो प्रखंड विकास पदाधिकारी जय राम चौरसिया, बगहा दो अंचल अधिकारी दीपक कुमार लौकरीया थाना अध्यक्ष अभय कुमार सहित तमाम अधिकारी मौजूद थे।

बगहा अनुमंडल अधिकारी अनुपमा सिंह ने बताया कि जिला से अधिकारियों की टीम आई हुई थी। जिनके साथ क्षेत्र का भ्रमण किया गया। मिश्रौली में स्टार्टअप जोन के लिए पूर्व चल रही तैयारियों का जमीनी व भौगोलिक जायजा लिया गया। उन्होंने कहा कि थरूहत क्षेत्र के विकास के लिए लगातार काम किया जा रहा है। जिसका नतीजा आने वाले कुछ वर्षों में देखने को मिलेगा तथा यहां के उद्यमी काफी मेहनती हैं जिनके मेहनत को पूरा देश दिखेगा।

## कांग्रेसियों ने मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

राष्ट्रीय खबर

**सुगौली,प,चः** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना दिवस प्रखंड के कांग्रेस आश्रम मे मनाया गया।मौके पर उपस्थित पार्टी कार्यकताओं ने बताया कि कांग्रेस पार्टी देश की सबसे पुरानी पार्टी है।जिसने देश की आजादी से लेकर स्वतंत्र भारत के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाया है।दशकों तक देश के शासन की बागडोर संभालने वाली कांग्रेस पार्टी ने देश के उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण काम किया।देश से गरीबी दूर करने,देश मे कल कारखाने लगलाने,कंप्यूटर के क्षेत्र में क्रांति लाने,रोजगार बढ़ाने, शिक्षा के क्षेत्र में आमूल्य चूल परिवर्तन करने सहित अनेकों काम किया।देश मे कांग्रेस की सरकार ने ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत को पहचान दिलाई।आज भी इस देश को पूरे भारत में राष्ट्रीय पार्टी के रूप मे अपनी एक बड़ी पहचान



है।पंडित जवाहरलाल नेहरू,इंदिरा गांधी,राजीव गांधी जैसे कई दिग्गज नेताओं ने कांग्रेस पार्टी का नेतृत्व किया।मौके पर उपस्थित अन्य पार्टी कार्यकताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए।जहां श्रीकिशोर पाण्डे पूर्व काँग्रेस अध्यक्ष,रामफल राम,मुकेश कुमार सिंह,युवा काँग्रेस अध्यक्ष आशहाबुल होदा अंसारी,हरेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव,सारफु द्दीन बिस्मिल,रामाज्ञा राम,प्रोफेसर मनोहर मिश्र,राजेश पाण्डे,शकील अहमद अंसारी,तुफान मियां इत्यादि लोग मौजूद थे।

## नगर निकाय के दूसरे चरण का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न



राष्ट्रीय खबर

**मुजफ्फरपुर :** नगर निकाय के दूसरे चरण नगर निगम के 49 वार्डो में 311मतदान केंद्र, नगर पंचायत मुरौल में 10वार्डो के लिय 14 और माधोपुर सुस्ता में 10 वार्डो के लिय 14 मतदान केंद्रों पर बुधवार को शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। नगर निगम मुजफ्फरपुर के वनिस्पत नगर पंचायत मुरौल और माधोपुर सुस्ता में अधिक मतदान हुआ। नगर निगम में कुल 49.36% पुरुष मतदाता 50.30% महिला मतदाता 48.32%, मुरौल में कुल 65.26% पुरुष मतदाता 60.99% महिला मतदाता 69.80% माधोपुर सुस्ता में कुल 67.77%, पुरुष मतदाता 63.40% महिला मतदाता 69.80% मतदाताओं ने अपना मतदान किया। वही नगर निगम के वार्ड 41 के बूथ संख्या 41/1, 41/2, 41/3, 41/4 पर पानी और शौचालय की व्यवस्था नहीं होने के कारण मतदान कर्मी और पुलिसकर्मी को काफी कटिनाइयो का सामना करना पड़ा। शीतलहर के वावजूद पुरुष और महिला मतदाता सुबह 7 बजे से कतारबद्ध होकर अपने मतों का प्रयोग किया। वार्ड 27 के बूथ संख्या 4 पर महिला मतदाता गया ।

## आग लगने से पांच मवेशी समेत करीब एक लाख का सामान जलकर राख



राष्ट्रीय खबर

**घोड़ासहन पू चंपारण :** थाना क्षेत्र के चम्पापुर खास गांव में मंगलवार की रात अचानक एक घर मे आग लगने से 10 हजार नगदी व 5 मवेशी समेत करीब 1 लाख का सामान जलकर राख हो गया। वहीं आग में झुलसने एक भैंस भी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना मंगलवार की रात की बताई जाती हैं। जहां मुसमात नगीना देवी पति चन्देश्वर राय के घर मे चूल्हे की चिंगारी से घर में अचानक आग लग लग गयी।देखते देखते आग की चपेट में पूरा घर धु धु कर जलने लगा। आग की लपटें देख आस पास के ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। तब तक घर मे रखे 10 हजार नगदी 5 बकरी समेत अनाज, वस्त्र, फर्नीचर आदि करीब 1 लाख की संपत्ति जलकर राख हो गयी। घटना की पुष्टि बगही भेलवा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि प्रकाश सिंह काका ने की है।

## बनिया वर्ग पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर समाज में आक्रोश

राष्ट्रीय खबर

**सुगौली,पू.च :** नगर के गांव कानू टोला वार्ड 15 निवासी बालकृष्ण प्रसाद के पुत्र अवधेश गुप्ता के द्वारा पूरे बनिया वर्ग पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने को लेकर बनिया समाज मे काफी आक्रोश है। इसको लेकर बनिया समाज के लोगों ने व्यवसायिक संघ को पत्र देकर कड़े कदम उठाने की मांग की है। आवेदन में बताया गया है कि एक ऑडियो वायरल हो रहा है। जिसमे अवधेश गुप्ता के द्वारा बनिया वर्ग के ऊपर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है। जिसको लेकर पूरा बनिया समाज काफी आक्रोशित है। इससे सामाजिक सौहार्द बिगड़ सकता है। इसको लेकर बनिया समाज के द्वारा मांग किया गया है कि अमुक व्यक्ति पर व्यवसायिक संघ के द्वारा अपने स्तर से इस मामले पर उचित संज्ञान ले। जिससे भविष्य में किसी प्रकार की अनहोनी घटना न हो और आपसी सामाजिक सौहार्द बना रहे। लोगों ने बताया है कि वह ऑडियो क्लिप जिलाधिकारी को भी भेजा गया है।

## गुजराती फिल्म चेलो शो का हुआ ऑस्कर के लिए नॉमिनेशन

राष्ट्रीय खबर

**पटनाः** इंडियन मोशन पिक्चर्स प्रोड्यूसर एसोसिशन ने गुजराती फीचर फिल्म ₹चेलो शो₹ का ऑस्कर 2023 में नॉमिनेशन के लिए बधाई दी है। साथ ही ये इस अवॉर्ड को जीतने की भी कामना की है। इस बाबत आईएमपीपी के अध्यक्ष अभय कुमार सिन्हा ने एक पत्र नलिन पांडेय को लिखी है, जिसमें उन्होंने कहा है कि यह गर्व कि बात है कि फीचर फिल्म ₹चेलो शो₹ को ऑस्कर की जूरी ने सर्वश्रेष्ठ विदेशी फिल्म पुरस्कार



के लिए नामित किया है। इस कैटेगरी में दुनिया भर की 10 फिल्मों को नॉमिनेशन मिलता है, जिसमें इस बार गुजराती फीचर फिल्म चेलो शो भी है। अभय कुमार सिन्हा ने नलिन पांडेय को संबोधित करते हुए कहा है कि हमें वास्तव में गर्व है कि आपने फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया के विश्वास को बनाए रखा। इसके जूरी ने आपकी फिल्म को ऑस्कर समारोह में सर्वश्रेष्ठ विदेशी फिल्म पुरस्कार के लिए नामांकित किया, जिसमें दुनिया भर की कई फिल्मों ने आवेदन किया था, लेकिन आपने एक उत्कृष्ट फिल्म बनाई है जिसके परिणामस्वरूप आपकी फिल्म को ऑस्कर समिति द्वारा घोषित आधिकारिक नामांकन के लिए चुना गया है। उन्होंने आगे कहा कि इसमें पूरी दुनिया में केवल 10 फिल्मों का चयन किया गया है, जिसमें आपकी फिल्म का चयन किया गया है। हमें पूरा यकीन है कि ऑस्कर जीतकर आप भारत को गौरवान्वित करेंगे। इसके लिए हम सभी देशवासी, विशेष रूप से हमारे सभी आईएमपीपीए के पदाधिकारियों, कार्यकारी समिति के सदस्यों और सदस्यों की प्रार्थना आपके साथ है।

## ताक पर है निजी विद्यालयों में 25 फीसदी छात्रों को नि:शुल्क शिक्षा देने के नियम

### जानकारी उपलब्ध कराने के लिए समिति ने बीईओ को लिखा पत्र

राष्ट्रीय खबर

**तुरकौलिया :** प्रखण्ड समाजिक न्याय समिति के सचिव अरविन्द कुमार ठाकुर ने बीईओ आशा कुमारी को एक पत्र भेजकर निजी विद्यालयों में गरीब छात्र-छात्राओं के नामांकन की जानकारी मुहैया कराने को कहा है। जहां सचिव श्री ठाकुर ने पत्र के माध्यम से जानना चाहा है कि निजी विद्यालयों में गरीबों के कितने बच्चे बच्चियां शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। सरकार के नियमानुसार सभी निजी विद्यालयों में 25 प्रतिशत बच्चों को मुफ्त में शिक्षा देना है। लेकिन बीईओ द्वारा अभी तक इस संबंध में कोई जानकारी मुहैया नही कराया गया है। समाजिक न्याय समिति के सचिव ने बताया कि बीईओ द्वारा कोई जवाब नही दिया गया है। इसे लेकर दुबारा शिक्षा विभाग को पत्र लिखा जाएगा। ताकि जानकारी मुहैया हो सके। विदित हो कि समाजिक न्याय समिति के अध्यक्ष शाहिदा बेगम ने सचिव को एक पत्र लिखकर शिक्षा विभाग से जानकारी मांगने को कहा था। ताकि इस मुद्दे पर अगली बैठक में कार्रवाई किया जा सके। समिति के अध्यक्ष का मानना है कि सरकार से मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में नियमानुसार गरीबों के बच्चों का नामांकन नही किया जाता है। बल्कि शिक्षा विभाग से मिलीभगत करके कागजी खानापूर्ति करते हुए इन बच्चों के नाम पर सरकारी अनुदान का लाभ विद्यालय के संचालक उठाते हैं। यह एक गंभीर मामला है और जांच का भी विषय है। इसी संबंध में अध्यक्ष ने सचिव के माध्यम से बीईओ से जानकारी मांगीं हैं। ताकि गरीबों के बच्चों की हकमारी पर रोक लगाया जा सके।

# एलसीएस के उद्घाटन समारोह के लिए संयुक्त आयुक्त ने किया स्थल निरीक्षण

### 9 जनवरी को संभावित उद्घाटन को लेकर कवायद शुरू

राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** वाल्मीकिनगर स्थित भारत नेपाल सीमा गंडक बराज के समीप बरसों से बहुप्रतीक्षित कस्टम कार्यालय का उद्घाटन समारोह को लेकर सरगर्मि तेज हो गई है। मंगलवार को उद्घाटन समारोह को लेकर भूमि चयन करने के लिए कस्टम विभाग के ज्वाइंट कमिश्नर रणविजय कुमार सिंह वाल्मीकिनगर पहुंचे। उनके साथ कस्टम अधीक्षक एमके अनल, निरीक्षक अभिनव कुमार उपाध्याय मौजूद रहे। इस बाबत संयुक्त आयुक्त रणविजय कुमार सिंह ने बताया कि सीमा शुल्क स्थल का उद्घाटन की प्रक्रिया शुरू हो गई है, परंतु अभी उद्घाटन के लिए दिन चयन नहीं हो सका है।हालांकि उन्होंने दबी जुबान में संभावना व्यक्त किया की



9 जनवरी को सीमा शुल्क स्थल का उद्घाटन समारोह किया जा सकता है। अतिक्रमण मामले में पूछे जाने पर संयुक्त आयुक्त रणविजय कुमार सिंह ने बताया कि कस्टम का कार्य शुरू हो जाने के उपरांत अन्य कार्यों को पूर्ण कर लिया जाएगा। पहले सरकार का मुख्य लक्ष्य सीमा शुल्क स्थल कार्यालय को शुरू करना है। बता दें कि राज्यसभा सांसद सतीश चंद्र दुबे के द्वारा सीमा शुल्क स्थल को चालू करने के लिए अग्रणी भूमिका निभाई गई थी। बरसों से बंद पड़े सीमा शुल्क स्थल कार्यालय को खुलने की सूचना सुनकर वाल्मीकि नगर क्षेत्र के सभी व्यापारियों में खुशी का लहर दौड़ पड़ा। ऐसी संभावनाएं जताई जा रही है कि केंद्रीय पर्यटन राज्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद सतीश चंद्र दुबे के द्वारा कस्टम कार्यालय का उद्घाटन किया जाएगा। उद्घाटन समारोह के तहत ही मंगलवार को डेकोरेशन सहित टेंट लगाने के लिए भूमि का चयन करने के लिए संयुक्त आयुक्त वाल्मीकिनगर पहुंचे थे। संयुक्त आयुक्त के द्वारा गंडक बराज नियंत्रण कक्ष के स्थल को चयनित कर वहां तैयारियां शुरू करने का दिशानिर्देश भी स्थानीय कार्यालय कर्मियों को दे दिया गया है।

## मुजफ्फरपुर-नरकटियागंज रेलखंड के बीच गाड़ियों का परिचालन शुरू

राष्ट्रीय खबर

**सुगौली, पू.च. :** रेलयात्रियों के लिए खुशखबरी है कि मुजफ्फरपुर-नरकटियागंज रेलखंड के बीच गाड़ियों का परिचालन हुआ हो चुका है। जिसके बाद यातायात सामान्य है। गौरतलब हो कि सुगौली मझौलिया के बीच मैं डबल रेल लाइन के बनने के कारण कार्य प्रगति पर था। काम पूरा होने के क्रम में पिछले 24 दिसंबर से 26 दिसंबर तक इस रूट से रेलगाड़ियों का परिचालन प्रभावित हो गया था। 27 दिसंबर को पूर्वी जोन के रेल सुरक्षा आयुक्त के निरीक्षण के बाद गाड़ियों के चलने की अनुमति मिली अब सुगौली मझौलिया के बीच डबल रेल लाइन की सेवा शुरू हो गई है। बुधवार से रेलगाड़ियों और माल गाड़ियों का परिचालन नियमित हो गया है। इस बीच बंद होने के दौरान यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा था। डबल रेल लाइन



सुगौली मझौलिया के बीच से चालू होने के_ साथ-साथ सुगौली स्टेशन का रेलवे कंट्रोल रूम भी आधुनिक तकनीकों से लैस हो गया है। हालांकि इस आधुनिक तकनीक से फिलहाल गाड़ियों को चलाने में थोड़ी सी परेशानी आ रही है। रेलवे सूत्रों से बताया गया कि बहुत जल्द ही नियमित रूप से इस रूट पर सभी तरह के आवागमन निर्बाध गति से शुरू हो जाएंगे। वही इस रूट पर पहले से बंदे कई गाड़ियों के परिचालन के बारे में डीआरएम आलोक अग्रवाल से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि बहुत जल्द ही पूर्व की तरह गाड़ियों का परिचालन शुरू हो जाएगा।

## मुख्यमंत्री ने दशमेश पिता श्री गुरू गोविंद सिंह जी महाराज की जयंती पर राज्यवासियों एवं देशवासियों को शुभकामनायें दीं

राष्ट्रीय खबर

**मुंगेरः** पटना, नीतीश कुमार ने दशमेश पिता गुरू गोविन्द सिंह जी महाराज की जयंती के अवसर पर समस्त राज्यवासियों एवं देशवासियों विशेषकर सिख भाई-बहनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज सर्वंशदानी थे। उनके योगदान को पूरा देश, पूरी दुनिया नहीं भूला सकता है। श्री गुरू गोविंद सिंह जी महाराज का जीवन त्याग, बलिदान और मानव सेवा को समर्पित था। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के संदेशों को अपनाकर समाज में प्रेम, आदर और सद्भाव के रिश्तों को मजबूत करें, यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी ।

## चीनीमिल का चक्का जाम आज

**नरकटियागंजः** नरकटियागंज के किसान संघ द्वारा गुरुवार को फैक्ट्री चक्का जाम कार्यक्रम है। नरकटियागंज सुगर फैक्ट्री का चक्काजाम का कार्यक्रम है। सुगर फैक्ट्री रिजर्व एरिया में चालान नहीं दे रही है। फ्री एरिया से गन्ना खरीद रही है। जिससे रिजर्व एरिया के किसान बहुत परेशान हैं। आम आदमी पार्टी किसानों की इस अधिकार की लडाई को सशक्त समर्थन में मजबूती से खड़ा है। उपर्युक्त जानकारी आम आदमी पार्टी के दिग्विजय राय ने दी।

## शहर >> अपडेट

### आरक्षी अधीक्षक ने भितहा थाना का किया औचक निरीक्षण

**भितहा :** बुधवार को बगहा एसपी किरण जाधव ने भितहा थाना का औचक निरीक्षण किया। एसपी ने थाना के सभी पंजी का अवलोकन करते हुए मौके पर मौजूद थानाध्यक्ष शाहिद अनवर अंसारी को कई दिशा निर्देश दिया। उन्होंने थानाध्यक्ष को निर्देश देते हुए कहा कि सीमांचल के सभी मुख्य मार्गो पर सघन छापेमारी अभियान चलाए। शराब एवं शराब कारोबारियों एवं अपराधी किस्म के लोगो पर सख्त कार्यवाही किया जाये। उन्होंने स्पस्ट रूप से कहा कि थाना पर आने वाले फरियादियो के साथ अच्छा व्यवहार किया जाये न्याय संगत कार्यवाही होनी चाहिए। एसपी ने थानाध्यक्ष को निर्देश देते हुए कहा कि थाना क्षेत्र से पुलिस मित्र बनाने का काम करे। ताकि आम लोगो का विश्वास पुलिस के प्रति बढ़े।

# प्रशासनिक चौकसी के बीच मुंगेर में नगर निकाय चुनाव का द्वितीय चरण रहा शांतिपूर्ण

## एकाध बूथों पर ईवीएम में आई हल्की गड़बरी, तो कहीं ईवीएम के समीप अंधेरे को लेकर मतदाताओं ने जताई नाराजगी

**कुछ बूथों पर समर्थकों के बीच हुई हल्की नौकझौक**

**मतदान के दिन भी मतदाता दिखे खामोश, प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्र से कम होने की संभावना**

**चुनाव को लेकर कई बूथों पर तनाव की स्थिति, फिर भी यहां सब कुछ शांति शांति है...**



राष्ट्रीय खबर

**मुंगेर :** नगर निकाय चुनाव 2022 के द्वितीय चरण के तहत 28 दिसंबर को मुंगेर नगर निगम चुनाव का मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण रहा, लेकिन जिस प्रकार मतदाताओं की खामोशी देखने को मिली यह चुनाव आयोग के लिए चिंता का सबब बन सकता है। मुंगेर नगर निगम चुनाव को लेकर पूरे शहर में कुल 190 मतदान केंद्र जिला प्रशासन के द्वारा बनाए गए थे। सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था प्रशासनिक पदाधिकारियों के द्वारा किया गया था। मतदाता चुनाव आयोग के निर्धारित समय सुबह 7:00 बजे के पहले मतदान केंद्रों पर अपना मताधिकार करने के लिए लाइन में लगने लग गए थे। चुनाव आयोग के निर्धारित समय सुबह 7:00 बजे से लेकर शाम 5:00 बजे तक मतदान का समय निर्धारित किया गया था, लेकिन कई बूतों पर मतदाता दोपहर 2:00 बजे के बाद लाइन में लगे और अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए निर्धारित समय के बाद भी मतदान किया। चुनाव आयोग के गाइडलाइन के अनुसार जो मतदाता निर्धारित समय के पहले अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए लाइन में लग जाते हैं, तो उन्हें मतदान करने का पूरा अधिकार है। ऐसा कई बूथों पर देखने को मिला। मतदान से पूर्व जो उत्साह और उमंग मतदाताओं में देखा जा रहा था, वह मतदान के दिन ना जाने क्यों नहीं दिखा। यूं कहें कि शहर के अधिकांश व्यवसायी वर्ग के साथ-साथ अन्य लोग अपना कामकाज निपटाने में व्यस्त दिखें। सूत्रों की माने तो एकाध बूथों पर ईवीएम में खराबी भी आई, लेकिन जिसे कुछ ही घंटों के बाद दुरुस्त कर लिया गया। इसके अलावा कुछ बूथों पर समर्थकों के बीच मारपीट की भी घटना घटी। यहा प्रशासनिक चौकसी के बीच सुलझा लिया गया। लेकिन समाचार लिखे जाने तक थाना में मारपीट को लेकर किसी प्रकार की प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई थी। नगर निगम चुनाव को लेकर दानवीर कर्ण और मीर कासिम की नगरी मुंगेर शहर में कहीं दुकानें बंद मिली, तो कहीं खुली। समर्थक अपने-अपने प्रत्याशियों के जीत के दावे करते भी दिखे।बताते मुंगेर नगर निगम में कुल 1,66,424 मतदाता तथा 190 बोथ थे। यहां सबसे अहम प्रतिष्ठित मेयर पद के पर कुल 29 प्रत्याशी चुनावी महादंगल में खड़े थे। चुनाव से एक सप्ताह पूर्व मेयर पद को लेकर जिस प्रकार की गहमागहमी शहर में देखने को मिल रही थी, वह इससे पूर्व मुंगेर मुंगेर में देखने के लिए नहीं मिला। मेयर पद एक प्रत्याशी ने इसे कई रंगों देने का भी प्रयास किया, लेकिन मतदाताओं ने इसे नोटिस तक नहीं लिया। नगर निगम चुनाव को लेकर मुंगेर के प्रभारी डीएम अमरेन्द्र शाही, एसपी जेजे रेड्डी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह सदर एसडीओ यतेंद्र कुमार पाल, एसडीपीओ राजेश कुमार, सहित जिले भर के पदाधिकारी चुनाव को लेकर अपने-अपने सेक्टर में लगातार गश्त करते दिखे।

## मेयर प्रत्याशी गरिमा देवी सिकारिया ने मतदान के लिए निगम वासियों के प्रति आभार व्यक्त किया

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया :** मेयर पद की प्रत्याशी व निवर्त्तमान सभापति गरिमा देवी सिकारिया ने 28 दिसम्बर 22 को सम्पन्न मतदान में भारी मतों से अपनी जीत का दावा किया है। उन्होंने यह भी बताया कि 28 दिसम्बर 2020 को अवैध तरीके से अविश्वास लगाकर अर्धनग्न प्रदर्शन और निर्लज्जता का तांडव कर उन्हे पद मुक्त कराया गया। न्यायालय ने उनके विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव को गलत ठहराया। गरिमा ने कहा कि बहुमत में रहने के बाद भी नगर परिषद के सभापति पद से मुठ्ठीभर पार्षदों ने छल बल हटा दिया। उनके हटाने के ठीक दो वर्ष बाद 28 दिसम्बर 2022 को मेयर पद के चुनाव के मतदान का संयोग बना। जिसमें नगर निगम के हजारों मतदाताओं का आशीर्वाद और पुरजोर समर्थन रुपी भारी मत प्राप्त हुआ है। जिससे विजयी होना सुनिश्चित हो गया है। गरिमादेवी सिकारिया और रोहित सिकारिया ने बेतिया नगर निगम की जनता व मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

## सखुआ पेड़ काट रहे दो वन अपराधियों को किया गिरफ्तार

राष्ट्रीय खबर



**बगहा :** चीउटाहां वन क्षेत्र के वन कर्मियों की टीम ने वन कक्ष संख्या '50 के जंगल में गश्ती के दौरान छापेमारी कर सखुआ के पेड़ काट रहे दो वन तस्कर को गिरफ्तार किया गया। वही दो वन तस्कर फरार हो गए। इसकी पुष्टि करते हुए चीउटाहां वन क्षेत्र अंतर्गत झिमरी वन परिसर के प्रभारी वनपाल मनीष कुमार ने बताया कि सुबह में वनरंक्षी कुंदन कुमार व आशीष कुमार के नेतृत्व में वनकमीयी कि टीम ने वन कक्ष संख्या '50 के जंगल में गश्ती की जा रहीं थीं इसी दौरान देखा गया। वन तस्करों द्वारा एक सखुआ के पेड़ काट कर उसे गुल्ली बना रहे हैं। स्थल से दोनो वन तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया। सखुआ के पेड़ व फेट, टांगी को जप्त कर वन परिसर लाया गया।

वही वन कर्मियों की टीम को देखते ही दो वन तस्कर फरार हो गए। गिरफ्तार वन तस्कर सेमरा थाना क्षेत्र के भितहां गांव निवासी तुफानी उरांव व विनोद उरांव है। इनके निशानदेही पर फरार वन तस्कर ओमप्रकाश उरांव व मोहनलाल उरांव हैं सभी वन तस्करों पर वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया और गिरफ्तार दो वन तस्करों को बगहा न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## विधायक का पहल- पीएचसी में मरीजों के लिए हुआ कंबल व अलाव की व्यवस्था

राष्ट्रीय खबर



**बगहा :** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरनाटांड़ में भर्ती मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बाल्मीकि नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह की ओर से बुधवार को 10 कंबल दिया गया। इस कंबल का उपयोग ठंड से परेशान मरीजों के लिए किया जाएगा। जानकारी हो कि अस्पताल में कंबल की कमी थी ऐसे में कई गरीब मरीज परेशान हो रहे थे। ये कंबल इन मरीजों को काफी लाभ पहुंचाएगी।

वाल्मीकि नगर विधायक धीरेंद्र प्रताप उर्फ रिंकू सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र हरनाटाड में 7 बेड की व्यवस्था थी। जहां पर कंबल आदि के अभाव में मरीज ठिठुर रहे थे। मेरी जानकारी में उक्त बातें आई तो मैंने अपनी तरफ से 10 बेड कंबल सहित मरीजों के लिए उपलब्ध करवाया तथा पीएचसी में अलाव का व्यवस्था करवाया। ताकि ठंड में मरीजों को दिक्कत ना हो। पीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. संदीप कुमार राय ने बताया कि विधायक के द्वारा तत्काल 10 कंम्बल दिया गया है। इस अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र में जिला महासचिव संतोष झा, समाजसेवी सुशील मिश्रा, मुन्ना मोदनवाल, गोलू चौरसिया, ताराचंद काजी आदि उपस्थित रहे।

## कन्हौली में सीमा के निकट हथियार, शराब, गांजा के साथ दो धंधेबाज हिरासत में



राष्ट्रीय खबर

**सीतामढ़ी :** सोनबरसा प्रखण्ड अंतर्गत कन्हौली थानाक्षेत्र के माधोपुर एसएसबी कैंप इंचार्ज एसआई रवि कांत के नेतृत्व में जवानों ने इंडो - नेपाल बॉर्डर पर भारतीय क्षेत्र में एक देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, एक किलो गांजा तथा 120 बोतल नेपाली शराब के साथ बाइक सवार दो धंधेबाज को हिरासत में ले लिया। हिरासत में लिए गए दोनों धंधेबाज की पहचान रीगा थाना क्षेत्र के संग्राम फंदह गांव निवासी लक्ष्मी साह के करीब 30 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार तथा सहियारा थाना क्षेत्र के मिसरिया टोला वार्ड नंबर 5 निवासी उदय सिंह के पुत्र विशाल सिंह के रूप में की गई है। कैंप इंचार्ज ने बताया कि बॉर्डर पिलर संख्या 333 / 54 के समीप दोनों युवक बाइक पर नेपाल से शराब व गांजा लेकर भारतीय सीमा क्षेत्र में प्रवेश किया, जहां जवानों ने उसे पकड़ लिया। तलाशी के क्रम में एक देसी कट्टा और दो राउंड जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया। जब्त सभी सामग्रियों के साथ गिरफ्तार दोनों तस्कर को आगे की कार्रवाई के लिए मंगलवार की शाम कन्हौली थाना को सौंप दिया गया है। जहां प्राथमिकी के बाद बुधवार को दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## 18 वीं राष्ट्रीय शिविर के डब्ल्यूएजीजीजीएस टीम में धनंजय शामिल, आशीर्वाद व उम्मीदें

राष्ट्रीय खबर




**बेतिया :** बिहार राज्य भारत स्काउट एंड गाइड पश्चिम चम्पारण, बेतिया के शांति दूत के जिला समन्वयक व महात्मा गांधी जिला मुख्यालय स्वतंत्र स्काउट दल के सदस्य बसवरिया निवासी धनंजय कुमार का चयन 18 वीं राष्ट्रीय शिविर के डब्ल्यूएजीजीजीएस टीम (वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ गर्ल गाइड स्काउट्स) के रुप में हुआ हैं। उपर्युक्त टीम राजस्थान के पाली मारवाड़ में 4 जनवरी 2023 से 10 जनवरी 2023 में परफॉर्मेंस प्रस्तुत करेगी। इस शिविर में देश के सभी राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेश के अलावा 15 विभिन्न देशों के 35,000 स्काउट गाइड शामिल होंगें। शिविर का उद्घाटन भारत गणराज्य की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। राष्ट्रीय स्तर पर धनंजय कुमार के चयनित होने पर उनके पिता मनीष ठाकुर, माता मुन्नी देवी, बिहार राज्य मुख्य आयुक्त रामकुमार सिंह, जिला मुख्य आयुक्त नागेन्द्र नाथ शर्मा, जिला सचिव भोट चतुर्वेदी, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट ) आद्या कु. शर्मा, समस्त स्काउट गाइड परिवार पश्चिम चम्पारण, बिहार राज्य का नाम राष्ट्रीय तथा अंतराष्ट्रीय पटल पर पुनः गौरवान्वित कर लौटने के प्रति आशान्वित हैं। समस्त बिहारवासी, जिलावासियों व प्रबुद्धजनों का स्नेह और आशीर्वाद धनंजय कुमार के साथ है।

# जिला नियंत्रण कक्ष से निर्वाचन की प्रत्येक गतिविधि पर रखी गई नजर

अवधेश कुमार शर्मा

**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला मुख्यालय बेतिया नगर निगम और लौरिया नगर पंचायत में आम निर्वाचन 2022 हल्की झड़प उपरांत सम्पन्न हो गई। नगरपालिका आम निर्वाचन 2022 के दृष्टिगत 28 दिसंबर 2022 को जिला के नगर निगम बेतिया तथा नगर पंचायत लौरिया अंतर्गत निर्वाचन की प्रक्रिया सुबह 07.00 बजे प्रारंभ हुई। बेतिया नगर भवन के पास हल्की झड़प की खबर मिली, तदुपरांत स्थिति सामान्य हो गई। जिला प्रशासन के हवाले से बताया गया है कि स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया संचालित की गई। बिहार राज्य निर्वाचन आयोग के निदेश के आलोक में मतदान का समय पूर्वाह्न 07.00 बजे से अपराह्न 05.00 बजे तक निर्धारित है। प्रभारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी



सह डीडीसी अनील कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बेतिया उपेन्द्र नाथ वर्मा ने नगर निगम बेतिया तथा नगर पंचायत लौरिया के विभिन्न मतदान केंद्र के निर्वाचन प्रक्रिया का अवलोकन किया। पदाधिकारीद्वय ने स्वच्छ, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त निर्वाचन प्रक्रिया पर संतोष व्यक्त किया। प्रभारी जिला निवार्ची पदाधिकारी ने मतदानकर्मियों को निदेश दिया कि मतदान की प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब नहीं करें, तीव्र गति से मतदान की प्रक्रिया को सम्पन्न करें। जिला निवार्ची पदाधिकारी ने मतदान प्रतिशत व प्रक्रिया की जानकारी लिया। इसी क्रम में मतदाताओं से मतदान केन्द्र पर जिला निर्वाचन से उपलब्ध, विभिन्न मूलभूत सुविधा/संसाधन संबंधित जानकारी लिया। पुलिस अधीक्षक बेतिया उपेन्द्र नाथ वर्मा ने बूथों पर प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों को शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने को साधुवाद दिया।

**प्रभारी जिला निवार्ची पदाधिकारी सह डीडीसी पश्चिम चम्पारण अनील कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बेतिया उपेंद्र नाथ वर्मा ने नगर निकाय निर्वाचन के क्रम में विभिन्न बूथों का अवलोकन किया**

## लोहिया स्वच्छता अभियान के तहत डस्टबिन का वितरण



राष्ट्रीय खबर

**मुंगेर :** लोहिया स्वच्छता अभियान के तहत हर घर कचरा उठाव करने के लिए प्रखंड के रामपुर पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या आठ में वार्ड सदस्य ममता देवी के द्वारा लोगों के बीच डस्टबिन का वितरण किया गया। वार्ड सदस्य ममता देवी ने बताया कि वार्ड संख्या आठ के प्रत्येक घरों में कचरा उठाव करने के लिए हरे एवं ब्लू रंग के डस्टबिन वितरण किया गया। साथ ही लोगों को साफ सफाई के प्रति जागरूक करते हुए गीला और सूखा कचरा को अलग-अलग डब्बे में रखने को कहा गया। उन्होंने कहा कि वार्ड में पंचायत स्तर पर स्वच्छता कर्मी बहाल की गई है जो प्रत्येक दिन वार्ड के प्रत्येक घरों में संग्रह किए गए कचरा का उठाव करेंगे जिससे आसपास गंदगी से लोगों को छुटकारा मिलेगी एवं स्वच्छ वातावरण में लोगों के सामाजिक एवं आर्थिक एवं शारीरिक विकास होगी इसके लिए पंचायत प्रतिनिधि हर संभव प्रयास में लगी हुई है उन्होंने सरकार के इस प्रयास को सराहना करते हुए कहा कि सरकार के द्वारा उठाए गए इस कदम से अब गांव में साफ सफाई दिखेगी। मौके पर स्वच्छता पर्यवेक्षक वार्ड सचिव नितेश झा, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि गौतम झा सहित दर्जनों ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# सानिया बनी बिहार स्टेट खो-खो टीम कैप्टन

## मुंगेर के पांच खिलाड़ियों का नेशनल खो-खो चैंपियनशिप के लिए हुआ चयन

**मुंगेर को प्रदेश टीम की कप्तानी मिलना है गौरव की बात**

राष्ट्रीय खबर



**मुंगेर :** वेस्ट बंगाल में आयोजित 41 वीं जूनियर नेशनल खो-खो चैंपियनशिप (बालक एवं बालिका)2022 में भाग लेने के लिए बिहार स्टेट खो-खो टीम में मुंगेर जिला खो-खो संघ के पांच खिलाड़ियों का चयन हुआ। जिसमें की तीन बालिका एवं दो बालक वर्ग के खिलाड़ी शामिल हैं। ये जानकारी मुंगेर जिला खो-खो संघ के सेक्रेट्री एवं स्पोर्ट्स प्रमोटर हरिमोहन सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि वासुदेवपुर मुंगेर निवासी संजय कुमार यादव की सुपुत्री सानिया यादव को बिहार स्टेट खो-खो बालिका टीम का कैप्टन बनाया गया है। ये मुंगेर जिला के लिए गौरव की बात है साथ ही इनके साथ बिहार स्टेट बालिका खो-खो टीम में रतनपुर निवासी आनंद कुमार की सुपुत्री पल्लवी, बांक टोला फरदा निवासी मुकेश कुमार की सुपुत्री अमोली भारती का चयन हुआ है।

वहीं बिहार स्टेट बालक एवं खो-खो टीम में नेशनल के लिए सुभाष नगर मुंगेर निवासी जितेंद्र मोहन के पुत्र शाश्वत मोहन सिंह एवं नक्की नगर केशोपुर जमालपुर निवासी प्रणव कुमार का चयन हुआ है। ये सभी खिलाड़ी नेशनल खो-खो चैंपियनशिप में प्रदेश टीम की ओर से भाग ले रहे हैं। ज्ञात हो कि मुंगेर जिला खो-खो संघ के सेक्रेट्री हरिमोहन सिंह खो-खो खेल व खिलाड़ियों को बढ़ावा देने उनके प्रतिभा को निखारने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। ज्ञात हो कि इन खिलाड़ियों की प्रतिभा का निखारने के लिए मुंगेर जिला खो-खो संघ के सेक्रेट्री हरिमोहन सिंह के नेतृत्व में इंडोर स्टेडियम मुंगेर के प्रांगण में प्रतिदिन बालक एवं बालिका खिलाड़ियों को अंतरास्ट्रीय एवं सीनियर राष्ट्रीय खिलाड़ियों के द्वारा प्रशिक्षण दिलवाया जा रहा है, इसमें कोई भी शामिल हो सकते हैं ।और आज उनका मेहनत रंग ला रहा है और मुंगेर से अंतरास्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर तीन दर्जन से अधिक खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का डंका बजा रहे हैं। हाल में ही मुंगेर की बालिका खो-खो टीम विद्यालयिय खो-खो चैंपियनशिप में स्टेट विनर बन चुकी है। हरिमोहन सिंह ने कहा कि इस भी खिलाड़ी स्पोर्ट्स में आगे बढ़ना चाहते हैं, वो हमसे अतिशीघ्र अविलंब जुड़े, उनको आगे बढ़ाने में हमेशा मैं हर संभव मदद करने का प्रयास करूंगा।

राष्ट्रीय खो-खो चैंपियनशिप में मुंगेर से पांच खिलाड़ियों का चयन होने एवं उन सभी खिलाड़ियों को बेहतरीन प्रदर्शन करने को लेकर मुंगेर जिला के प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ता, स्पोर्ट्स प्रेमी के साथ ही साथ मुंगेर जिला खो-खो संघ के प्रेसिडेंट व खो-खो एसोसिएशन ऑफ बिहार के महासचिव नीरज कुमार पप्पू, सेक्रेट्री हरिमोहन सिंह, कोच जितेंद्र लाल श्रीवास्तव, राजाराम सिंह , मुंगेर पैरा स्पोर्ट्स , फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया बिहार मुंगेर चैप्टर के पदाधिकारीगण आदि ने शुभकामनाएं दी साथ ही और भी बेहतर करने को लेकर प्रोत्साहित किया।

## क्रिसमस के मौके पर आनद जन विकास फाउंडेशन ने असहाय बच्चों को बांटा पाठ्य सामग्री

राष्ट्रीय खबर



**मुंगेर :** क्रिसमस के मौके अशोक नगर, रोड नंबर 14/इ, कंकड़बाग मे आनंद जन विकास फाउंडेशन की ओर से स्लम बस्ती के गरीब और असहाय बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। इसके साथ ही संगठन के सदस्यों ने बच्चों के साथ केक काटकर खुशियां मनाई। इस मौके पर अतिथि श्रीमती शमा ईमाम, श्रीमती सुनीता गुप्ता (Mental rehabilitation) सुश्री पुष्पा कुमारी,किरण सिंह,सोनी कुमारी, शोभा सिंह, विनीता सिंह,संजय कुमार, राजीव कुमार, अंकित कुमार, राजवर्धन, हर्षवर्धन, लक्ष्मी और आयुष्मान सभी लोगों की भागीधरी रही। साथ ही संगठन के सचिव आशा कुमारी और नीलम सिंह अध्यक्ष ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। आपको बता दें कि आनंद जन विकास फाउंडेशन विगत 5 वर्षों से जरूरतमंद लोगों को मदद करती आ रही है। संगठन के प्रयत्नशील महिला विंग्स के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य, शिक्षा, आर्ट एवं क्राफ्ट आदि के क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है।

## संपादकीय

# राहुल गांधी के टी शर्ट पहनने पर अब दूसरी चर्चा

राहुल गांधी देश की राजधानी दिल्ली में भी टी शर्ट पहने नजर आये हैं। यह दृश्य तब दिखा है जब दिल्ली का तापमान अनेक पहाड़ी पर्यटन केंद्रों से भी कम हो गया था। भारत जोड़ो यात्रा की जब शुरूआत हुई थी तो भाजपा ने उनके इसी टी शर्ट पर सवाल उठाया था पर वह कार्रवाई उल्टी पड़ गयी थी और लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के मफलर के साथ साथ मोदी के चर्चित सूट की चर्चा कर दी थी। उसके बाद से दोबारा भाजपा की तरफ से टी शर्ट का मुद्दा नहीं उठाया गया। अब दिल्ली के कड़ाके की ठंड में भी देश के पूर्व प्रधानमंत्रियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने गये राहुल को फिर से टी शर्ट में देखकर लोग हैरान हो गये। पहले यह समझा गया था कि हर रोज इतनी दूरी तय करने की वजह से एक खास समय के बाद शरीर वैसे ही गर्म हो जाता है। इस बार यह दलील भी काम नहीं आयी क्योंकि अभी राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में विश्राम के दिन चल रहे हैं।

उसके बाद यह यात्रा फिर से पश्चिमी उत्तरप्रदेश होते हुए अपने रास्ते पर श्रीनगर की तरफ आगे बढ़ जाएगी। नईदिल्ली में महात्मा गांधी, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और अटल बिहारी बाजपेयी की समाधि पर टी शर्ट पहनकर पहुंचे राहुल गांधी ने नये सिरे से टी शर्ट पहनने का सवाल खुद ही खड़ा कर दिया। इससे पहले भी पत्रकारों ने उनसे इस बात पर सवाल पूछा था तो देश की असलियत का उल्लेख कर राहुल ने उन्हें सामाजिक उत्तर दिया था। दिल्ली की ठंड में जब लोग गर्म कपड़े पहनकर ठंड से बचने की कोशिश कर रहे हैं, राहुल क्यों टी शर्ट में हैं, एक स्वाभाविक सवाल बनकर उभरा है। इस बार भाजपा ने सिर्फ अटल बिहारी बाजपेयी की समाधि पर उनके जाने प? एतराज जताया है। गनीमत है कि भाजपा ने यह सवाल नहीं पूछा कि इतनी ठंड में भी वह इतनी महंगी टी शर्ट क्यों पहने हुए हैं। पत्रकारों के सवाल के उत्तर में राहुल गांधी ने प्रति प्रश्न किया था कि आपलोग मुझसे यह सवाल पूछते हैं लेकिन देश के किसान, मजदूर और गरीबों से यह सवाल क्यों नहीं करते। कभी सोचा है कि वह कैसे इस ठंड में गुजारा कर रहे हैं। ठंड के सवाल पर राहुल गांधी नाराज भी हुए थे और कहा था कि ऐसे बेतूके सवाल के बदले देश की ज्वलंत परिस्थितियों पर प्रश्न पूछे जाने चाहिए। भारत जोड़ो यात्रा के प्रारंभ से ही राहुल ऐसे टी शर्ट में नजर आते रहे हैं। जब यह यात्रा दक्षिण भारतीय राज्यों में थी तो वहां के मौसम और तापमान के हिसाब से यह सही था। मध्यप्रदेश और राजस्थान आते आते मौसम बदल चुका था और ठंड के मौसम में भी राहुल उसी टी शर्ट पर नजर आये थे। यह स्थिति तब थी जबकि राहुल के साथ चलने वाले दूसरे लोग गर्म कपड़े पहनकर अपनी यात्रा प्रारंभ करते थे और थोड़ी दूर चलने के बाद यह गर्म कपड़े उतरते चले जाते थे, जो एक स्वाभाविक प्रक्रिया थी। इसलिए सवाल प्रासंगिक है कि आखिर राहुल गांधी टी शर्ट पहनकर ठंड में कैसे चल रहे हैं। इस सवाल का उत्तर विज्ञान में मौजूद है। विज्ञान कहता है कि कई लोगों को ठंड सहने की अतिरिक्त क्षमता होती है। इसके अलावा नियमित अभ्यास से भी इस क्षमता का और विकास किया जा सकता है। हिमालय की पहाड़ियों में रहने वाले साधु संत भी बिना गर्म कपड़ों के नजर आते हैं। एक ऐसे ही साधु का वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हुआ था जो बर्फ जैसे जमे पानी में उतरकर स्नान कर रहे थे। विज्ञान कहता है कि कुछ लोगों में यह गुण होता है कि उन्हें ठंड या गर्मी बहुत कम लगती है। इसकी असली वजह जेनेटिक है। दरअसल हमारे स्नायुतंत्र में कुछ ऐसे सेल होते हैं जो ठंड और गर्मी का एहसास कर दिमाग को इसकी जानकारी देते हैं। दिमाग इन्हीं सूचनाओं को आधार पर शरीर को उस हिसाब से आचरण करने का निर्देश जारी करता है। कई बार नियमित अभ्यास की वजह से भी ऐसे कोषों की क्षमता और बढ़ जाती है। इस कारण किसी खास को कम ठंड लगती है और गर्मी का एहसास भी कम हो जाता है। यह पहले से वैज्ञानिक प्रमाणित तथ्य है कि दुनिया के आठ सौ करोड़ लोगों में करीब डेढ़ सौ करोड़ ऐसे लोग होंगे, जो अधिक तापमान सहन कर सकते हैं। ऐसे लोगों की शरीर के अंदर मांसपेशियों में एक खास किस्म का प्रोटिन कम होता है। इस प्रोटिन को एक्टिनिन 3 कहा जाता है। इसकी कमी से शरीर में ठंड और गर्मी का संकेत दिमाग तक पहुंचने का काम घट जाता है। इसलिए टी शर्ट पहन कर इस ठंड में चलने का कारण यह हो सकता है। अब यह कैसे विकसित हुआ, इसका खुलासा तो राहुल गांधी ही कर सकते हैं।



# प्रेरणादायी हैं गुरू गोबिंद सिंह के उपदेश

## गुरु गोबिंद सिंह के 356वें प्रकाश पर्व (29 दिसम्बर) पर विशेष



हिन्दू कैलेंडर के अनुसार गुरु गोबिंद सिंह का जन्म 1667 ई. में पौष माह की शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को 1723 विक्रम संवत को पटना साहिब में हुआ था। प्रतिवर्ष इसी दिन गुरु गोबिंद सिंह का प्रकाशोत्सव मनाया जाता है। सिखों के 10वें गुरु गुरु गोबिंद सिंह जी का 356वां प्रकाश पर्व इस वर्ष 29 दिसम्बर को मनाया जा रहा है। बचपन में गुरु गोबिंद सिंह जी को गोबिंद राय के नाम से जाना जाता था। उनके पिता गुरु तेग बहादुर सिखों के 9वें गुरु थे। पंजाबी, हिन्दी, संस्कृत, बृज, फारसी भाषाएं सीखने के साथ गुरु गोबिंद सिंह जी ने घुड़सवारी, तीरंदाजी, नेजेबाजी इत्यादि युद्धकलाओं में भी महारत हासिल की थी। कश्मीरी पंडितों के धार्मिक अधिकारों की रक्षा के लिए उनके पिता और सिखों के 9वें गुरु तेग बहादुर जी द्वारा नवम्बर 1975 में दिल्ली के चांदनी चौक में शीश कटाकर शहादत दिए जाने के बाद मात्र 9 वर्ष की आयु में ही गुरु गोबिंद सिंह जी ने सिखों के 10वें गुरू पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाली और खालसा पंथ के संस्थापक बने।

अत्याचार और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने के लिए उनका वाक्य सवा लाख से एक लड़ाऊं तां गोबिंद सिंह नाम धराऊंसैकड़ों वर्षों बाद आज भी प्रेरणा और हिम्मत देता है। भै काहू को देत नहि, नहि भय मानत आनवाक्य के जरिये गुरु गोबिंद सिंह कहते थे कि किसी भी व्यक्ति को न किसी से डरना चाहिए और न ही दूसरों को डराना चाहिए। उन्होंने समाज में फैले भेदभाव को समाप्त कर समानता स्थापित की थी और लोगों में आत्मसम्मान तथा निडर रहने की भावना पैदा की।



**योगेश कुमार गोयल**
पत्रकार

शौर्य, साहस, त्याग और बलिदान के सच्चे प्रतीक तथा इतिहास को नई धारा देने वाले अद्वितीय, विलक्षण और अनुपम व्यक्तित्व के स्वामी गुरु गोबिंद सिंह को इतिहास में एक विलक्षण क्रांतिकारी संत व्यक्तित्व का दर्जा प्राप्त है। एक आध्यात्मिक गुरु होने के साथ-साथ वे एक निर्भयी योद्धा, कवि, दार्शनिक और उच्च कोटि के लेखक भी थे। उन्हें विद्वानों का संरक्षक भी माना जाता था। दरअसल कहा जाता है कि 52 कवियों और लेखकों की उपस्थिति सदैव उनके दरबार में बनी रहती थी और इसीलिए उन्हें संत सिपाही भी कहा जाता था। उन्होंने स्वयं कई ग्रंथों की रचना की थी। बिचित्र नाटकको गुरु गोबिंद सिंह की आत्मकथा माना जाता है, जो उनके जीवन के विषय में जानकारी का सबसे महत्वपूर्ण स्रोत है। यह दशम ग्रंथका एक भाग है, जो गुरु गोबिंद सिंह की कृतियों के संकलन का नाम है। इस दशम ग्रंथ की रचना गुरू जी ने हिमाचल के पोंटा साहिब में की थी।

कहा जाता है कि गुरु गोबिंद सिंह एक बार अपने घोड़े पर सवार होकर हिमाचल प्रदेश से गुजर रहे थे और एक स्थान पर उनका घोड़ा अपने आप आकर रुक गया। उसी के बाद से उस जगह को पवित्र माना जाने लगा और उस जगह को पोंटा साहिब के नाम से जाना जाने लगा।

दरअसल पोंटाशब्द का अर्थ होता है पांवऔर जिस जगह पर घोड़े के पांव अपने आप थम गए, उसी जगह को पोंटा साहिब नाम दिया गया। गुरु जी ने अपने जीवन के चार वर्ष पोंटा साहिब में ही बिताए, जहां अभी भी उनके हथियार और कलम रखे हैं। 1699 में बैसाखी के दिन तख्त श्री केसगढ़ साहिब में कड़ी परीक्षा के बाद पांच सिखों को पंज प्यारेचुनकर गुरु गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी, जिसके बाद प्रत्येक सिख के लिए कृपाण या श्रीसाहिब धारण करना अनिवार्य कर दिया गया। वहीं पर उन्होंने खालसा वाणीभी दी, जिसे वाहे गुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेहकहा जाता है। उन्होंने जीवन जीने के पांच सिद्धांत दिए थे, जिन्हें पंच ककार(केश, कड़ा, कृपाण, कंघा और कच्छा) कहा जाता है।

गुरु गोबिंद सिंह ने ही गुरु ग्रंथ साहिबको सिखों के स्थायी गुरु का दर्जा दिया था। सन् 1708 में उन्होंने महाराष्ट्र के नांदेड़ में शिविर लगाया था। वहां जब उन्हें लगा कि अब उनका अंतिम समय आ गया है, तब उन्होंने संगतों को आदेश दिया कि अब गुरु ग्रंथ साहिब ही आपके गुरु हैं। उन्होंने कई बार मुगलों को परास्त किया। आनंदपुर साहिब में तो मुगलों से उनके संघर्ष और उनकी वीरता का स्वर्णिम इतिहास बिखरा पड़ा है।

गुरु गोबिंद सिंह के चारों पुत्र अजीत सिंह, फतेह सिंह, जोरावर सिंह और जुझार सिंह भी उन्हीं की भांति बेहद निडर और बहादुर योद्धा थे। अपने धर्म की रक्षा के लिए मुगलों से लड़ते हुए गुरु गोबिंद सिंह ने अपने पूरे परिवार का बलिदान कर दिया था। उनके दो पुत्रों बाबा अजीत सिंह और बाबा जुझार सिंह ने चमकौर के युद्ध में शहादत प्राप्त की थी। 26 दिसम्बर 1704 को गुरु गोबिंद सिंह के दो अन्य साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह को इस्लाम धर्म स्वीकार नहीं करने पर सरहिंद के नवाब द्वारा दीवार में जिंदा चुनवा दिया गया था और माता गुजरी को किले की दीवार से गिराकर शहीद कर दिया गया था। नांदेड़ में दो हमलावरों से लड़ते समय गुरु गोबिन्द सिंह के सीने में दिल के ऊपर गहरी चोट लगी थी, जिसके कारण 18 अक्तूबर 1708 को नांदेड में करीब 41 वर्ष की आयु में उनकी मृत्यु हो गई थी। नांदेड़ में गोदावरी नदी के किनारे बसे हुजूर साहिब में उन्होंने अंतिम सांस ली थी।

# फकीर की सूझ-बूझ

ब्राह्मणी को एक ही नजर में वह लड़का जंच गया। आवभगत के बाद ब्राह्मणी ने उससे अपनी बेटी के रिश्ते की बात की। लड़का सहर्ष राजी हो गया। उधर, संयोग ऐसा हुआ कि ब्राह्मण को भी अपने यजमान के घर एक बड़े ही अच्छे लड़के का प्रस्ताव मिला। ब्राहमण लड़के को अपने घर लिवा लाया ताकि वह लड़की को देखकर शादी का निर्णय करे। संयोग एक और हुआ कि उसी दिन ब्राह्मण के बेटे को भी एक अच्छा लड़का मिल गया और वह भी उसे अपने साथ घर लेता आया।

इधर, सुबह को गाय के चारे के लिए जंगल गई लड़की शाम तक नहीं लौटी। अतिथियों को घर पर छोड़ ब्राह्मण और उसका बेटा उसकी तलाश में निकले। देर शाम जब वे



लौटे तो उनके साथ लड़की नहीं उसकी लाश थी। लड़की ने जंगल में आत्महत्या कर ली थी। तीनों युवक जो आपस में एक दूसरे से अनजान और मन ही मन लड़की को अपनी पत्नी मान बैठे थे, इस घटना से सन्न रह गए। तीनों ने आजीवन विवाह नहीं करने का फैसला कर लिया। लड़की के दाह-संस्कार के बाद उनमें से एक ने लड़की की अस्थियां और राख बटोरी और अपने पास रख लिया। दूसरा युवक वैरागी बनकर गांव-गांव, शहर-शहर भटकने लगा। तीसरे ने श्मशान में कुटिया बनाई और वहीं रहने लगा। एक दिन वैरागी युवक भिक्षा मांगते हुए एक विचित्र परिवार में पहुंचा। घर की मालकिन ने उसे आदर से खाने के लिए बिठाया। तभी उसकी छोटी सी बेटी ने भोजन जूठा कर दिया। गुस्से में मां ने बेटी को इतनी रोज से डंडे से मारा कि वह तड़प कर तुंरत मर गई। तभी घर का मालिक बाहर से आया। उसने तुरंत एक अंदर जाकर एक पुरानी पोथी निकाली। बच्ची के सिर के पास बैठक उसमें लिखा कोई मंत्र पढ़ा और बच्ची जी उठी। वैरागी युवक के आश्चर्य का ठिकाना नहीं था। उसने मन ही मन एक योजना सोची। वह रात को वहीं रुक गया। आधी रात जब सारा घर नींद में बेसुध था उसने चुपके वह पोथी चुरा ली, और उस श्मशान की तरह चल दिया जहां उसकी होने वाली पत्नी की चिता जली थी।

## नजरिया

# तो क्या भाजपा की विचारधारा को ही आगे बढ़ा रही हैं प्रज्ञा ठाकुर ?



**निर्मल रानी**
स्तंभकार

देश में इस समय अनेक फायर ब्रांड नेता व समाज विभाजक धर्मगुरु पूरे देश में बेरोकटोक विषवमन करते फिर रहे हैं। प्रायः इनके मुंह से ऐसी बातें निकलती रहती हैं जोकि गैर कानूनी, अपराधपूर्ण, अनैतिक,असामाजिक तथा पूर्णतयः शरारतपूर्ण होती हैं। परन्तु चूँकि ऐसे लोगों पर न केवल सत्ता का वरद हस्त होता है बल्कि वे स्वयं भी किसी न किसी भारी भरकम संवैधानिक पद से जुड़े होते हैं इसलिये इनके विरुद्ध कोई कानूनी कार्रवाई करना तो दूर इनसे कोई कुछ पूछने का भी साहस नहीं कर पाता। भारतीय जनता पार्टी की ऐसी ही एक सांसद हैं प्रज्ञा ठाकुर। हालांकि इनके भक्त व समर्थक इन्हें साध्वी ' के 'विशेषण ' के साथ सम्बोधित करते हैं परन्तु जिस तरह इनके व्यक्तित्व के साथ विवादों का गहरा नाता रहा है उसे देखकर या तो इन्हें 'साध्वी' जैसे पावन शब्द से उदघृत करना कतई मुनासिब नहीं लगता। और यदि फिर भी उनके अनुयायी वास्तव में उन्हें 'साध्वी ' ही मानने पर आमादा हैं तो य सोचकर केवल अफसोस ही किया जा सकता है कि क्या साध्वियों की भाषा का यही मापदंड होता है जो प्रज्ञा जैसों में देखने व सुनने को मिलता है?

**इनके व्यक्तित्व के साथ विवादों का गहरा नाता रहा है उसे देखकर या तो इन्हें 'साध्वी' जैसे पावन शब्द से उदघृत करना कतई मुनासिब नहीं लगता।**

प्रज्ञा ठाकुर का नाम पहली बार चर्चा में उस समय आया था जबकि इनका मालेगांव ब्लास्ट में इनका नाम 29 सितंबर 2008 को मालेगांव में एक बाइक में बम लगाकर किये गये विस्फोट के आरोपी के रूप में सामने आया था। इस में कुल 10 लोग मारे गए, जबकि 80 से अधिक लोग घायल हुए थे। 24 अक्टूबर, 2008 को इस मामले में साध्वी प्रज्ञा सिंह के अतिरिक्त असीमानंद व कर्नल पुरोहित को भी गिरफ्तार किया गया था। अभी भी वे खराब स्वास्थ के आधार पर जमानत पर बाहर हैं। इसके बाद 18 अप्रैल 2019 को प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने बीजेपी में शामिल होने का ऐलान किया और उसी वर्ष मई में हुये लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने प्रज्ञा को भोपाल से लोकसभा प्रत्याशी भी बना दिया। इससे पहले वे व उनका परिवार राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ था। प्रज्ञा ठाकुर स्वयं संघ के अतरिक्त अपने छात्र जीवन में संघ की ही छात्र शाखा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़ी हुई थीं। उनके सांसद बनने से पहले के भी कई वीडीओ ऐसे हैं जिसमें वे समुदाय विशेष के विरुद्ध नफरत व हिंसा भड़काने के लिये समुदाय विशेष की भीड़ को उकसा रही हैं।

जिस समय मुंबई में 2008 में 26 /11 का आतंकी हमला हुआ और पाकिस्तान स्थित लश्कर के दस प्रशिक्षित आतंकियों ने समुद्री रास्ते से आकर 175 लोगों की हत्या कर दी थी। उस समय तत्कालीन ए टी एस प्रमुख हेमंत करकरे सहित और भी कई अधिकारी व जवान इन आतंकियों से मुठभेड़ करते समय शहीद हो गये थे। उनकी अदम्य वीरता,साहस व बलिदान के लिये 2009 में शहीद करकरे को मरणोपरांत अशोक चक्र से सम्मानित किया गया था। उस समय इसी प्रज्ञा ठाकुर ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान अमर शहीद हेमंत करकरे का घोर अपमान करते हुये कहा था कि 'करकरे ने उन्हें प्रताड़ित किया था और उन्होंने उनके (करकरे के) सर्वनाश का श्राप दिया था इसलिए आतंकवादियों ने उन्हें 'मार' दिया। उनके इस अति निंदनीय बयान की जब चारों ओर घोर भर्त्सना हुई यहाँ तक कि अनेक सैन्य व पुलिस अधिकारियों द्वारा भी प्रज्ञा ठाकुर के बयान को देश की रक्षा के लिये शहीद की शहादत की शान में की गयी गुस्ताखी बताया गया तो उन्होंने अपना उक्त आपत्तिजनक बयान वापस लेने की 'औपचारिकता' भी पूरी कर दी। प्रज्ञा द्वारा शहीद करकरे को अपमानित करने का कारण केवल यह था कि करकरे ने ही प्रज्ञा ठाकुर को मालेगांव ब्लास्ट मामले में गिरफ़्तार किया था।

## जानकारी

# मॉरीशस



मॉरीशस अपने शानदार होटेल्स और खूबसूरती के कारण जाना जाता है। यहां हिन्दुओं की आबादी तीसरे नम्बर पर हैं। यहां हिन्दुओं की लगभग 14 लाख की आबादी है। भारत और नेपाल के बाद मॉरीशस में हिन्दुओं की सबसे बड़ी आबादी रहती है। यहां की मुद्रा मारिशिये रुपया है। मॉरीशस घूमने में 7-10 दिनों का समय पर्याप्त रहेगा। इतने समय में आप मॉरीशस की सैर आराम से कर सकते हैं। मॉरीशस को ड्रीमलैंड के नाम से भी जाना जाता है। हनीमून कपल्स के लिए यह फेवरिट डेस्टिनेशन है। यहां आप अपने वेकेशंस को पूरी तरह से इंजॉय कर पाएंगे। मॉरीशस की राजधानी पोर्ट लुईस है जो राजा लुई के नाम पर दिया गया है। यहां से 30 किलोमीटर की दूरी पर यहां का अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा सर शिवसागर रामगुलाम स्थित है।

# 108MP कैमरा और 12GB रैम के साथ रेडमी का नया फोन लॉन्च

नई दिल्ली: स्मार्टफोन ब्रांड शाओमी ने अपने नए स्मार्टफोन Redmi Note 12 Pro Speed Edition को लॉन्च कर दिया है। इस फोन को फिलहाल घरेलू मार्केट में लॉन्च किया गया है। रेडमी नोट 12 प्रो स्पीड एडिशन में 6.67 इंच की पंच होल एमोलेड डिस्प्ले मिलती है। फोन में ऑक्टा कोर Snapdragon 778G प्रोसेसर और 12 जीबी तक की रैम दी गई है। बता दें कि रेडमी नोट 12 प्रो स्पीड एडिशन, रेडमी की 12 सीरीज का चौथा फोन है। इससे पहले प्रो, प्रो प्लस और डिस्कवरी एडिशन वेरिएंट्स को लॉन्च किया गया है।



**.Redmi Note 12 Pro Speed Edition की कीमत**

रेडमी नोट 12 प्रो स्पीड एडिशन को शिमर ग्रीन, टाइम ब्लू और मिडनाइट ब्लैक कलर ऑप्शन में पेश किया गया है। फोन तीन स्टोरेज में आता है। इसके 6 जीबी रैम के साथ 128 जीबी स्टोरेज की कीमत 1,699 चीनी युआन लगभग 20,000 रुपये और 8 जीबी रैम के साथ 256 जीबी स्टोरेज की कीमत 1,799 चीनी लगभग 21,300 रुपये रखी गई है। वहीं रेडमी नोट 12 प्रो स्पीड एडिशन के 12 जीबी रैम के साथ 256 जीबी स्टोरेज की कीमत 1,999 चीनी युआन लगभग 23,741 रुपये रखी गई है। रेडमी नोट 12 प्रो स्पीड एडिशन में 6.67 इंच की फुल एचडी प्लस पंच होल एमोलेड डिस्प्ले है, जिसका रिफ्रेश रेट 120 हर्ट्ज और पीक ब्राइटनेस 900 निट्स की है। डिस्प्ले के साथ HDR10+ का सपोर्ट दिया गया है। फोन में ऑक्टा कोर Snapdragon 778G प्रोसेसर और 12 जीबी तक रैम के साथ 256 जीबी तक की स्टोरेज मिलती है। फोन में सिक्योरिटी के लिए साइड माउंटेड फिंगरप्रिंट सेंसर दिया गया है। फोन में एंड्रॉयड 12 आधारित MIUI 14 ऑपरेटिंग सिस्टम मिलता है।

साइबर दुनिया

## टॉप ट्वीट



"दशमेश गुरु गोविन्द सिहजी की जयंती (29 दिसम्बर) पर देश व प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री मिश्र ने गुरु गोविन्द सिह जी के आदर्शों से प्रेरणा लेने और उनके प्रेम, एकता एवं भाईचारे के संदेश को आत्मसात करने का सभी से आह्वाना किया है।"

**कलराज मिश्र**
राज्यपाल



" इस साल ने मुझे मजबूत बनाया है और मैं 200 से ज्यादा किलो वजन उठाने या सामान्य से ज्यादा तेज दौड़ने की बात नहीं कर रहा हूं... मेरे संकल्पों को देखें। "

**टाइगर श्राफ**
बॉलिवुड अभिनेता

## संपादक के नाम पत्र

### फैशन डिजाइनर अंजली फौगाट के बढ़ते कदम.....!

फैशन की दुनिया में अंजली फौगाट एक चर्चित नाम है और वो फिलवक्त अपने फैशन कला कौशल व निपुणता की वजह से विश्व विख्यात है और युवा फैशन डिजाइनरों के लिए एक प्रेरणास्रोत बन गई हैं। टाइम्स 40 अंडर 40 अचीवर्स अवार्ड 2022 समारोह में 'इमर्जिंग वुमेन एंटरप्रेन्योर्स इन फैशन' अवार्ड प्राप्त कर चुकी फैशन ब्रांड 'डिजाइनर ड्रीम कलेक्शन' की संस्थापक और क्रिएटिव डायरेक्टर हैं। अंजली फौगाट पूर्व में मिस यूनिवर्स हरनाज कौर संधू और कई अन्य बॉलीवुड हस्तियों को अपने वस्त्र पहनाए और मिस यूनिवर्स सोफिया डिपासियर को 71वें मिस यूनिवर्स सौंदर्य प्रतियोगिता के दौरान अपने खुद के डिजाइन किये वस्त्र पहनाने के लिए काफी उत्साहित थीं। अब खबर आ रही है कि अंजली फौगाट मिस यूनिवर्स चिल्ली सोफिया डेपासियर के लुक को डिजाइन करेगी। चिल्ली सोफिया डेपासियर वर्तमान समय में बिग 5 रैंकिंग में 40वें स्थान पर है जो 2020 की तुलना में दो स्थान अधिक है। मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में, इसका अंतिम स्थान 2004 में था जब गैब्रिएला बैरोस तापिया ने शीर्ष 10 में जगह बनाई थी। 2007-2010 से चिली सोफिया डेपासियर ने मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में भाग नहीं लिया था। सैंटियागो की राजधानी में जन्मी, सोफिया डेपासियर कम उम्र में अमेरिका चली गई। वह एक पेशेवर मॉडल, ब्यूटीशियन और अभिनेत्री हैं। सोफिया 24 साल की है, 5'8.5'लंबी है और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कॉम्यूनिडाड एक्सट्रेंजेरा का प्रतिनिधित्व करती है। सोफिया डेपासियर मिस यूनिवर्स के 71वें संस्करण में चिली का प्रतिनिधित्व करेंगी। सौंदर्य प्रतियोगिता की दुनिया में कोई अजनबी नहीं है (उसने मिस टीन साउथ फ्लोरिडा 2004 में भाग लिया था जहाँ उसे मिस फोटोजेनिक से सम्मानित किया गया था, वह अपनी पूरी कोशिश करेगी और सेसिलिया बोलोको के नक्शेकदम पर चलेगी जिसे 1987 में मिस यूनिवर्स का ताज पहनाया गया था।

**काली दास पाण्डेय**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

# अम्बेडकर ज्ञान मंच के पहल पर जल्द होगा पुस्तकालय का निर्माण

## बच्चों की पढ़ाई अब पुस्तकों के अभाव में बंद नही होगी

राष्ट्रीय खबर

**रक्सौल, पू.च :** अम्बेडकर ज्ञान मंच,रक्सौल का पहल अब रंग लाने लगा है। वैसे गरीब और अभिवंचित वर्गो के बच्चों की पढ़ाई अब पुस्तकों के अभाव में बंद नही होगी और पुस्तक प्रेमियों को भी विभिन्न विचारकों के बहुमूल्य पुस्तकों को पढ़ने की इच्छा धूल - धूसरित नही होगी। इसके लिए अम्बेडकर ज्ञान मंच के पहल पर सिकटा, मैनाटांड़ व जिले के रक्सौल, आदापुर, रामगढ़वा, छौड़ादानों प्रखंडों में यथाशीघ्र अम्बेडकर पुस्तकालय का निर्माण कराया जाएगा।

इसके लिए स्थानीय विधायकों ने अपने विधायक निधि से यथाशीघ्र अम्बेडकर पुस्तकालय निर्माण की हरी झंडी दे दी है। पहली कड़ी में सिकटा के माले विधायक बीरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने सिकटा प्रखंड मुख्यालय परिसर में करीब पंद्रह लाख रुपए की लागत से अम्बेडकर पुस्तकालय भवन के निर्माण के लिए मंगलवार को शिलान्यास कर दिया है। वही रक्सौल, नरकटिया तथा सुगौली विधानसभा क्षेत्र के विधायक भी यथाशीघ्र पुस्तकालय निर्माण के लिए आश्वासन दे दिए है।उक्त आशय का खुलासा करते हुए अम्बेडकर ज्ञान मंच के संस्थापक मुनेश राम ने बताया कि गत दिनों सिकटा विधायक वीरेंद्र गुप्ता ने रामगढ़वा के नरीरगीर में चिमनी ब्लास्ट कांड में मृतकों के परिजनों से मिलने पहुंचे थे। उसी दरम्यान सुगौली विधायक ई. शशिभूषण सिंह की मौजूदगी में इस आधुनिक पुस्तकालय को डिजिटल पुस्तकालय में तब्दील करने का भी आश्वासन दिया है।साथ ही जब इसी तर्ज पर सुगौली के राजद विधायक ई. शशि भूषण सिंह से रामगढ़वा प्रखंड परिसर में भी अम्बेडकर पुस्तकालय स्थापना करने की मांग कर दी तो सिकटा विधायक ने इसकी जबरदस्त सिफारिश कर दी। उसके बाद माननीय विधायक ई.शशि भूषण सिंह ने भी दर्जनों कार्यकताओं व रक्सौल प्रमुख पत्रकार विजय कुमार गिरि की उपस्थिति में रामगढ़वा प्रखंड मुख्यालय परिसर में भी यथाशीघ्र अम्बेडकर पुस्तकालय की स्थापना व भवन निर्माण कराने का आश्वासन दिया है। श्रीराम ने उम्मीद जताते हुए बताया कि विधायक के द्वारा रामगढ़वा में भी यथाशीघ्र इसे मूर्त रूप दे दिया जायेगा। वहीं रक्सौल के भाजपा विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा ने भी रक्सौल के अनुमंडल कार्यालय के सामने अम्बेडकर पार्क सह अम्बेडकर पुस्तकालय के स्थापना के लिए नगर परिषद से प्रस्ताव पारित कराने में महती भूमिका निभाई और इसके निर्माण के लिए अपने विधायक निधि से राशि आवंटन करने का आश्वासन दिया है। इस अंतर्राष्ट्रीय शहर में भी अम्बेडकर पार्क सह अम्बेडकर पुस्तकालय निर्माण नए वर्ष में उनके सौजन्य से पूर्ण हो जायेगा। इधर, नरकटिया के राजद विधायक सह विधि मंत्री डॉ.शमीम अहमद ने भी 06 दिसम्बर 2020 को छौड़ादानों के एकडरी गांव में आयोजित बाबा साहेब के महापरिनिर्वाण दिवस के मौके पर अम्बेडकर ज्ञान मंच के संस्थापक मुनेश राम की मांग पर छौड़ादानों प्रखंड मुख्यालय में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की आदमकद प्रतिमा के साथ अम्बेडकर पुस्तकालय निर्माण कराने का आश्वासन दिया था। पुनः स्मारित करने पर उन्होंने दूरभाष पर बताया कि यह कार्य यथाशीघ्र पूरा करा लिया जाएगा। प्रखंड मुख्यालयों में अम्बेडकर पुस्तकालय के स्थापना से गरीब और मेधावी छात्र -छात्राओं के साथ ही अन्य पुस्तक प्रेमियों को भी पढ़ने का अवसर मिलेगा और शिक्षा का व्यापक प्रसार होगा।



# सड़क में अनियमितता बरतने के कारण ग्रामीणों में आक्रोश

राष्ट्रीय खबर

**मुंगेर :** बिहार सरकार और केंद्रीय सरकार के द्वारा गांव को हर शहर से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री सड़क योजना सह मुख्यमंत्री संपर्क योजना चलाया जा रहा है, जिससे हर गांव के लोग टोली मोहल्ले के लोग का संपर्क नजदीकी शहरों से हो सके । लोगों के बीच स्वास्थ्य सुविधा पेयजल सुविधा पढ़ाई लिखाई जैसी सुविधा आसानी से लोगों तक पहुंच सके। जिसको लेकर के सरकार कार्य कर रही है ।लेकिन इस योजना में सरकार के संवेदक की अहम भूमिका रहत है। ऐसा ही मामला जिले के संग्रामपुर प्रखंड के अंतर्गत देखा जा रहा है। बताते चलें कि बलिया पंचायत में मुख्यमंत्री सड़क योजना के तहत ग्राम सराय से लेकर के टेटिया बंबर प्रखंड के मोहराटन गांव तक बनाया जा रहा है ।वहीं इस कार्य में घोर अनियमितता बरतने के कारण ग्रामीणों आक्रोश है। ग्रामीण सुपोल जमुआ निवासी कारी कॉल झुंझुनिया गोनाई सराय के बरुन कुमार सिंह मोनू कुमार सिंह अरविंद प्रसाद सिंह धर्मेंद्र सिंह, अमरदीप प्रसाद सिंह, अनिल प्रसाद सिंह, उमेश प्रसाद सिंह, महेश प्रसाद सिंह, इत्यादि ग्रामीणों के द्वारा यह बताया गया कि सड़क का निर्माण रात्रि में ही किया जाता है। ताकि हम लोगों को पता ना चले। काम जैसे तैसे करके निकल जाए ।वही ग्रामीणों के द्वारा यह आरोप लगाया गया कि मैट्रियल देने का मात्रा जो है उसे ना दे करके कुछ और दिया जा रहा है। जिसके चलते सड़क रात में बनाया जाता है और दिन में परिचालन होते ही अगले दिन ध्वस्त हो जाता है। इसके लेकर के ग्रामीणों के द्वारा संवेदक से सड़क को पुनः बनाने की मांग की। वही इस संदर्ब मे जब संबंधित पदाधिकारी से जब संपर्क साधा गया तो पता चला कि नगर निगम के निर्वाचन में व्यस्त होने के कारण संपर्क नहीं हो पाया। अब देखने वाली बात यह होगी कि बिहार सरकार के कर्मचारी इस पर क्या एक्शन लेती है या फिर इसी तरह रात में सड़क बनते रहेगी और दिन में गाड़ी का आवागमन होते ही सड़क टूटते रहता है।



# कल पटना में जुटेंगें हम कार्यकर्ता लिट्टी विथ मांझी कार्यक्रम में होंगे शामिल

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (से) के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव डॉ० दानिश रिजवान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि हम पार्टी के संस्थापक संरक्षक बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी एवं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिहार सरकार में अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण मंत्री डॉ० संतोष कुमार सुमन के गरिमामय उपस्थिति में कल लिट्टी विथ मांझी कार्यक्रम की तैयारी जोर शोर से चल रही है। डॉ लिट्टी विथ मांझी कार्यक्रम के तहत पार्टी नेताओं एवं कार्यकताओं से मुलाकात कर दल के साल भर के कार्यक्रमों एवं आगामी रणनीति पर चर्चा करेंगें। हो रही है।

डॉ० दानिश ने बताया कि 30 दिसंबर को हम पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र शास्त्री के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम की तैयारी समिति के सदस्य राजेश निराला, गीता पासवान, बिहार प्रभारी राजन सिद्दीकी, अमरेंद्र कुमार त्रिपाठी, अनिल रजक पटना महानगर अध्यक्ष, स श्रवन आदि हम नेताओं एवं कार्यकताओं द्वारा आयोजित लिट्टी विथ मांझी कार्यक्रम में प्रदेश के सभी हम नेताओं को आमंत्रित किया गया है। हम पार्टी द्वारा आयोजित लिट्टी विथ मांझी कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश सहित अन्य राज्यों से भी हम पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# प्रशासनिक चौकसी के बीच नगर निकाय चुनाव का द्वितीय चरण रहा शांतिपूर्ण

- कुछ बूथों पर ईवीएम में आई हल्की गड़बड़ी, तो कहीं ईवीएम के समीप अंधेरे को लेकर मतदाताओं ने जताई नाराजगी
- चुनाव को लेकर कई बूथों पर तनाव की स्थिति, फिर भी सब कुछ शांतिपूर्ण





राष्ट्रीय खबर

मुंगेरः नगर निकाय चुनाव 2022 के द्वितीय चरण के तहत 28 दिसंबर को मुंगेर नगर निगम चुनाव का मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण रहा, लेकिन जिस प्रकार मतदाताओं की खामोशी देखने को मिली यह चुनाव आयोग के लिए चिंता का सबब बन सकता है। मुंगेर नगर निगम चुनाव को लेकर पूरे शहर में कुल 190 मतदान केंद्र जिला प्रशासन के द्वारा बनाए गए थे। सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था प्रशासनिक पदाधिकारियों के द्वारा किया गया था। मतदाता चुनाव आयोग के निर्धारित समय सुबह 7:00 बजे के पहले मतदान केंद्रों पर अपना मताधिकार करने के लिए लाइन में लगने लग गए थे। चुनाव आयोग के निर्धारित समय सुबह 7:00 बजे से लेकर शाम 5:00 बजे तक मतदान का समय निर्धारित किया गया था, लेकिन कई बूतों पर मतदाता दोपहर 2:00 बजे के बाद लाइन में लगे और अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए निर्धारित समय के बाद भी मतदान किया। चुनाव आयोग के गाइडलाइन के अनुसार जो मतदाता निर्धारित समय के पहले अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए लाइन में लग जाते हैं, तो उन्हें मतदान करने का पूरा अधिकार है। ऐसा कई बूथों पर देखने को मिला। मतदान से पूर्व जो उत्साह और उमंग मतदाताओं में देखा जा रहा था , वह मतदान के दिन ना जाने क्यों नहीं दिखा। यूं कहें कि शहर के अधिकांश व्यवसायी वर्ग के साथ-साथ अन्य लोग अपना कामकाज निपटाने में व्यस्त दिखें। सूत्रों की माने तो एकाध बूथों पर ईवीएम में खराबी भी आई, लेकिन जिसे कुछ ही घंटों के बाद दुरुस्त कर लिया गया। इसके अलावा कुछ बूथों पर समर्थकों के बीच मारपीट की भी घटना घटी। यहा प्रशासनिक चौकसी के बीच सुलझा लिया गया। लेकिन समाचार लिखे जाने तक थाना में मारपीट को लेकर किसी प्रकार की प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई थी। नगर निगम चुनाव को लेकर दानवीर कर्ण और मीर कासिम की नगरी मुंगेर शहर में कहीं दुकानें बंद मिली, तो कहीं खुली । समर्थक अपने-अपने प्रत्याशियों के जीत के दावे करते भी दिखे।बताते मुंगेर नगर निगम में कुल 1,66,424 मतदाता तथा 190 बोथ थे। यहां सबसे अहम प्रतिष्ठित मेयर पद के पर कुल 29 प्रत्याशी चुनावी महादंगल में खड़े थे। चुनाव से एक सप्ताह पूर्व मेयर पद को लेकर जिस प्रकार की गहमागहमी शहर में देखने को मिल रही थी, वह इससे पूर्व मुंगेर मुंगेर में देखने के लिए नहीं मिला। मेयर पद एक प्रत्याशी ने इसे कई रंगों देने का भी प्रयास किया, लेकिन मतदाताओं ने इसे नोटिस तक नहीं लिया। नगर निगम चुनाव को लेकर मुंगेर के प्रभारी डीएम अमरेन्द्र शाही, एसपी जेजे रेड्डी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह सदर एसडीओ यतेंद्र कुमार पाल, एसडीपीओ राजेश कुमार, सहित जिले भर के पदाधिकारी चुनाव को लेकर अपने-अपने सेक्टर में लगातार गश्त करते दिखे। शांतिपूर्ण मतदान के साथ मुंगेर नगर निगम के मेयर, डिप्टी मेयर तथा वार्ड पार्षद की किस्मत ईवीएम में 28 दिसंबर को कैद हो गई। चुनाव आयोग के निर्देश के तहत 30 दिसंबर को मतगणना की तिथि निर्धारित की गई है। ऐसे शहर में नगर निगम चुनाव को लेकर अधिकांश बूथों पर तनाव की स्थिति देखी जा रही है। जिला प्रशासन अगर सतर्क नहीं रही तो समर्थकों के बीच किसी बड़ी घटना से इनकार भी नहीं किया जा सकता है। ऐसे यह शहर शांति और सद्भाव का शहर हमेशा से माना जाता रहा है। इसलिए यह कह सकते हैं तनाव के बीच कि यहां पर सब शांति शांति है।

# कलाकारों के कदम किसके लिए लाभदायक और किसके लिए हानिकारक

## आरोप प्रत्यारोप व हल्की झड़प के बीच नगर निगम का मतदान सम्पन्न

अवधेश कुमार शर्मा



**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला मुख्यालय बेतिया स्थित नगर निगम में 28 दिसंबर 2022 को हल्की झड़प उपरांत शांति पूर्ण मतदान सम्पन्न हुआ। नगर निगम के मेयर, उप मेयर और पार्षद पद के लिए प्रत्याशियों ने जी तोड़ परिश्रम किया। विकास, दावा और आरोप प्रत्यारोप के दृष्टिगत व्यक्तिगत छवि भी मतदाताओं को आकर्षित करते रहे। बेतिया नगरवासियों ने निकाय चुनाव में पहली बार फिल्मी महिला व पुरुष कलाकारों को प्रचार करते देखा। मेरी अधिकतम जानकारी में नगर निकाय के चुनाव के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है। जहां आम जनता ने देखा कि प्रत्याशियों का आत्म विश्वास डगमगा गय। विशेष रुप से मेयर प्रत्याशी गरिमा देवी सिकारया और सुरभि घई का, क्योंकि उपर्युक्त दोनों प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार अभियान काफी सक्रिय रहा। बैनर, पोस्टर, होर्डिंग, प्रचार और प्रसार में सर्वाधिक रहे। इसके अतिरिक्त गरिमादेवी सिकारिया और सुरभि घई के घर घर महिला, पुरुष और विशेष रुप से युवाओं के प्रति आकर्षण का केंद्र रहे। दोनो प्रत्याशियों को चुनौती के लिए रजिया बेगम और गीता कश्यप ने खूब परिश्रम किया। अलबत्ता राजनीति का पहाड़ा गरिमादेवी के व्यवसाई पति रोहित सिकारया ने सबको पढ़ा दिया। रोहित सिकारया ने 25 दिसंबर 2022 को भोजपुरी फिल्म कलाकार गोलू राजा और तारिका अक्षरा सिंह को प्रचार के लिए बुलाया। अक्षरा के कार्यक्रम में हल्की पिटाई की खबर विरोधियों ने प्रचारित किया। उसके बाद 26 दिसंबर 2022 को सुरभि घई के पति राहुल कुमार ने बहुचर्चित गायक सह भोजपुरी नायक खेसारी लाल यादव और पूनम दूबे को बुलाया। इस दौरान मीना बाजार में दूकान लूट की घटना हुई, जिसका ठीकरा राहुल कुमार समर्थको पर फोड़ने का वीडियो वायरल कर दिया गया। जिससे सुरभि घई की बनी बनाई सौम्य छवि बिखर गई। रही रजिया बेगम की तो उन्हे किसी प्रत्याशी के संबंधी का करीबी उनके पुत्र आलमगीर अशरफ को बताया गया। जिससे उनकी प्रबल चुनौती देने वाली छवि पर आघात हुआ। उसके बाद रह गई गीता कश्यप की, उनके पति विजय कश्यप मिसाइल इंजीनियर अवश्य रहे, अलबत्ता चुनावी और सोसल इंजीनियरिंग में काफी पिछड़ गए। ग्रामीण क्षेत्र को नगर निगम में शामिल करने के मुद्दे को उठाया। नगर निगम में रहने वालों को बीमा सुविधा टैक्स मुद्दा उठाया। लेकिन आम नगर वासी को समझाने में पिछड़ गए। जैसे बेतिया के लोगों को जलापूर्ति टैक्स वर्षों से देना पड़ रहा है। वह सुविधा कुछ जगहों पर इधर नल जल योजना से मिली। अब देखना यह है कि प्रत्याशियों की छवि पर कलाकारों की छवि कितनी भारी पड़ती है।

## 5 जनवरी से चंपारण की धरती से अपनी बिहार यात्रा पर निकलेंगे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार



**पटना :** बिहार के मुख्य मंत्री नीतीश कुमार पांच जनवरी से बिहार की यात्रा पर निकल रहे हैं। इसकी शुरूआत चंपारण से शुरू हो रही है। जल संसाधन मंत्री संजय झा ने जानकारी देते हुए बताया कि अपनी यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री सरकार की ओर से चलाए जा रहे विकास कार्यों का जायजा लेंगे और इसकी जमीनी हकीकत जानेंगे। बता दें कि मुख्यमंत्री इसके पहले भी बिहार की यात्रा करते रहे हैं और जनता से मिलकर उनकी समस्या को सुना है और इसी आधार पर कई फैसले भी लिए हैं। इस बार भी नीतीश जी जनता के बीच जा रहे हैं तो हर जिले में जनता दरबार भी लगेगा। इस क्रम में लोग अपनी समस्याओं को सीधे मुख्यमंत्री को बता पाएंगे। इस दौरान कई विभागों के अधिकारी और प्रभारी मंत्री भी मौजूद रहेंगे जिससे फैसला तुरंत लेने में मदद मिलेगी। संजय झा ने बताया कि मुख्यमंत्री की यात्रा को चुनावी यात्रा बताने वाले दलों को ये समझना चाहिए कि क्या सीएम कोई पहली बार यात्रा पर निकल रहे हैं जो इस बार इसे राजनीतिक यात्रा बता रहे हैं। क्या शराबबंदी की जमीनी हकीकत को भी जानने की कोशिश भी यात्रा का मकसद है? इस सवाल पर संजय झा ने कहा, सिर्फ शराबबंदी क्यों, जनता से जुड़े हर मुद्दे को जानेंगे और इसमें शराबबंदी का मामला भी है।

## स्वच्छता का संदेश देने वाले कलाकारों का वार्ड पार्षद ने किया सम्मान



**मुंगेर :** नगर परिषद जमालपुर के वार्ड नंबर 5 में आईटीसी मिशन सुनहरा कल के के द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर स्वच्छता का संदेश कलाकारों की टीम ने दिए। इधर नवीन क्रांति नाट्य मंच मुंगेर के नाटक रंग कर्मियों के जब नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता और कचरा प्रबंधन पर आधारित नाटक का मंचन करते हुए सूखा व गीला कचरा का के विशेषता के बारे में जानकारी दी।कलाकार रामस्वार्थ राय के नेतृत्व में कलाकारों के गीत संगीत नृत्य के माध्यम से स्वच्छ भारत मिशन योजना को सफल बनाने को लेकर जनप्रतिनिधि जनता को संकल्प दिलाया। वही वार्ड के निर्वाचित वार्ड पार्षद दीपांजलि देवी ने सरकार के स्वच्छ भारत मिशन योजना को सफल बनाने को लेकर नगर परिषद में जन जागरण अभियान चला रहे कलाकारों के टीम को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इधर नुक्कड़ नाटक के सफल आयोजन को लेकर पूर्व पार्षद नीतू देवी तमाम कलाकार को बधाई दिए। मौके पर समाजसेवी श्री लाल वैद्य, पटेल सेवा संघ मुंगेर के कोषाध्यक्ष राजीव कुमार, काली, मिक्की मंडल, कुंदन, धीरज, सोनु कुमार सहित कलाकार राजेश कुमार, नवीन कुमार, गौरीशंकर सुजीत, कोमल, मोनी, कुंदन, रंजित कुमार, बबिता गुप्ता, पुस्पा सहित कई वार्ड वासी मौजूद थे।

## शहर वासियों की समस्याओं से रूबरू हुए जमालपुर विधायक



**मुंगेर :** जनता जनप्रतिनिधि के बीच बढ़ रहे दूरी को कम करने को लेकर कांग्रेस विधायक डॉ अजय कुमार सिंह शहर के मूलभूत समस्या से रूबरू होने को लेकर जमालपुर पहुंचे। शहर के पूर्वी छोड़ नयागांव, मुगरौरा व आशिकपुर में विधायक का जहां नेता कार्यकताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। वहीं शहर के कुछ प्रमुख समस्या के बारे में कांग्रेस सेवा दल के जिलाध्यक्ष राज कुमार मंडल, निर्वाचित निर्वाचित वार्ड पार्षद सुमित कुमार उर्फ सोनू मंडल ने बताते हुए विधायक को स्थलीय निरीक्षण करवाया। इधर गली, नली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा के साथ अंचल कार्यालय में धांधली की शिकायत जनता ने विधायक से किए। जनता की समस्या को सुनकर विधायक ने सीधे संबंधित पदाधिकारी का क्लास आते लगाते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वही नगर परिषद के चुनाव में नवनिर्वाचित वार्ड पार्षदों कुमोद देवी, दीपांजलि देवी, सोनू मंडल, सुधा देवी सहित अन्य का विधायक ने बधाई देते हुए उनका सम्मान किया।डॉक्टर दिनेश, आरके मंडल, राजीव कुमार, साई शंकर,उपेंद्र मंडल, काली, अमित, मिक्की मंडल, नवल यादव, पूर्व पार्षद अमर शक्ति, अशोक मेहता, कमलेश्वरी मंडल, कन्हैया, प्रवीण, विनय कुमार याद, ओम प्रकाश, मुन्ना मंडल सहित कई नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

## देश की यात्रा पर निकलने वाले नीतीश कुमार अब बिहार भ्रमण करेंगे - मनोज शर्मा

**पटना :** एक समय बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी पूरे देश में भ्रमण करने का दावा कर रहे थे। विरोधी एकता को एकजुट करने में लगे थे, कह रहे थे कि पूरे भारत में घूम घूम कर एक बड़ी ताकत तैयार करेंगे। लेकिन, अब इनसे अपना बिहार ही नहीं संभल रहा है तो,बिहार भ्रमण पर निकल रहे हैं। क्योंकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार यह समझ चुके हैं और पूरी तरह से जान चुके हैं कि उनकी विरोधी एकता वाली मुहिम पूरी तरह से फेल हो चुकी है। कहीं भी उनकी दाल नहीं गलने वाली है तो, वह अब बिहार पर फोकस करने लगे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से बिहार संभल नहीं रहा है। हत्याएं, लूट-खसोट, बलात्कार, जहरीली शराब से मौत, भ्रष्टाचार जैसे मामलों से बिहार की भयावह स्थिति हो चुकी है और ऐसे हालात में मुख्यमंत्री जी पूरी तरह से हताश हो चुके हैं। यात्रा के बहाने वो एक बार फिर से लोगों के मन को टटोलने जा रहे हैं। लेकिन इस बार लोगों ने मन बना लिया है कि अब बार-बार पलटी मारने वाले नीतीश कुमार का साथ नहीं देंगे। हालांकि, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी को बिहार दौरा पर जाना है तो जाएं। लेकिन, कम से कम एक काम वह करें कि बनावटी लोगों से ना मिले, सजाए हुए भवन में जाकर उद्घाटन ना करें। थ्री लेयर सिक्योरिटी में जाकर समाहरणालय में मीटिंग करना, डी एरिया की सिक्योरिटी में लोगों के बीच में भाषण देना, यह सब कुछ आसान हो जाता है लेकिन, सही बात नहीं पहुंचती है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी थोड़ा हिम्मत दिखाएं और बहुत ही कम सुरक्षाकर्मियों के साथ यदि लोगों के बीच में जाएंगे तो उन्हें बिहार की असलियत का पता चलेगा, लोग बताएंगे कि किस तरह से बिहार में अपराध हो रहे हैं, भ्रष्टाचार अपने चरम पर है, लोग बताएंगे किस तरह से सामाजिक स्थिति खराब हुई है।

## टेक्नो और स्काईस्पोर्ट्स ने लॉन्च किया कॉल ऑफ ड्यूटी मोबाइल पोवा कप

**पटना :** वैश्विक प्रीमियम स्मार्टफोन ब्रांड टेक्नो मोबाइल ने साल भर चलने वाले एक रोमांचक मोबाइल गेमिंग टूनार्मेंट - कॉल ऑफ ड्यूटी मोबाइल इंडिया पोवा कप के लिए दक्षिण एशिया के अग्रणी ईस्पोर्ट्स टूनार्मेंट आयोजक जेटसिंथेसिस स्काईस्पोर्ट्स के साथ साझेदारी की है। 2023 तक रोमांचक कॉल ऑफ ड्यूटीः मोबाइल टूनार्मेंट आयोजित करने के लिए दोनों संस्थाएं एक साथ आ रही हैं। टूनार्मेंट के सीजन 1 में देश भर की कुछ शीर्ष टीमें एक दूसरे के खिलाफ एक तीव्र कॉल ऑफ ड्यूटी शोडाउन में प्रतिस्पर्धा करेंगी। इस गेमिंग आयोजन में टेक्नो पोवा स्मार्टफोन्स स्काईस्पोर्ट्स की जमीनी स्तर की पहुंच और विस्तृत ईस्पोर्ट इवेंट्स को देखेंगे, ताकि मोबाइल गेमिंग के लिए उत्साह रखने वाले जिलेनियल्स के साथ एक उल्लेखनीय संबंध विकसित किया जा सके। टूनार्मेंट के मैचों को स्काईस्पोर्ट्स के आधिकारिक सोशल मीडिया चैनलों पर चार अलग-अलग भाषाओं, यानी अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु में लाइव-स्ट्रीम किया जाएगा, ताकि देश के कोने-कोने से गेमिंग के प्रति उत्साही लोगों के साथ प्रभावी ढंग से जुड़ा जा सके। हाल ही में हुई साझेदारी के बारे में बात करते हुए टेक्नो मोबाइल इंडिया के सीईओ अरिजीत तालापात्रा ने कहा, ह्लमौजूदा वित्तीय वर्ष में, भारत में 50 करोड़ से अधिक नागरिकों ने गेमिंग की ओर रुख किया है, जिसका मतलब है कि पिछले साल की तुलना में 12% की उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। भारत के गेमिंग क्षेत्र ने 2.6 बिलियन डॉलर की भारी बढ़ोतरी दर्ज की है और आगे 27% की बढ़ोतरी के साथ 8.6 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है।

## उत्पाद पुलिस ने किया जावा महुआ और शराब को नष्ट



राष्ट्रीय खबर

**हरिहरहंज/पलामू :** पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा तथा उत्पाद अधीक्षक विमला लकड़ा के निर्देश पर उत्पाद निरीक्षक संजय कुमार ने मंगलवार की देर शाम जिले के पथरा ओपी के सहयोग से अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान 90 क्विंटल जावा महुआ तथा 60 लीटर महुआ से निर्मित शराब बरामद की गई। शराब बनाने के उपकरण को घटनास्थल पर ही नष्ट किया गया।हालांकि भनक लगते ही शराब बनाने वाले कारोबारी जंगली क्षेत्र का फायदा उठाकर फरार हो गए, जिन्हें चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी।अभियान का नेतृत्व कर रहे उत्पाद निरीक्षक ने बताया कि हरिहरगंज थाना क्षेत्र के भांवर गांव के मंगरदाहा टोला के जंगली इलाकों में बड़े पैमाने पर अवैध महुआ शराब की भट्टी चलने की सूचना मिल रही थी।सूचना के आलोक में पुलिस के साथ टीम बनाकर कार्रवाई की गई। इस दौरान बड़े पैमाने पर चल रहे चुलाई के अड्डे को ध्वस्त किया गया। साथ ही एक पुराने कुएं में जावा महुआ डाला हुआ पाया गया। उसे भी नष्ट किया गया। अभियान में पथरा ओपी प्रभारी नीतीश कुमार के अलावा पुलिस बल के कई जवान शामिल थे।

### कोरोना के नये वेरिएंट से बचाव को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

# स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट मोड में रहने के दिया निर्देश

राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर (पलामू):** उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने बुधवार को संभावित कोविड के नये वेरिएंट को लेकर स्वास्थ्य विभाग से जुड़े पदाधिकारियों, डॉक्टरों व कर्मचारियों संग बैठक की.समाहरणालय के सभागार में आयोजित बैठक में उपायुक्त ने कोविड के नये वेरिएंट को लेकर जिले में की जा रही आवश्यक तैयारियों से अवगत हुए। इस दौरान उपायुक्त दोड्डे ने कहा कि कोविड का नया वेरिएंट कितना प्रभावी होगा यह किसी को नहीं पता ऐसे में आप सभी किसी भी स्थिति से निपटने के लिये तैयार रहें।



**पांकी व लेस्लीगंज सीएचसी में बने पीएसए प्लांट के संचालन को लेकर जनरेटर व ट्रांसफार्मर लगाने के निर्देश**

बैठक में आवश्यक तैयारियों के संबंध में उपायुक्त को बताया गया कि पांकी व लेस्लीगंज सीएचसी में बने पीएसए प्लांट के संचालन हेतु जनरेटर व ट्रांसफार्मर के अधिष्ठापन की आवश्यकता है इसपर उपायुक्त ने जिला योजना पदाधिकारी व नजारत उप समाहर्ता को बिजली विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर जनरेटर अधिष्ठापन करवाने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान उपायुक्त को बताया गया कि जिले में ऑक्सीजन युक्त कुल 426 बेड तैयार है साथ ही 856 ऑक्सीजन सिलिंडर उपलब्ध है। उपायुक्त ने सभी सीऐचसी स्तर पर बेड की उपलब्धता हो यह सुनिश्चित करने की बात कही।

**टेस्टिंग बढ़ाने व अलर्ट मोड में रहने के निर्देश**

बैठक में उपायुक्त ने सीएस व डीपीएम को जिले में टेस्टिंग बढ़ाने के निर्देश दिये इस दौरान बाहर के ट्रैवल हिस्ट्री वाले लोगों पर विशेष फोकस करने की बात कही। उन्होंने जिले के बॉर्डर एरिया पर टेस्टिंग बढ़ाने की बात कही। इसके अलावे लोगों को मास्क पहनने,वैक्सीनेशन करवाने से संबंधित जागरूकता फैलाने पर बल दिया। मौके पर उपरोक्त के अलावे एमएमसीएच के अधीक्षक, सभी चिकित्सा पदाधिकारी, सभी प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक समेत अन्य उपस्थित थे।

## पुलिस ने तीन चोरों को टेम्पू के साथ किया गिरफ्तार



राष्ट्रीय खबर

**छतरपुर (पलामू):** छतरपुर थाना ने गुप्त सूचना के आधार पर छतरपुर बाजार से रामनाथ तिवारी पिता रामनिवास तिवारी ग्राम गोलहना थाना पड़वा जिला पलामू का टैंपू नंबर जेएच03क्यू 4380 अज्ञात तीन व्यक्ति जो साड़ी का फेरी का काम करने के लिए भाड़े पर ले कर गए जिसे झांसा देकर छतरपुर मंगल बाजार से चोरी कर लिया गया है।

सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई करते हुये छतरपुर पुलिस ने बॉर्डर थाने को सील कर छापामारी किया छापेमारी के क्रम में भितिहा मोड़ के पास तीन अज्ञात व्यक्ति व टेंपो को पकड़ा गया। पकडे गए व्यक्तियों में शाहफुजआलम उम्र करीब 32 वर्ष, रेहान खान उम्र करीब 26 वर्ष, बबलू कुमार गोस्वामी उम्र करीब 27 वर्ष तीनों ग्राम टालडंगा थाना चिरकुंडा जिला धनबाद के निवासी बताए गए तीनो व्यक्तियों ने अपने-अपने अपराध स्वीकार करते हुए आगे यह भी बताया कि उक्त टैंपू को धनबाद ले जा रहे थे इस संबंध में छतरपुर थाना के कांड दर्ज की जा रही है।

साथ ही छतरपुर पुलिस के द्वारा छतरपुर थाना कांड संख्या 42/21 दिनांक 02/03/21 धारा 395 भादंवि सड़क डकैती के मुख्य आरोपी मंटू पासवान पिता पवन पासवान को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है छापेमारी दल में पुअनि शेखर कुमार थाना प्रभारी छत्तरपुर, पुअनि प्रियरंजन कुमार, पुअनि विजय कुमार रवानी, पुअनि रमेश चन्द हज्जाम, सैट-2 सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

**संक्षिप्त >> अपडेट्स**

### गुमला में मना कांग्रेस का स्थापना दिवस

**गुमला :** कांग्रेस पार्टी की 138वी स्थापना दिवस जिला अध्यक्ष चैतु उरांव की अध्यक्षता में गुमला परिसदन में मनाया गया। जिला अध्यक्ष चैतु उरांव ने कहा कि आज ही के दिन 28 दिसम्बर 1885 ई को हुआ था। जिसका संस्थापक ए. ओ.हियुम थे। उस वक्त देश अंग्रेजो के हाथ गुलाम था। देश कोआजादी दिलाने के लिये स्वतंत्रता आंदोलन में भी कांग्रेस पार्टी का बहुमुल्य योगदान रहा है। कांग्रेस पार्टी के बदौलत हीं आज हम स्वतन्त्र भारत में स्वतंत्रता स्वांस ले लहे हैं। इस अवसर पर जिला कांग्रेस के द्वारा पुराने कांग्रेसियों को आमंत्रित कर सम्मानित किया गया।जिनमे प्रमुख रूप से मो समसू जोहाबाबर मिंया, प्रो भूषण महतो,मो सलाउद्दीन अंसारी, हिलारिउस तिर्की, फुलझड़ी भगत, भुनेश्वर साहू, पतितपावन साही को फूल माला पहनाकर एवं शॉल ओड़ा कर सम्मानित किया गया। उपस्थित नवनियुक्त प्रदेस प्रधिनिधि अकील रहमान, मानिक चंद साहू,संगीता जायसवाल ,मो आशिक अंसारी चुमनु उराँव मुरली मनोहार प्रसाद को भी फूल माला पहनाकर एवं सौल ओड़ा कर सम्मानित किया गया।

## कांग्रेस का स्थापना दिवस मना

राष्ट्रीय खबर

**पलामः** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 138 वां स्थापना दिवस धूमधाम से पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिला कार्यालय के प्रांगण में मनाया गया ।जिसका अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने किया। स्थापना दिवस के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सह जोनल कोऑर्डिनेटर भीम कुमार उपस्थित हुए। कार्यक्रम के शुरूआत में झंडोत्तोलन कर राष्ट्रगान गाया गया एवम दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात अमर स्वतंत्रा सेनानीयो के तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत रघुपति राघव राजा राम से किया गया और समापन नफरत छोड़ो भारत जोड़ो गीत से किया गया। स्थापना दिवस कार्यक्रम को मौके पर सभी नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष को प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि आप सबको अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्थापना दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं । 28 दिसंबर 1885 में आज के ही दिन कांग्रेश पार्टी की स्थापना हुई थी। व्योमेश चंद्र बनर्जी दादाभाई नरोजी सर फिरोजशाह मेहता लोकमान्य



गंगाधर तिलक महात्मा गांधी पंडित जवाहरलाल नेहरू सरदार वल्लभभाई पटेल मौलाना आजाद डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सुभाष चंद्र बोस लाल बहादुर शास्त्री इंदिरा गांधी देश की आजादी की लड़ाई लड़ी ईवम देश को आजाद कराया । एक एक ईट जोड़कर राष्ट्र का निर्माण किया। छोटी-छोटी 500 से ज्यादा रियासतों को मिलाकर एक राष्ट्र भारत बनाया जो कश्मीर से कन्याकुमारी तक मां भारती को एकाकर करता है। भारत मां के लाल सरदार भगत सिंह रामप्रसाद बिस्मिल चंद्रशेखर आजाद अशफाक उल्ला के बलिदान ने क्रांति के चोले को रंग दिया । राजीव गांधी ने अपने काल से 30 साल आगे के भारत के भविष्य के लिए 21वीं सदी का नारा दिया। 21वीं सदी को कंप्यूटर संचार और इंटरनेट की सदी बनाने के नीव राजीव गांधी ने रखी । जिसमें भारत को संचार क्रांति का नेतृत्व मिला भारत विश्व गुरु बना सोनिया गांधी और मनमोहन सिंह ने मंदी की मार से दुनिया के सामने भारत की अर्थव्यवस्था की स्थिरता स्थापित किया ।आरटीआई ,भोजन का अधिकार, मनरेगा, शिक्षा का अधिकार ,वन अधिकार कानून को से नागरिक सशक्तिकरण का जनपथ बनाया। हमारी पार्टी सोनिया गांधी राहुल गांधी जी के नेतृत्व में लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा और देश को नई दिशा में जोड़ने के उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रयत्नशील है। कांग्रेस पार्टी भारतीय संस्कृति सभ्यता और राष्ट्रवाद की सचिव प्रतिनिधि है भारत के सभी धर्म जाति क्षेत्र और भाषाओं के लोग कांग्रेश की विचारधारा से ही प्रभावित होते हैं गौरव का विषय है कि हम भारतीय इस महान बहूलतावादी धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक परंपरा में शामिल है। आज पार्टी का स्थापना दिवस पर हम सब कांग्रेस पार्टी और परंपराओं को मजबूत करने का संकल्प ले । देश के लोकतंत्र और

## करोड़ों रुपए से निर्मित रोड का हाल बदहाल, लोग परेशान



राष्ट्रीय खबर

**हरिहरगंज / पलामू :** करोड़ों रुपए की लागत से निर्मित पीपरा प्रखंड के दुबटीया मोड़ से पीपरा बाजार होते हुए जपला पथरा रोड काफी जर्जर और बदहाल हो चुका है। वहीं सड़क में सैकड़ों बड़े बड़े गढ़े बन बनने और दर्जनों निर्मित पुलिया ध्वस्त हो जाने से लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि चार साल पहले ही तातेया कंट्रक्शन के द्वारा करीब 52 करोड़ की लागत से सड़क का निर्माण कराया गया था। इस दौरान घटिया सामग्री लगाए जाने से सड़क की स्थिति दयनीय हो गई है। इसे लेकर निर्माण कार्य के आरम्भ से ही ग्रामीणों ने कई बार सड़क की गुणवता पर सवाल भी खड़े किए। किंतु संबन्धित अधिकारियों द्वारा कभी भी संज्ञान नहीं लिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य के संवेदक के साथ ही इलाकेभर के क्रेशर संचालक सड़क बदहाली के जवाबदेह हैं। जिनके द्वारा रात दिन सड़क पर गिट्टी , स्टोन डस्ट लोडेड हाईवा ट्रकों का बेरोकटोक परिचालन किया जाता है। इस कारण सड़क पर धूल की परत जम जाने से आवागमन के दौरान राहगीरों को परेशान होना पड़ता है। बता दें कि इस जर्जर सड़क पर यात्रा के दौरान हादसे की आशंका से लोग डरे सहमें रहते हैं। सड़क की दुर्दशा देख आस पास गांवों के हजारों लोग चिंतित हैं। हालांकि कई बार ग्रामीणों ने जर्जर सड़क की मरम्मत कराने का आग्रह भी किया किंतु निर्माण के साथ ही बदहाल हुई सड़क की कभी भी पुरी तरह से मरम्मती नहीं कराई गई जो लोगों, वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है।

**न्यूज फटाफट**

### अम्लान कुसुम बने साइकिलिंग संघ के उपाध्यक्ष

**पाकुड :**भारतीय साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्देश के आलोक में झारखंड साइकिलिंग संघ का ए. जी. एम. सह चुनाव साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा किया गया जिसमें पर्यवेक्षक के रुप में नियुक्त अभिजीत सेठ व झारखंड ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष एस.के पांडे के देखरेख में होटल रॉयल पद्मावती गढ़वा में चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव में सत्र 2023 से 2027 सत्र के लिए पाकुड़ जिला साइकिलिंग संघ के अध्यक्ष अम्लान कुसुम सिन्हा उर्फ बुल्टी जी को सर्व सम्मति से झारखंड राज्य साइकिलिंग संघ का उपाध्यक्ष बनाया गया वही जिला साइकिलिंग संघ के सचिव रणवीर सिंह को झारखंड राज्य साइकिलिंग संघ का कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वार्षिक आम बैठक का मुख्य रूप से एजेंडा तय किया गया की।

### फुटबॉल प्रतियोगिता : पाकुर टीम फाइनल में

**पाकुड़ :** राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता जिले की बालक टीम फाइनल मैं पहुंची।मोहराबादी स्टेडियम राँची में मुख्यमंत्री आमंत्रण राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता 2022-23 हो रहा। पर्यटन, कला, संस्कृति खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड, रांची के द्वारा मोराबादी स्थित मैदान में आयोजित पांच दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पाकुड़ की टीम ने 02-00 से चाईबासा को पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। 29/12/2022 को रोमांचक फाइनल मुकाबला धनबाद बनाम पाकुड़ के बीच खेला जाएगा। उक्त प्रतियोगिता में विजेता टीम को 300000 लाख उपविजेता टीम को दो लाख का चेक देकर माननीय मुख्यमंत्री द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। उपायुक्त महोदय वरुण रंजन, उप विकास आयुक्त श्री शाहिद अख्तर, अनुमंडल पदाधिकारी हरिवंश पंडित, जिला खेल पदाधिकारी राहुल कुमार, पाकुड़, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला ओलंपिक संघ के महासचिव सह पाकुड़ जिला फुटबॉल संघ के सचिव रणवीर सिंह, टीम प्रबंधक एम.डी शकील हक आदि ने बधाई दिया।

### सरकार का ऐतिहासिक कदमः आलोक साहू

**लोहरदगा :** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने झारखंड सरकार के 3 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में 29 दिसंबर को झारखंड सरकार के द्वारा बारह सौ करोड़ रुपये से अधिक राशि डीवीडी के जरिए ट्रांसफर करने का निर्णय करने के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि यह झारखंड सरकार का ऐतिहासिक कदम है जिसका चहूंओर प्रशंसा हो रही है। श्री साहू ने बताया कि राज्य के लगभग 10 लाख किसानों को बैंक अकाउंट में ?3500 की अनुदान राशि डाला जाएगा उसी प्रकार 25 लाख छात्र-छात्राओं के खाते में प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं 5-60 लाख बच्चियों के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत राशि ट्रांसफार्मर की जाएगी। प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत एक से पांच तक के विद्यार्थियों को 1500 कक्षा 6 से 8 तक के छात्र-छात्राओं को 2500 और कक्षा 9 एवं 10 के विद्यार्थियों को ?4500 दी जाएगी।

### निष्पक्ष न्याय दिलाने का मांग किया

**गुमला :** जिले के गुमला सदर प्रखंड के उप प्रमुख मो मुस्तफा आलम उर्फ राजन की पत्नी नगमा फि रदौस ने पुलिस अधीक्षक व पुलिस महानिदेशक को आवेदन देकर अपने पति को एक साजिश के तहत तथा बदले की भावना से गलत आरोप लगाकर एसटी -एससी थाना कांड संख्या-11/2022 में फंसाये जाने की बात कहते हुए मामले को किसी निष्पक्ष पुलिस अधिकारी से जांच कराते हुए न्याय दिलाने की आग्रह की है। आवेदन में इन्होंने लिखी है कि जून 2022 में मेरे पति उप प्रमुख निर्वाचित हुए तथा प्राथमिकी दर्ज में 2021 में हुए नाली निर्माण में हुए गड़बड़ी के सम्बन्ध में मेरे पति के विरुद्ध आरोप मढ़ते हुए कहा गया है कि वे उप प्रमुख बनकर अपने निजी व चहेते रिस्तेदारो को फायदा पहुंचाकर आधी अधूरी योजना का निर्माण कर सरकारी राशि का दुरुपयोग किया गया जो बिल्कुल तथ्यहीन है।

### ग्रामीणों ने मिशन बदलाव के प्रति आभार व्यक्त किया

**गुमला :** मिशन बदलाव और ग्रमीणों की बैठक सुपा के प्राथमिक स्कूलके प्रांगण में आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता बुधराम उराव और धन्यवाद ज्ञापन महेस्वर उराव ने किया ।ग्रामीणों के द्वारा एक साल से खराब पड़े ट्रांसफार्मर को लेकर मिशन बदलाव सदस्यों को अवगत कराया था ।ये सभी समस्याओं को लेकर ग्रामीणों के द्वारा प्रसाशन को कई बार आवेदन देने के बावजूद पदाधिकारी के द्वारा अनसुना कर दिया जाता था ।जब मिशन बदलाव सदस्य बुधेस्वर उराव और गंगा उराव के द्वारा ये समस्याओं को मिशन बदलाव के समक्ष लाया गया ।टीम के द्वारा पूरी समस्याओं के समाधान के लिये जिला के पदाधिकारियों के द्वारा विभीषण माध्यम से अवगत कराया गया ।ये सभी मामलों को प्रसाशन ने गंभीरता से लिया और त्वरित एक्शन लिया ।ये ।सभी समस्याओं के समाधान के बाद ग्रामीणों के द्वारा मिशन बदलाव,प्रसाशन एवं मीडियाकर्मियों के प्रति भी आभार व्यक्त किया गया।

### लेस्लीगंज के जैप-8 वाहिनी परिसर में आईआरबी-10 के आरक्षी प्रशिक्षुओं के पारण परेड समारोह में मुख्यमंत्री ने लिया भाग

# पुलिस बल में महिलाओं की भागीदारी गर्व का विषय

- प्रशिक्षण प्राप्त कर सरकार का अभिन्न अंग बन चुके जवान, अपने कर्तव्यों का करें निर्वहन
- लेस्लीगंज के जैप-8 परिसर में बनेगा 250 बेड का तीन बैरक, जवानों को मिलेगा प्रशिक्षण अलाउंस
- मुख्यमंत्री ने पांडू एवं नावाबाजार थाना भवन का किया ऑनलाइन उद्घाटन



राष्ट्रयी खबर

**पलामूः** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में हजारों की संख्या में जवानों की नियुक्ति एवं उनमें महिलाओं की भागीदारी गर्व की बात है। पुरुष के साथ-साथ पुलिस महकमे में महिलाओं को चुना जाना एवं उन्हें प्रशिक्षित किया जाना महिला सशक्तिकरण की मिसाल है। महिलाएं अपनी दक्षता से महिला उत्पीड़न, साइबर अपराध, सामाजिक अपराधों में मुंहतोड़ जवाब देकर बेहतर समाज निर्माण में अपना अमूल्य योगदान देंगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज बुनियादी प्रशिक्षण (चतुर्थ सत्र) प्राप्त कर रहे आईआरबी-10 पलामू के आरक्षी प्रशिक्षुओं को के पारण परेड समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह का आयोजन नीलांबर - पीतांबरपुर/लेस्लीगंज के जैप-8 वाहिनी परिसर के वाहिनी परेड मैदान में आयोजित किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन जवानों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है वे अपने आप को यहीं तक सीमित नहीं रखे, भविष्य की चुनौतियों से भी आगे निकलने की सोचें। अपने काम से ही आम लोगों के बीच पहचान बनेगी।

मुख्यमंत्री ने पारण परेड में शामिल जवानों एवं उनके अभिभावकों को भावी जीवन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 554 आरक्षियों में 183 महिलाओं का होना महिला सशक्तिकरण का बेहतर उदाहरण है।

मुख्यमंत्री ने पारण परेड में शामिल जवानों का उत्साहवर्धन किया करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं के जोश एवं उनके उत्साह को निखरने का मौका मिला है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जैप-8 परिसर में जवानों के प्रशिक्षण के लिए आधारभूत संरचना की विस्तृत समीक्षा करते हुए जवानों की हर समस्याएं दूर करने एवं आवश्यक बुनियादी सुविधाएं बहाल कराने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि जवानों के रहने के लिए बैरक, पेयजल व्यवस्था और अन्य आवश्यक बुनियादी सुविधाएं शीघ्र बहाल की जाएगी। मुख्यमंत्री ने यहां 250 बेड का तीन बैरक बनाने, जवानों को प्रशिक्षण अलाउंस देने, जैप-8 वाहिनी परिसर को पूरी तरह से दुरुस्त करने एवं पेयजल समस्या के निदान हेतु आश्वस्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आईआरबी का अपना कैंपस होना चाहिए।

इसके पूर्व मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षु आरक्षियों के पारण परेड का निरीक्षण किया और आकर्षक परेड की सलामी ली। साथ ही जवानों को कर्तव्य निर्वहन हेतु शपथ ग्रहण कराया एवं पारण परेड का मार्च पास्ट का अवलोकन किया। पारण परेड समारोह के अंतर्गत प्रशिक्षु जवानों ने बैंड की आकर्षक धुन पर मार्च पास्ट किया।

**सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जवान पुरस्कृत**

मुख्यमंत्री ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जवानों को पुरस्कृत किया। पुरस्कार प्राप्त करने वालों में महिला आरक्षी ममता कुमारी, प्रभा लाकड़ा, ज्योतिन गोराई, पुरुष आरक्षी मिथिलेश कुमार, राजेंद्र उरांव, हवलदार कमलेश दुबे शामिल थे। वहीं जैप-8 के डीएसपी दीपक कुमार को प्रशस्ति पत्र दिया गया।

**दो थानों का हुआ ऑनलाइन उद्घाटन**

मुख्यमंत्री ने जैप-8 परिसर स्थित पारण परेड समारोह से माउस का बटन दबाकर पलामू जिले के पांडु एवं नावाबाजार थाना भवन का ऑनलाइन उद्घाटन किया।

**सामुदायिक पुलिसिंग के तहत खिलाड़ियों को मिली खेल सामग्री**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पलामू के युवा खिलाड़ियों को सामुदायिक पुलिसिंग के तहत प्रोत्साहन के तौर पर खेल सामग्री प्रदान कर पुरस्कृत किया। उन्होंने प्रत्येक टीम को फुटबॉल, जर्सी, जूता, इनक्लेट, ग्लब्स आदि खेल सामग्री देकर पुरस्कृत किया। साथ ही खेल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने तथा खेल के क्षेत्र को बढ़ावा देने का भरोसा जताया।

मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव सह गृह सचिव राजीव अरुण एक्का ने पारण परेड उपरांत झारखंड सरकार के पुलिस में अंग बनाने वाले जवानों के उज्जवल भविष्य की कामना की और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि जवान अपनी जिम्मेदारी के साथ कानून एवं नियमों के पालन तथा अनुपालन कराने के लिए अग्रणी पंक्ति में खड़े रहें। जवानों को प्रशिक्षण देकर सभी कार्यों के लिए दक्ष बनाया गया है, उनकी दक्षता बढ़ाई गई है, ताकि वे समय और परिस्थितियों के साथ तेजी से कार्य करेंगे। उन्होंने जवानों का उत्साहवर्धन करते हुए आह्वान किया कि आज लोगों में जो भिन्नताएं हैं वैसे समाज के कमजोर, आदिवासी, दलित, पिछड़े वर्ग के लोगों के सहयोग एवं मदद के लिए आगे रहें। उन्होंने कहा कि वर्दी का रंग ऐसा रखें, जिससे लोगों को सहयोग मिले और उनका हौसला बुलंद रहे।

महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक नीरज सिन्हा ने कहा कि कोविड-19 संक्रमण के कारण जवानों के प्रशिक्षण में व्यवधान हुआ, लेकिन अब वे पूरी मुस्तैदी के साथ झारखंड पुलिस बल में शामिल हो रहे हैं।

## शहर >> अपडेट

### एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**सतगावां:** प्रखण्ड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी (सीएस) के आदेशानुसार प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सत्यनारायण भकत के उपस्थिति में बुधवार को राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण हेतु प्रशिक्षण आयोजित हुआ। एमपीडब्लू सोनु कुमार एवं दिनेश कुमार के द्वारा प्रखण्ड के सहिया दीदियों को प्रशिक्षण दिया गया ।

## सिटी अपडेट्स >>

### जिला नाई समाज की बैठक

**कोडरमा:** बुधवार को जिला नाई समाज की बैठक ध्वाजाधारी धाम कोडरमा में डॉ भुनेश्वर ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया। संचालन पूर्व जिला अध्यक्ष अधिवक्ता शिवनंदन कुमार शर्मा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से जननायक कपूर्री ठाकुर की जयंती आगामी 24 जनवरी को मनाए जाने के संबंध में रूप रेखा तय की गई। बैठक में सर्व समिति से यह निर्णय लिया गया कि जननायक कपूर्री ठाकुर की जयंती धूमधाम से डोमचांच कपूर्री ठाकुर चौक पर अवस्थित आदम कद प्रतिमा के समक्ष मनाई जाएगी।

### दिबरा लदे दो टेम्पो जप्त, चालक फरार

**कोडरमा:** वन विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर प्रभार वनपाल सुजीत कुमार सोनी के नेतृत्व में ढिबरा लदे दो टेम्पो वाहन को जब्त किया गया। बताया जाता है कि विभाग को मिली गुप्त सूचना के आधार पर लोहासिकार के पास से उक्त वाहन को जप्त किया गया। हांलाकि इस मामले में किसी को गिरफ्तारी नहीं किया। रेंजर रामबाबू कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी, जंगल से ढिबरा लोड करके दो टेम्पो वाहन तिलैया की ओर जा रहा है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### झामुमो की पंचायत कमिटि का हुआ गठन

**सतगावां:** प्रखण्ड में बुधवार को झामुमो के प्रखण्ड अध्यक्ष गणेश राय की अध्यक्षता में पंचायत स्तरीय कमिटी का गठन किया गया। संचालन प्रखण्ड सचिव धर्मेंद्र यादव के द्वारा किया गया जिसमें पंचायत अध्यक्ष सुबोध पांडेय, उपाध्यक्ष संतोष पासवान, सचिव जवाहर तिवारी, कोषाध्यक्ष इम्तियाज शेख एवं सदस्य बालेश्वर सिंह, अनिता देवी, मुनिया देवी, शीला देवी, बलदेव हाड़ी, संजय राजवंशी, दीपक राजवंशी, अशोक राजवंशी को बनाया गया। मौके पर झाझा विधानसभा पूर्व प्रत्याशी अजीत कु .यादव, प्रखण्ड अध्यक्ष गणेश राय, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रखण्ड अध्यक्ष एहतेशाम शेख, प्रखण्ड सचिव धर्मेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष सुबोध कु . यादव मौजूद थे।

### दो दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर लगा

**कोडरमा:** पतंजलि परिवार योग समिति हरिद्वार के तत्वाधान में दो दिवसीय योग शिविर देवघर प्रवास में योग क्रांति जोड़ी देवघर मित्रा प्लस टू उच्च विद्यालय में निशुल्क शिविर के कार्यक्रम के आयोजक, झारखंड प्रांत के सदस्य और देवघर जिला के भारत स्वाभिमान प्रभारी अनुज त्यागी और उनके पूरी टीम के अगुवाई में किया गया। शिविर का उद्घाटन दीप प्रज्वलित के साथ किया गया जिसमें मुख्य अतिथि योगाचार्य प्रदीप कुमार सुमन और विशिष्ट अतिथि सुषमा सुमन और भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी अनुज त्यागी और कोषाध्यक्ष प्रकाश चौधरी, युवा प्रभारी मनोज कुमार, मीडिया प्रभारी सुमित सौरभ, योग शिक्षक शंभू बरनवाल, रामेश्वर मोदी, सौरभ तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद मुख्य अतिथि प्रदीप कुमार सुमन और सुषमा सुमन को शाल और माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

# रोजगार मेला का हुआ आयोजन 352 युवाओं को मिला नियुक्ति पत्र

राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** जिला नियोजनालय सह मॉडल कैरियर सेन्टर, कोडरमा द्वारा बुधवार को समाहरणालय परिसर में एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला-2022 का आयोजन किया गया। मेले में मुख्य अतिथि विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि एक समय था, जब रोजगार मेला की व्यवस्था नहीं थी। परंतु तब भी हम लोग रोजगार पाने हेतु प्रयास करते थे। आज के समय में रोजगार मेला हर जिले में लगाया जा रहा है, जिसका भरपूर फायदा आप सब उठा सकते हैं। उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि सरकार की महत्वकांक्षी सोच एवं जिला प्रशासन की पहल से रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रोजगार की संभावना बढ़ाने हेतु जिला प्रशासन हमेशा प्रयासरत है।



उन्होंने कहा कि अपना संघर्ष कायम रखते हुए जहां मौका मिले कार्य करना चाहिए। उन्होंने बताया कि 12 जनवरी 2023 को फिर से रोजगार मेला का आयोजन कोडरमा जिला में किया जाएगा। दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला में जिले के कुल 352 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया गया तथा 543 युवाओं को शॉर्टलिस्ट किया गया है, जिनका इंटरव्यू कराने के पश्चात नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। साथ ही रोजगार मेला कुल 30 कंपनियों ने भाग लिया। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, जिला नियोजन पदाधिकारी मोहम्मद इमरान फारुकी व अन्य उपस्थित थे।

# रक्तदान कर बचाई पीड़ित बच्चे की जान




राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** इंसानियत फाउंडेशन के सदस्य समाज मे असहाय जरूरतमंदो को अपना रक्त दान कर समाज का मदद करते आ रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार विजयपुर मयूरकेला रहमान शेख के तीन बच्चे है। तीनो को थैलीसीमिया नामक बीमारी पीड़ित है। इस बीमारी से बच्चो मे अपने शरीर मे रक्त निर्माण नहीं होते है राबियाना खातून उम्र 12 साल इस बच्ची के पिता ने हर बार की तरह इंसानियत फाउंडेशन के अध्यक्ष बानिज शेख फोन पर ओ पॉजिटिव रक्त व्यवस्था के निवेदन किया। इंसानियत फाउंडेशन के तरफ से इस परिवार को 13 यूनिट ब्लड दिया जा चुका है और आगे भी मदद करते रहेंगे चांचकी के युवा समाजसेवी मेहबूब आलम ने ब्लड बैंक पहुंचकर अपना रक्तदान कर पाकुड़ सदर अस्पताल मे बच्ची का इलाज में सहयोग प्रदान किया। उन्होंने कहा की रक्तदान से किसी का जान बचे तो रक्तदान जरूर करें मौके पर रहमान शेख, पियूष, अध्यक्ष बानिज शेख एवं नवीन कुमार मौजूद रहे है।

अवैध लकड़ी की कटाई एवं धुलाई तस्करों द्वारा बदस्तूर जारी प्रशासन मौन

# बेरोकटोक खुलेआम प्रकृति से खिलवाड़ कर रहे तस्कर

- विभाग खाना पूर्ति हेतु बीच-बीच में लकड़ी पकड़कर खानापूर्ति करती है
- स्थानीय प्रशासन के साथ मिलीभगत कर तस्कर मोटी कमाई कर रहे हैं



राष्ट्रीय खबर

**महेशपुर (पाकुड़):** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों लकड़ी तस्करों का बोलबाला बदस्तूर जारी है। लकड़ी की भारी मांग के कारण तस्करी बढ़ गई है। खेत, खलिहान व मैदानी इलाकों के हरे-भरे पेड़ों की अंधाधुंध अवैध कटाई कर परिवहन किया जा रहा है। वहीं संबंधित विभाग साल में एक दो बार कार्रवाई कर हाथ पर हाथ धरे बैठा हैं। इन दिनों लकड़ी माफिया क्षेत्र के शहरग्राम, पीरपहाड़, भेंटाटोला, महुबोना, मुगार्डंगा, समलापुर, बोरिओ, लखीपुर आदि गांवों में हरे भरे-पेड़ों पर कुल्हाड़ी, मशीन चलते या पेड़ों के ताजा-ताजा ठूठ देखे जा सकते हैं। प्रतिदिन गुप्त सड़क से लकड़ी को लेकर जाया जाता है। वही विभाग जानबूझ कर अनदेखा कर मौन साधे हुए है। इन अवैध लकड़ियों से पलंग, दरवाजा,खिड़की समेत अन्य चीज बनाई जा रही है। जिस कारण लकड़ी की मांग दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। क्षेत्र के बड़कीयारी, बिरकिट्टी, माहेशपुर, जगरनाथपुर समेत अन्य जगहों में अवैध तरीके से लकड़ी फर्नीचर का दुकान चल रहा है। इन दुकानों में अवैध लकड़ी चिराई कर लाया जाता है। इसके चलते लकड़ी तस्करों को मोटी कमाई का जरिया मिल जाता है। इन तस्करों का संपर्क गांव के साथ साथ स्थानीय प्रसाशन से भी है। अच्छी कमाई के लालच में कई लोग जल्दी ही तस्करों के झांसे में आकर लकड़िया उपलब्ध करा रहे है। कई गांवों में पेड़ों की खरीदी-बिक्री की जा रही है। पेड़ की मोटाई के अनुसार उसकी कीमत तय होती है। एक पेड की कीमत दो हजार से आठ हजार एवं 15 हजार रुपए तक होती है। हरे- भरे लकड़ी तस्करी के खेल में स्थानीय प्रसाशन की मिलीभगत से इंकार नही किया जा सकता। आखिर कबतक पर्यावरण को हानि पंहुचाकर अवैध तस्करी का खेल जारी रहेगा।

# प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के रूप में जिले से एबीवीपी के 5 छात्र चयनित



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** झारखंड के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के रूप में पाकुड़ के 5 छात्र प्रतिनिधियों के नामों की घोषणा के साथ ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् झारखंड का तीन दिवसीय प्रदेश का 23वां अधिवेशन हजारीबाग में संपन्न हुआ।

अधिवेशन में पाकुड़ जिले बिल्कुल 53 प्रतिनिधि शामिल हुए थे। मुख्य अतिथि के रूप में देश के जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा जी शामिल हुए। प्रांतीय अधिवेशन में देश समाज छात्र हित एवं विभिन्न सामाजिक शैक्षणिक नीतियों पर चिंतन मंथन किया गया। झारखंड प्रदेश के नवनिर्वाचित प्रदेश मंत्री के रूप में सोमनाथ भगत एवं प्रदेश अध्यक्ष के रूप में डॉक्टर ओपी सिन्हा के नाम के साथ साथ झारखंड प्रदेश की कार्यकारिणी की घोषणा भी की गई।

प्रदेश कार्यकारिणी में नागौर जिले से कुल 5 नामों की घोषणा हुई जिसमें मधुमिता घोष, सुमित पांडे, गुंजन तिवारी, अंकित कुमार साह, सत्यम भगत के नामों की घोषणा की गई। एक बार फिर से कला मंच के प्रदेश सह संयोजिका का दायित्व के लिए पाकुड़ की दिशा बजाज के नाम की घोषणा की गई। प्रदेश कार्यकारिणी के नवनिर्वाचित सदस्यों ने बताया कि विद्यार्थी परिषद के विचार को जिले के अंतिम छात्र तक पहुंचाते हुए छात्र हितों में परिषद के कार्यकताओं के योगदान को सुनिश्चित करने का कार्य करेंगे। आने वाले समय में जिले में एक जिला छात्र सम्मेलन का आयोजन कर जिले के शैक्षणिक समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रख उनके समाधान की मांग करेंगे। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यो को पाकुड़ जिले के सभी कार्यकताओं ने शुभकामनाएं दी हैं।

# पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कोडरमा में मिनी बस सेवा शुरू

राष्ट्रीय खबर



**कोडरमा:** जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु जिलेवासियों व जिले में बाहर से आने वाले पर्यटकों को कोडरमा दर्शन करवाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा मिनी बस सेवा की शुरूआत की गई है। आज इसी कड़ी में झुमरीतिलैया स्थित महाराणा प्रताप चौक से उपायुक्त आदित्य रंजन एवं जिले के अन्य वरीय पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर मुख्य रूप से वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, जिला परिवहन पदाधिकारी भागीरथ प्रसाद, गोपनीय प्रभारी जयपाल सोय, जिला पर्यटन पदाधिकारी कैलाश राम व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं जिला पर्यटन पदाधिकारी ने बताया कि जिलेवासियों को मिनी बस से कोडरमा के पर्यटन स्थलों का लुत्फ उठाने का मौका मिलेगा। यह बस प्रत्येक दिन प्रातः 9 बजे महाराणा प्रताप चौक से खुलेगी और पर्यटकों को वृंदाहा फॉल, महर्षि कर्दम पार्क, ध्वजाधारी धाम, चंचलानी धाम और फिर तिलैया डैम लेकर जाएगी। इस दौरान पर्यटकों को नास्ता, खाना के अलावा बोटिंग की भी सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके अतिरिक्त जिला पर्यटन पदाधिकारी ने बताया कि बुकिंग हेतु पर्यटन विभाग कोडरमा द्वारा जारी किए गए नम्बर 9693284071 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**कार्यशाला** भारतीय मानक ब्यूरो का कार्यशाला का हुआ आयोजन

# लाइसेंस के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** समाहरणालय स्थित सभागार में भारतीय मानक ब्यूरो से संबंधित एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। क्वालिटी कल्चर डेवलपमेंट के उद्देश्य से आयोजित कार्यशाला में भारतीय मानक ब्यूरो जमशेदपुर के संयुक्त निदेशक कौशलेंद्र कुमार एवं भारतीय मानक ब्यूरो जमशेदपुर के उप निदेशक अर्को साहा द्वारा क्वालिटी कल्चर डेवलपमेंट की दिशा में कार्य करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी साझा की गई।



कार्यशाला में पीपीटी के माध्यम से जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों को ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड बीआईएस द्वारा राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के सुरक्षित विश्वसनीय गुणवत्ता वाले मानक प्रदान करने एवं उपभोक्ताओं को स्वास्थ संबंधित खतरों को कम करने, आईएसआई प्रमाणित उत्पाद के संबंध में जागरूक फैलाने, जन्नत आदि को बढ़ावा देने के कई तरीकों से पता लगाने योग्य और ठोस लाभ प्रदान करने तथा उपभोक्ताओं के बीच गुणवत्ता के प्रति जागरूकता पैदा करने समेत अन्य बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

उल्लेखनीय है कि भारतीय मानक ब्यूरो बीआईएस उपभोक्ता मामले भारत सरकार के तहत काम करने वाला राष्ट्रीय मानक निकाय है इसका उद्देश्य देश में वस्तुओं उत्पादों के मानकीकरण उत्पाद परीक्षण और गुणवत्ता प्रमाण की गतिविधियों का सामंजस्य पूर्ण विकास करना है।

### कांग्रेस ने मनाया स्थापना दिवस

**पाकुड:** जिलाध्यक्ष श्रीकुमार सरकार एवं प्रखंड अध्यक्ष, पाकुड़ मंसारूल हक के नेतृत्व में कांग्रेस भवन, पाकुड़ में झंडोत्तोलन कर कांग्रेस का 138 वा स्थापना दिवस समारोह मनाया गया एवं मिठाईयां बांटी गई तथा पटाखे फोड़े गए। प्रखंड कांग्रेस, पाकुड़ के पूर्व अध्यक्ष अफजल हुसैन जी को 15 सूत्री कार्यक्रम के पाकुड़ जिले का सदस्य मनोनीत किए जाने पर जिलाध्यक्ष श्रीकुमार सरकार तथा प्रखंड मंसारूल हक ने माला पहना कर स्वागत किया तथा बधाइयां दी।मौके पर प्रदेश महासचिव उदय लखमानी, प्रदेश सचिव सेमिनूल इस्लाम, कविवुर एवं अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## न्यूज फटाफट

### सदर अस्पताल में हुआ मॉक ड्रिल

**कोडरमा:** कोरोना वायरस के नए वेरिएंट से निपटने की तैयारी की जा रही है। कोरोना से बचाव और रोकथाम को लेकर जिले के सदर अस्पताल समेत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान बेड और वेंटिलेटर की सुविधाएं जांची गई। मॉक ड्रिल के जरिए अस्पतालों में इंफ्रास्ट्रक्चर कितना है, पीपीई किट कितनी है, एन95 मास्क और वेंटिलेटर की कितनी संख्या है। कोविड वार्ड कितने तैयार हैं, बेड की संख्या कितनी है, संकट की स्थिति में ऑक्सीजन प्लांट काम कर रहे हैं या नहीं। अस्पताल में ऑक्सीजन सप्लाई की स्थिति आदि के बाद रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इसके माध्यम से यह कोशिश की गई कि कोरोना के मरीज को कैसे एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल लाया जा सकता है और उन्हें कैसे आइसोलेट किया जाएगा, इसमें क्या-क्या सावधानी बरतनी है, इसकी जानकारी दी गयी। इसके अलावा सैनीटाइज करने, मास्क, टोपी आदि से एहतियात बरतने की जानकारी भी दी गयी।

### किसानों केबोनस कटौती के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

**कुडू:** भारतीय जनता पार्टी कुडू मंडल अध्यक्ष सुदामा प्रसाद के नेतृत्व में झारखंड सरकार के किसानों के धान क्रय पर मात्र 10 पैसे बोनस देने के विरोध में तथा कृषि आशीर्वाद योजना को बंद करने के विरोध में भाजपाइयों द्वारा प्रखंड कार्यालय लैंपस में प्रदर्शन किया गया। मौके पर मंडल अध्यक्ष सुदामा प्रसाद ने बताया कि पूर्व की बीजेपी की सरकार1.80पैसे बोनस के रूप में किसानों को दे रही थी इसे कम कर वर्तमान राज्य सरकार किसानों को मात्र 10 पैसे बोनस देने का कार्य कर रही है इसके अलावा पूर्व बीजेपी की सरकार आशीर्वाद योजना के तहत 1 एकड़ जमीन वाले किसानों को हर साल ?5000 तथा 5 एकड़ जमीन वाले किसानों को हर साल 25000 देने का प्रावधान किया था जिसे भी वर्तमान की जेएमएम और कांग्रेस की सरकार बंद कर किसानों का हक छीनने का कार्य किया है। मौके पर जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार टिंकू ने कहा कि हमारे अन्नदाताओं को आर्थिक रूप से संभल बनाने और उन्हें छोटी-मोटी चीजों के लिए ऋण ना लेना पड़े इसके लिए पूर्व की रघुवर दास की सरकार ने कृषि आशीर्वाद योजना की शुरूआत की थी इस योजना को की शुरूआत होने के बाद से किसानों को काफी राहत मिली थी, किसानों को सलाना 5000 से 25000 तक की आर्थिक मदद मिल रही थी जिसे वर्तमान की हेमंत सोरेन की सरकार ने बंद कर किसानों के पेट में लात मारने का कार्य किया है।

### समाजसेवी मुरारी राम का निधन

**लोहरदगा:** पावरगंज निवासी सह समाजसेवी मुरारी राम वर्मा का अकास्मिक निधन हो गया। आज हरमू (भक्सो) मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया जाएगा। इनके अकास्मिक निधन पर सामाजिक विचार मंच शोक व्यक्त करती है एवं ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना करती है तथा भगवान दुख की इस घड़ी में उनके परिवार वालो को धैर्य प्रदान करें। इनके निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में सामाजिक विचार मंच के संयोजक कवलजीत सिंह , सागर वर्मा, संदीप भगत, रिंकू महेंद्रु ,प्रमोद वर्मा, एजाज मलिक, राजेश वर्मा, राजेश कुमार उर्फ चुँदन ,अजय पंकज,पँकज टोप्पो, सत्येंद्र शर्मा, सुबोध साहू, राजू यादव, पवन शराफ ,सँतोष केरकेट्टा,पवन सोनी ,रोहित साहू, रंजन सिंह,तापस कुमार राय, मोनू सराफ ,विकास गुप्ता नरेंद्र दसोंधी, सुरेश ठाकुर, सुरेंद्र पासवान, राहुल कुमार साहू, रोहित दसोंधी, कमलेश उरांव, गुडुस गुप्ता आदि शामिल है।

### फैमिली पिकनिक का आयोजन

**कोडरमा:** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय में कोडरमा सहोदया स्कूल्स काम्प्लेक्स द्वारा फैमिली फन डे का आयोजन किया गया जिसमें कोडरमा सहोदया स्कूल्स काम्प्लेक्स के विभिन्न विद्यालयों के निदेशक एवं प्रचार्य अपने परिवार के साथ शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए सहोदया स्कूल्स कॉम्प्लेक्स के अध्यक्ष पुनीत यादव ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम में शामिल विभिन्न विद्यालयों के निदेशक एवं प्राचार्यो के अलावा उनके परिजनों ने एक से बढ़कर एक शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में कोडरमा सहोदया स्कूल्स कॉम्प्लेक्स के उपाध्यक्ष सह मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार, ग्रिजली विद्यालय के निदेशक द्वय मनीष कपसीमे, अविनाश सेठ, सीईओ प्रकाश गुप्ता, प्राचार्या अपर्णा सिन्हा, सेक्रेड हार्ट के निदेशक प्रमोद कुमार सिंह, अकैडमिक निदेशक प्रमोद शर्मा, जी एस पब्लिक स्कूल के निदेशक नितेश कुमार सिंह, बी आर इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक ओम प्रकाश राय, संस्कार इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक डॉ मनीष कुमार सिंह, मॉडर्न पब्लिक स्कूल की निदेशिका संगीता शर्मा, स्वामी विवेकानंद स्कूल के प्राचार्य के अलावा उनके परिजनों ने भाग लिया।

### निर्माण कार्य में घटिया सामग्री के उपयोग

**कोडरमा:** सदर अस्पताल परिसर में विकास के क्रम में निर्माण प्रक्रिया में अनियमितता हो रही है। यहां पिलर ढलाई में लगाया जा रहा पत्थर मरा हुआ और कमजोर है, ऐसी स्थिति में पिलर कितना मजबूत होगा और छत का भार कितना सह पायेगा। इसके निर्माण में भी लूट और कमीशन खोरी हावी है। बसंत ने इस निर्माण के निरीक्षण में लगे पदाधिकारी को भी कटघरे में खड़ा किया है। भवन बन जाने पर इसका भी वही हाल होगा जो सदर अस्पताल का है जिसका छत कई जगहों पर चूता है और प्लास्टर जगह-जगह उखड़ रहा है। यही हाल सिविल सर्जन कार्यालय का भी है। घटिया निर्माण के संबंध में जनता दरबार में आशंका जताई गई थी जिसपर आवश्यक कार्रवाई हेतु पत्रांक 1447 द्वारा कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग कोडरमा को भेजा गया था, परंतु आज यह सही साबित हो रहा है। सूचना अधिकार मंच सचिव आरके बसंत ने स्थल निरीक्षण में उपयोग किए जा रहे कमजोर पत्थर को देख सवाल खड़ा किया है, यही आशंका इस परिसर में बन रहे सभी भवन का है। निर्माण में हो रही अनियमितता से उपायुक्त, सिविल सर्जन एवं स्वास्थ्य मंत्री को अवगत कराते हुए ऐसे संवेदक को ब्लैक लिस्ट करने के साथ ही निरीक्षण में लगे पदाधिकारी पर भी कार्रवाई की मांग की है।

### मोटरसाइकिल सवार युवक दुर्घटना में घायल

**सतगावां:** बुधवार की दोपहर पेट्रो वाटर फॉल के समीप जर्जर सड़क के कारण एक मोटर साइकिल सवार युवक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान सतगावां प्रखंड के ग्राम पंचायत कोठियार निवासी देवेंद्र कुमार (25, पिता न्यूनेश्वर राय) के रूप में किया गया। जानकारी के अनुसार युवक बाइक से कोठियर गांव से बासोडीह बाजार आ रहा था तभी पेट्रो के समीप जर्जर सड़क रहने के कारण बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिर गया। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से सीएचसी भेजा, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### मासिक अभ्यास वर्ग हुआ संपन्न

**सतगावां:** एकल विद्यालयों के आचार्यो का संच मासिक अभ्यास वर्ग हुआ। इसमें पंचमुखी शिक्षा पर चर्चा किया गया। इस बैठक में खुट्टा संच अध्यक्ष दीपेश अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे एवं सभी आचार्यो को विद्यालयों को सुचारु रूप से चलाने का निर्देश दिया। बैठक में खुट्टा संच समिति अध्यक्ष दीपेश अग्रवाल, अंचल प्रशिक्षण प्रमुख विवेकानंद पाण्डेय, अंचल ग्राम स्वराज प्रमुख रजत कुमार, संच प्रमुख पवन कुमार, सौरव कुमार, सृष्टि कुमारी, संगीता कुमारी व अन्य आचार्य भी उपस्थित थे।

### छात्र छात्रों को दिया गया कोरोना का वैक्सीन

**जयनगर:** प्रखंड अंतर्गत संचालित आदर्श शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय बाघमारा में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा विद्यालय के छात्र छात्राओं को कोरोना का वैक्सीन दिया गया। चीन में कोरोना की नए वेरियंट का दस्तक देने के बाद पूरे देश भर के स्वास्थ्य विभाग तन्मयता के साथ खड़ा हो चुका है। विद्यालय के बच्चों को भी नए वर्ष में मास्क लगाकर विद्यालय आने का निर्देशित किया गया है। इसी को नजर रखते हुए विद्यालय में छात्र-छात्राओं को कोरोना का वैक्सीन दिया गया।

## न्यूज फटाफट

### शतरंज खिलाड़ी खादेम ने बिना हिजाब के प्रतियोगिता में भाग लिया



**दुबई** : ईरान की महिला शतरंज खिलाड़ी सारा खादेम ने एक अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बिना हिजाब के हिस्सा लिया है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार सरकार के खिलाफ प्रदर्शनों के शुरु होने के बाद किसी भी प्रतियोगिता में बिना हिजाब के दिखाई देने वाली यह पहली महिला खिलाड़ी हैं। ईरान में सितंबर के मध्य में 22 वर्षीय ईरानी कुर्द महिला महसा अमिनी की मौत के बाद हिजाब के खिलाफ प्रदर्शन की शुरूआत हुयी थी। पुलिस ने अमिनी को 'अनुचित पोशाक' के आरोप में हिरासत में लिया था। ईरान के समाचार आउटलेट ख़बरवर्ज़शी और एतेमाद ने सोमवार को रिपोर्ट एक में कहा कि सारा खादेम ने अल्माटी, कजाकिस्तान में फिडे वर्ल्ड रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप में बिना हिजाब के बिना भाग लिया था। ईरान के सख्त ड्रेस कोड के तहत सिर पर स्कार्फ़ अनिवार्य है। दोनों आउटलेट्स द्वारा पोस्ट की गई तस्वीरें टूर्नामेंट के दौरान सिर पर बिना स्कार्फ़ की हैं। ख़बरवर्ज़शी ने सिर पर स्कार्फ़ पहने हुए अपनी एक तस्वीर भी पोस्ट की, लेकिन बिना यह बताए कि क्या यह उसी कार्यक्रम में ली गई थी। खादम के इंस्टाग्राम पेज पर टूर्नामेंट या रिपोर्ट के बारे में कोई टिप्पणी नहीं की गई थी। अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ की वेबसाइट के अनुसार 1997 में पैदा हुई खादेम को दुनिया में 804वां स्थान मिला है। 25-30 दिसंबर के आयोजन के लिए वेबसाइट ने उन्हें रैपिड और ब्लिट्ज दोनों प्रतियोगिताओं में एक प्रतिभागी के रूप में सूचीबद्ध किया। इससे पहले ईरान की पर्वतारोही एल्नाज़ रेकाबी ने अक्टूबर में बिना सिर पर स्कार्फ़ के दक्षिण कोरिया में भाग लिया और बाद में कहा कि उसने अनजाने में ऐसा किया था।

### कैरी का शतक, आस्ट्रेलिया ने कसा शिकंजा



**मेलबर्न** : एलेक्स कैरी (111) की शतकीय पारी की मदद से आस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन बुधवार को पहली पारी में आठ विकेट पर 575 रन बना कर पारी समाप्ति की घोषणा कर दी और 386 रन की बढ़त हासिल कर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। दिन का खेल खत्म होने के समय दक्षिण अफ्रीका ने कप्तान डीन एल्गर (0) का विकेट खोकर दूसरी पारी में 15 रन बना लिये थे। इस लिहाज से मेहमान टीम अभी भी आस्ट्रेलिया की पहली पारी के स्कोर से 371 रन पीछे है। सरेल एरवी सात और थूनिस डी ब्रुइन छह रन बना कर क्रीज पर मौजूद हैं। आज के खेल का मुख्य आकर्षण कैरी का करियर का पहला शतक रहा जिसे उन्होने 243 मिनट क्रीज पर टिक कर 149 गेंद खेल कर पूरा किया। इस दौरान उन्होने 13 बार गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचाया। कैमरन ग्रीन 51 रन बना कर नाबाद वापस लौटे। दक्षिण अफ्रीका के एनरिक नार्जे तीन विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाज रहे वहीं कैसिगो रबाडा ने 144 रन खर्च कर दो विकेट हासिल किये। पहली पारी में मात्र 189 रन पर सिमटने वाली दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी की शुरूआत भी निराशाजनक रही जब पारी के दूसरे ओवर में ही पैट कमिंस ने कप्तान एल्गर को विकेटकीपर कैरी के हाथों कैच करवा कर पवेलियन लौटा दिया। कमिंस के पहले ओवर की तीसरी आउट स्विगर बाल पर बल्ला अड़ाने की गलती एल्गर ने की और गेंद बल्ले का बाहरी किनारा चूमती हुयी कैरी के दस्तानों में समा गयी।

**उद्घाटन** केंद्रीय ऊर्जा मंत्री और मुख्यमंत्री तथा किशोर उपाध्याय ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया शुभारंभ

# उत्तराखंड टिहरी झील में पहली बार राष्ट्रीय वाटर स्पोर्ट्स कप चैंपियनशिप का शुभारंभ

- खिलाड़ियों के ठहरने से लेकर ट्रेनिंग की भी व्यवस्था की जाएगी
- पहाड़ों में हाइड्रो प्रोजेक्ट्स की अपार संभावनाएं हैं

राष्ट्रीय खबर



**टिहरी/देहरादून** : उत्तराखंड की मशहूर टिहरी झील में पहली बार राष्ट्रीय वॉटर स्पोर्ट्स चैंपियनशिप कप का बुधवार को समारोह पूर्वक आगाज हो गया। इसमें विभिन्न राज्यों की पन्द्रह टीम प्रतिभाग कर रही हैं। चैंपियनशिप का शुभारंभ केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा स्थानीय विधायक किशोर उपाध्याय ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया।

उन्होंने आयोजन स्थल पर लगे विभिन्न स्टाल्स का निरीक्षण किया। साथ ही पहले सत्र की विजेता टीमों को मेडल प्रदान किए। केंद्रीय मंत्री सिंह ने इस अवसर पर कहा कि खेलों को बढ़ावा देना केंद्र सरकार की प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा मंत्रालय द्वारा यह तय किया गया है कि ऊर्जा मंत्रालय की हर एक कंपनी एक खेल को अंगीकृत करेगी।

इसी क्रम में टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड द्वारा कयाकिंग कैनोइंग खेल को अंगीकृत किया गया है। श्री सिंह ने घोषणा की कि टिहरी में विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त ट्रेनिंग सेंटर स्थापित किया जाएगा। जिसमें खिलाड़ियों के ठहरने से लेकर ट्रेनिंग की भी व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस ट्रेनिंग सेंटर में बेहतर खेल प्रतिभाओं को टीएचडीसी द्वारा विदेश में भी ट्रेनिंग दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पहाड़ों में हाइड्रो प्रोजेक्ट्स की अपार संभावनाएं हैं जिसको केंद्र और राज्य सरकार मिलकर आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए केंद्र और राज्य सरकार एक साथ मिलकर काम कर रही हैं। श्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह पहला मौक़ा है जब टिहरी झील में राष्ट्रीय स्तर की इस खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होने कहा कि आज देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में 'समृद्ध खेल संस्कृति' का विकास हो रहा है। हाल के दिनों में हमारे खिलाड़ियों द्वारा विभिन्न खेलों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर किए जा रहे ऐतिहासिक प्रदर्शन इसका प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि खेल एक ऐसी विधा है जिसके जरिए खिलाड़ी न केवल अपना और अपने परिवार का नाम रोशन करते हैं, बल्कि इससे उनके प्रदेश और देश का नाम भी रोशन होता है। उन्होंने कहा कि आज उत्तराखंड की युवा पीढ़ी के अनेकों खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश और देश का सम्मान बढ़ा रहे हैं। श्री धामी ने कहा कि राज्य में जहां एक ओर सरकार ने 'नई खेल नीति' लागू की है वहीं दूसरी ओर सरकार ने नौकरियों में पुनः 'खेल कोटा' प्रारंभ करने का ऐलान भी किया है। उन्होंने टीएचडीसी का इस आयोजन हेतु आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस खेल से एक ओर जहां राज्य के युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होगा वहीं दूसरी ओर टिहरी क्षेत्र में पर्यटन का विकास भी होगा।

उन्होंने कहा कि टिहरी में इस खेल के आयोजन से वाटर स्पोर्ट्स में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले देश और प्रदेश के नौजवानों में नई ऊर्जा का संचार होगा। इस दौरान टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने आयोजकों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के दौरान, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, जिला पंचायत अध्यक्ष सोना सजवाण, विधायक शक्ति लाल शाह, विनोद कंडारी, विक्रम सिंह पांवर के अलावा सचिव, ऊर्जा, आर मीनाक्षी सुंदरम, उत्तराखंड ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव डीके सिंह, टीएचडीसी के सीएमडी आरके विश्नोई समेत विभिन्न राज्यों के 15 टीमों के प्रतिभागी भी मौजूद रहे।

## अश्विन-अय्यर ने किया आईसीसी रैंकिंग में सुधार

एजेंसियां

**दुबई** : बंग्लादेश के खिलाफ मीरपुर टेस्ट में शानदार प्रदर्शन करने वाले रविचंद्रन अश्विन और श्रेयस अय्यर ने आईसीसी पुरुष टेस्ट खिलाड़ी रैंकिंग में सुधार किया है। आईसीसी की ताजा रैंकिंग में अश्विन एक पायदान ऊपर चढ़ कर जसप्रीत बुमराह के साथ चौथे स्थान पर आ गये है। मीरपुर टेस्ट की दूसरी पारी में 42 रन बना कर भारत को जीत का सेहरा पहनाने वाले अश्विन ने बल्लेबाजी रैंकिंग में भी तीन पायदान की छलांग लगा कर 84वीं रैंक हासिल कर ली है। गेंद और बल्ले से शानदार प्रदर्शन करने वाले अश्विन आलराउंडर के तौर पर हमवतन रविन्द्र जडेजा के 369 अंक से ठीक पीछे 343 अंकों के साथ जम गये हैं।



मीरपुर टेस्ट में अश्विन के साथ 71 रन की नाबाद साझीदारी करने वाले अय्यर को भी आईसीसी की ताजा रैंकिंग में खासा फायदा हुआ है और वह करियर की बेस्ट 16वीं रैंक पर पहुंच गये है। अय्यर ने पहली पारी में 87 और दूसरी पारी में नाबाद 29 रन बनाये थे। भारत के शीर्ष वरीय बल्लेबाज रिषभ पंत तीन रेटिंग प्वाइंट की बढ़त के साथ छठी रैंक पर है वहीं तेज गेंदबाज उमेश यादव ने पांच पायदान की सुधार के साथ 33वीं रैंक हासिल की है। बंग्लादेश के बल्लेबाज लिटन दास को करियर की बेस्ट 12वीं रैंक मिली है वहीं मोमीनुल हक को 68वीं, जाकिर हसन को 70वीं और नुरूल हसल ने 93वीं रैंक हासिल की है। फिरकी गेंदबाज तैजुल इस्लाम और मेहिदी हसन मिर्जा को क्रमशः 28वीं और 29वीं रैंक मिली है जबकि कप्तान शाकिब अल हसन एक पायदान ऊपर चढ़कर 32वीं रैंक पर विराजमान हो गये है।

## मुंबई इंडियंस ने अरुण कुमार जगदीश को बनाया सहायक बल्लेबाजी कोच

एजेंसियां

**मुंबई:** पांच बार के आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस ने अरुण कुमार जगदीश को टूर्नामेंट के 2023 संस्करण से पहले सहायक बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है। आईपीएल 2023 की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। हाल ही में कोच्चि में इसके लिए खिलाड़ियों की नीलामी हुई है। इसमें सभी टीमों ने कुल 80 खिलाड़ी खरीदे। इसी सिलसिले में मुंबई इंडियंस ने एक और अहम कदम उठाते हुए अरुण कुमार जगदीश को टूर्नामेंट के 2023 सत्र से पहले सहायक बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है। अरुण कुमार मुंबई इंडियंस के सपोर्ट स्टाफ से जुड़ेंगे जहां मार्क बाऊचर प्रमुख कोच हैं जबकि कीरोन पोलार्ड बल्लेबाजी कोच हैं। शेन बांड गेंदबाजी और जेम्स पेंमेंट फील्डिग कोच हैं।



दाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज और 100 से अधिक प्रथम श्रेणी खेलों का अनुभव रखने वाले अरुण कुमार ने 1993 से 2008 तक 16 वर्षों तक कर्नाटक का प्रतिनिधित्व किया और 7208 रन बनाये हें। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में 1993 से 2008 तक कर्नाटक का प्रतिनिधित्व किया था। संन्यास लेने के बाद उन्होंने कोचिंग की ओर अपना रुख किया और कर्नाटक टीम के बल्लेबाजी कोच बने। वर्ष 2013-14 और 2014-15 में रणजी ट्रॉफी, ईरानी कप और विजय हजारे ट्रॉफी में कर्नाटक ने उनके कोचिंग के दौरान लगातार खिताब जीते। अरुण कुमार की कोचिंग में आईपीएल भी शामिल है। उन्होंने 2017 में किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स) के बल्लेबाजी कोच के रूप में काम किया था। वह आईपीएल में कोचिंग में 2019-20 सीज़न के लिए पुडुचेरी के प्रमुख कोच (हेड कोच) और 2020 से यूनाइटेड स्टेट्स नेशनल क्रिकेट टीम के भी हेड कोच रहे हैं।

## फतेह में सोनू सूद के साथ नजर आयेगी जैकलीन फर्नांडीस





एजेंसियां

**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीस फिल्म फतेह में सोनू सूद के साथ नजर आयेंगी। जैकलीन फर्नांडीस की फिल्म ह्यसर्कसह्न हाल ही में प्रदर्शित हुयी है। जैकलीन अब फिल्म ह्यफतेहह्न में सोनू सूद (के साथ नजर आएंगी। सोनू सूद जी स्टूडियोज के साथ मिलकर फिल्म ह्यफतेहह्न का निर्माण करेंगें। उन्होंने फिल्म स्क्रिप्ट और पटकथा पर काम कर लिया है। यह फिल्म डिजिटल स्कैमर्स और हैकिंग पर आधारित है।फिल्म 'फतेह' की शूटिंग 2023 की मिड जनवरी से शुरू हो सकी है और अप्रैल में तक शूटिंग खत्म करने की प्लानिंग है। फिलम फतेह का निर्देशन अभिनंदन गुप्ता करेंगे।

नशे की हालत में लड़खड़ाता देख बेटे ने ऐसे किया रिएक्ट

## सोहेल खान की एक्स वाइफ सीमा सजदेह बोलीं- 2 दिन तक नर्क में थी

एजेंसियां

**मुंबईः** सोहेल खान की एक्स वाइफ और डिजाइनर सीमा सजदेह किसी ना किसी वजह से सुर्खियों में बनी रहती हैं। कभी अपने बोल्ड स्टेटमेंट तो कभी अपने फैशन चॉइस को लेकर सीमा लाइमलाइट लूट लेती हैं। अब सीमा सजदेह ने मलाइका अरोड़ा के शो 'मूविंग इन विद मलाइका' में अपनी जिंदगी के एक खास पहलू पर बात की। उन्होंने अपने वायरल ड्रंक वीडियो पर अपने बेटे का रिएक्श न बताया।



करण जौहर के घर के बाहर नशे में दिखी थीं सीमा दरअसल, कुछ समय पहले सीमा सजदेह का एक ड्रंक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था। वीडियो में सीमा नशे की हालत में करण जौहर के घर के बाहर पैपराजी को पोज देती दिखी थीं। नशे में पोज देते हुए वो लड़खड़ा रही थीं, जिसके बाद उन्हें दीवार का सहारा लेना पड़ा था। सीमा के इस वीडियो पर उन्हें काफी ट्रोल भी किया गया था। अब उन्होंने अपने इस वीडियो पर रिएक्ट किया है ह्नमूविंग इन विद मलाइकाह्न शो में मलाइका ने सीमा सजदेह से उनके इसी वायरल वीडियो को लेकर सवाल किया। मलाइका ने सीमा सजदेह से पूछा- हाल ही में मैंने आपका एक वीडियो देखा था, मुझे यकीन है कि आपके बेटे निर्वान ने भी वो वीडियो देखा होगा। इसपर सीमा सजदेह ने कहा- मेरा वीडियो देखने के बाद निर्वान ने मुझे कॉल किया।

## टाइगर श्रॉफ ने वीडियो शेयर कर दिखाया अपना एब्स

एजेंसियां

**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्राफ ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वह शर्टलेस होकर अपने एब्स फ्लोट करते हुए दिख रहे हैं। टाइगर श्रॉफ ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर वीडियो को शेयर किया है। वीडियो में टाइगरअपने साल 2022 के संकल्प के बारे में भी बात कर रहे हैं, जिसको उन्हें बिना रुक प्राप्त कर लिया है। वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर कर टाइगर श्राफ ने लिखा, इस साल ने मुझे मजबूत बनाया है और मैं 200 से ज्यादा किलो वजन उठाने या सामान्य से ज्यादा तेज दौड़ने की बात नहीं कर रहा हूं... मेरे संकल्पों को देखें। टाइगर श्रॉफ जल्द ही गणपत पार्ट वन में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में टाइगर श्रॉफ, कृति सैनन के साथ जबरदस्त एक्शन करते हुए दिखाई देंगे।



## विक्रांत सिंह राजपूत और शिल्पी राज का गाना 'राजा हमका भी गोवा घुमाई दा' रिलीज

एजेंसियां

**मुंबईः** अभिनेता विक्रांत सिंह राजपूत का भोजपुरी गाना 'राजा हमका भी गोवा घुमाई दा' रिलीज हो गया है। राजा हमका भी गोवा घुमाई दा गाना को शिल्पी राज ने आवाज दी है। इस गाने में विक्रांत सिंह राजपूत और आकांक्षा दुबे की केमेस्ट्री नजर आ रही है।मिनी लाइव भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर गाना 'राजा हमका भी गोवा घुमाई दा' रिलीज किया गया है। विक्रांत सिंह राजपूत ने कहा, ''नए फ्लेवर और कलेवर का है हमारा गाना 'राजा हमका भी गोवा घुमाई दा', जिसे जरूर देखें। यह गाना भोजपुरी म्यूजिक लवर्स को इंटरटेनमेंट का नया अंदाज देगा। मेरी कोशिश हमेशा से रही है कि मैं स्टीरिओ टाइप चीजों से अलग काम करूं। यही वजह है कि टीवी हो या फिल्म या फिर म्यूजिक, मैं हर जगह क्रिएटिव काम करना पसंद करता हूं। आप मेरे इस गाने को ही देख लीजिए। आपको यकीनन पसंद आने वाली है। '' गौरतलब है कि गाना 'राजा हमका भी गोवा घुमाई दा' का लिरिक्स और म्यूजिक विकास मिश्रा का है। कोरियोग्राफर दिलीप मिस्त्री और दीपा मिस्त्री हैं। डीओपी फिरोज खान हैं।निर्देशक आलोक सिंह हैं। कन्सेप्ट बृजेश कशयप, मनोज टाइगर और आलोक सिंह का है।



## प्रदेश >> अपडेट

**आग लगने से चार बच्चों समेत पांच मरे**

**मऊ :** उत्तर प्रदेश में मऊ जिले के कोपागंज थाना क्षेत्र में एक रिहायशी मडई में आग लगने से चार बच्चों समेत पांच लोगों की मृत्यु हो गयी है। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि क्षेत्र के शाहपुर गांव में रमाशंकर की पत्नी गुड्डी राजभर अपने तीन बच्चों अभिषेक (12), दिनेश (10) और अँजेश (6) के साथ अपने मायके में रह रही थी। कुछ दिन पहले से ही उनकी बहन की पुत्री चांदनी (14) भी उनके साथ रहने लगी थी।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

**कंपनी का कर्मचारी 1.37 करोड़ की नगदी लेकर फरार**

**आगरा :** उत्तर प्रदेश में आगरा के सिकंदरा क्षेत्र में कैश कलेक्शन करने वाली कम्पनी का एक कर्मचारी एक करोड़ 37 लाख रुपये लेकर फरार हो गया। पुलिस अधीक्षक नगर विकास कुमार ने बुधवार को कहा कि आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस की कई टीमें लगाई गई हैं। सर्विलांस की मदद भी ली जा रही है। सीसीटीवी कैमरे भी चेक किए गए हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा। पुलिस सूत्रों ने बताया कि ब्रिक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का कर्मचारी मंगलवार को एक करोड़ 36 लाख रुपये लेकर फरार हो गया है।

**सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन आंतकवादी मारे गये**

**जम्मू :** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की शीतकालीन राजधानी जम्मू के बाहरी इलाके में सिधरा के निकट बुधवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गये। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यहां कहा, ''मुठभेड़ में शामिल तीनों आतंकवादी मारे गए हैं। जवाबी कार्रवाई में मुठभेड़ शुरू हुई। उन्होंने कहा,आतंकवादी भारी हथियारों से लैस थे। सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ के दौरान ट्रक में छिपे हुए तीनों आतंकवादियों को मार गिराया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

**चीन से लौटे दो यात्री कोरोना पॉजिटिव**

**चेन्नई :** चीन से कोलंबो के रास्ते तमिलनाडु के मदुरै अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उतरे दो यात्री कोविड पॉजिटिव पाए गए हैं। मां और उनकी छह साल की बेटी के कल शाम आगमन पर दोनों का कोविड परीक्षण किया गया था। जिसके बाद वे विरुधनगर जिले में अपने घर चले गए थे। जिला अधिकारी मेघनाथ रेड्डी के अनुसार, परीक्षण जांच में मां बेटी के पॉजिटिव पाये जाने का पता चला है। दोनों अपने घर में आईसोलेशन में है। उन्होंने बताया कि दोनों में बीमारी के लक्षण नहीं है और उनकी स्वास्थ्य स्थिति पर नजर रखी जा रही है। उनके नमूने आगे के परीक्षणों के लिए यहां राज्य स्वास्थ्य प्रयोगशाला में जीनोम अनुक्रमण के लिए भेजे गये हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या वे नए बीएफ-7 संस्करण से संक्रमित है। इस संस्करण के कारण कुछ देशों में मामलों का प्रसार हुआ है। उन्होंने बताया कि यह पता लगाने की प्रयास किया जा रहा है कि उनसे कोई और भी संक्रमित तो नहीं हुआ है।

**अजमेर में नये साल में शुरू होगा साइबर थाना**

**अजमेर :** राजस्थान में अजमेर जिले को नये साल के तोहफे के रूप में ह्य साइबर थाना ह्य मिलने जा रहा है। राजस्थान पुलिस मुख्यालय के निर्देशों पर नववर्ष के शुरुआत में ही विशेष प्रशिक्षण के बाद साइबर थाना शुरु कर दिया जाएगा। यह साइबर थाना अजमेर के पुलिस लाइन स्थित भवन में संचालित होगा। अजमेर के पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट ने साइबर थाने को सक्रिय रूप से संचालित करने के लिए उपाधीक्षक से कांस्टेबल तक के चुनिंदा कार्मिकों का चयन कर लिया है। प्रारंभ में साइबर थाने के लिए सीओ के अलावा सीआई व अन्य बारह कार्मिकों को लगाया गया है। साइबर थाने की पहली सर्किल इंस्पेक्टर नीतू राठौड़ होगी जो वर्तमान में यातायात पुलिस शाखा की प्रभारी है।

**सम्मेलन** आरटीएम विश्वविद्यालय में यह विज्ञान कांग्रेस दूसरी बार 2023 में होने जा रही है

# मोदी 03 जनवरी को करेंगे 'भारतीय विज्ञान कांग्रेस' का शुभारंभ

- विभिन्न हिस्सों से वैज्ञानिक इस आयोजन में शिरकत करेंगे
- विज्ञान कांग्रेस दूसरी बार 2023 में होने जा रही है।



एजेंसियां

**नागपुर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व की सबसे बड़े विज्ञान सम्मेलन 'भारतीय विज्ञान कांग्रेस' (आईएससी) को तीन जनवरी 2023 में महाराष्ट्र के नागपुर में शुभारंभ करेंगे। 'अविरत विकास के लिए और महिला सशक्तिरकण के साथ विज्ञान एवं तकनीकी' थीम पर नागपुर के आरटीएम विश्वविद्यालय में यह विज्ञान कांग्रेस दूसरी बार 2023 में होने जा रही है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.सुभाष चौधरी ने मीडिया को इस संबंध में बताया कि पांच दिनों तक चलने वाली इस कांग्रेस में 14 सेशन होंगे जिनमें बच्चों,महिलाओं, विज्ञान एवं समाज, किसान और जनजातीय विज्ञान कांग्रेस को शामिल किया गया है। इसके साथ ही,एक विज्ञान प्रदर्शनी भी लगायी जायेगी। इस आयोजन में दो नोबल पुरस्कार विजेता इजरायल के अदा योनाथ और ब्रिटिश कैमिस्ट सर फ्रेसर स्टोडार्ट ने अपनी मौजूदगी की पुष्टि कर दी है इसके अलावा भी दुनिया के विभिन्न हिस्सों से वैज्ञानिक इस आयोजन में शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र के राज्यपाल और विश्वविद्यालय के कुलाधिपति भगत सिंह कोश्यारी, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय विज्ञान एवं तकनीकी और भूविज्ञान राज्यमंत्री डॉ.जितेंद्र सिंह, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस आदि गणमान्य उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर एक विशेष डाक टिकट भी जारी किया जायेगा।

# पेसा अधिनियम से जनता की जिंदगी बदल दी जाएगी : शिवराज



एजेंसियां

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पेसा अधिनियम को जमीन पर उतारकर जनता की जिंदगी बदलने के लिए कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। आधिकारिक जानकारी के अनुसार चौहान ने कहा कि प्रदेश में जल, जंगल, जमीन के लिए लोगों को अधिकार देने के लिए सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों को लागू कर प्रदेश में लोगों की जिंदगी आसान बनाने के लिए अमूलचूल परिवर्तन हो रहा है। प्रदेश के अधिसूचित क्षेत्रों में पेसा अधिनियम लागू कर लोगों को अधिकार सम्पन्न बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री कल राजधानी भोपाल में युवा परिसंवाद कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पेसा अधिनियम के विषय में सरल भाषा और विस्तार से युवाओं को जानकारी दी। मुख्यमंत्री चौहान ने पेसा अधिनियम का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से करने के लिए युवाओं का आहावन किया। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन पर ग्राम सभा का अधिकार होगा। उन्होंने कहा कि गांव का पैसा गांव में रहे इसके लिए ग्राम सभा को सशक्त बनाया गया है। ग्राम सभा साल भर के कार्यों की योजना बनाएगी। ग्राम सभा ही लोगों को रोजगार उपलब्ध कराएगी। गांव में अगर कोई बाहर से आता है तो उसकी जानकारी भी ग्राम सभा को देना होगी। अधिसूचित गांव में नई शराब, भांग और नशे की दुकान खोलने का अधिकार भी ग्राम सभा को होगा। सार्वजनिक स्थानों पर भी ग्राम सभा प्रतिबंध लगा सकती है। गांव में शांति और विवाद निवारण समिति बनेगी। छोटे-मोटे झगड़ों, विवादों के लिए थाने जाने की जरूरत नहीं होगी। पेसा अधिनियम में ऐसे कई प्रावधान हैं। पेसा अधिनियम सामाजिक क्रांति है। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि युवा गांव-गांव जाएं और लोगों को पेसा अधिनियम के बारे में समझाएं। पेसा अधिनियम के क्रियान्वयन में गंभीरतापूर्वक सहयोग करें।

# तमिलनाडु में चार अन्तरराष्ट्रीय यात्री कोरोना पॉजीटिव पाए गए



एजेंसियां

**चेन्नई :** तमिलनाडु में बुधवार को चीन और दुबई से लौटे चार अन्तरराष्ट्रीय यात्री मदुरै और चेन्नई अन्तराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर कोरोना संक्रमित पाए गए। चीन से कोलंबो के रास्ते आई एक महिला और उसकी छह साल की बेटी कल शाम मदुरै अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर कोरोना संक्रमित पाई गईं। दुबई से आए दो अन्य लोगों का चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर कोरोना परीक्षण पॉजिटिव आया। मदुरै की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि महिला और उसकी बेटी ने उनके आरटी-पीसीआर परीक्षण किया और विरुधनगर जिले में अपने घर चली गईं। जिला कलेक्टर मेघनाथ रेड्डी के अनुसार आज परीक्षण सकारात्मक आने के बाद से दोनों के स्वास्थ्य नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि उनके नमूने आगे के परीक्षण के लिए यहां राज्य सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशाला में भेजे जा रहे ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या वे नए बीएफ-7 से संक्रमित थे। इस बीच, दुबई से आये दो अन्य यात्रियों का चेन्नई हवाई अड्डे पर सकारात्मक परीक्षण किया है और दोनों पुदुकोट्टई जिले के अलंगुडी के रहने वाले हैं। इनके नमूने को भी नया वैरिएंट बीएफ 7 की जांच के लिए राज्य जनस्वास्थ्य लेबोरेटरी में भेजे गए।

# जम्मू-कश्मीर कड़ाके की ठंड की चपेट में



एजेंसियां

**श्रीनगर :** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के दो पर्यटन स्थल पहलगाम और गुलमर्ग का न्यूनतम तापमान शून्य से 7.4 डिग्री सेल्सियस और गुलमर्ग में शून्य से 6.0 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया, जिससे घाटी में पहले से और अधिक कड़ाके की ठंड जारी है। मौसम विज्ञान विभाग ने बुधवार को बताया कि जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर का तापमान शून्य से 5.6 डिग्री सेल्सियस कम रहा, जबकि रात का तापमान शून्य से सात डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। श्रीनगर के कुछ हिस्सों में गुरुवार और शुक्रवार शाम को हल्की या मध्यम बर्फबारी होने के आसार हैं। सोनमर्ग-जोजिला, सिंथन टॉप, गुरेज़-बांदीपोरा जिलों में हल्की बर्फबारी के कारण यहां का मार्ग अवरुद्ध हो सकता है। दक्षिण कश्मीर के गर्म स्थान पहलगाम में मंगलवार को तापमान शून्य से 7.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया था, जो सामान्य से 2.2 डिग्री सेल्सियस कम था। कश्मीर में गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट में पिछली रात तापमान शून्य से 5.9 डिग्री सेल्सियस की तुलना में आज शून्य से 6.0 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.2 डिग्री सेल्सियस कम रहा।

# उत्तर प्रदेश में घना कोहरा छाये रहने से ट्रेनों की रफ्तार थमी



एजेंसियां

**सहारनपुर :** उत्तर प्रदेश में घना कोहरा छाये रहने से ट्रेनों की रफ्तार थम सी गयी है। ट्रेनों में हालांकि कोहरे से निपटने के लिए फाग सेफ्टी डिवाइस लगाए गए हैं, लेकिन इसके बावजूद ट्रेनें घंटों लेट चल रही हैं। जिससे यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे सूत्रों के अनुसार घना कोहरा छाये रहने से ट्रेनों की गति पर भी ब्रेक लग गया है। देहरादून-नई दिल्ली शताब्दी और जन शताब्दी जैसी कुछ ट्रेनों को छोड़कर बाकी सभी ट्रेनें काफी देरी से चल रही हैं। सहारनपुर-प्रयागराज नौचंदी एक्सप्रेस, जालंधर-नई दिल्ली सुपर फास्ट एक्सप्रेस, लखनऊ-चंडीगढ़ एक्सप्रेस, कोलकत्ता-अमृतसर एक्सप्रेस, इंदौर-अमृतसर एक्सप्रेस, शालीमार एक्सप्रेस, जम्मू तवी-वाराणसी बेगमपुरा एक्सप्रेस, दिल्ली-सहारनपुर एक्सप्रेस समेत ज्यादातर ट्रेनें डेढ़-दो घंटे से लेकर पांच-छह घंटे तक रोज देरी से चल रही हैं। उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग ने घने कोहरे के कारण रात में रोडवेज की बसों का आवागमन करीब-करीब बंद ही कर दिया है। ऐसे में यात्रियों के पास ट्रेन से यात्रा करने का ही विकल्प बचा है। ट्रेनों के लेट चलने और समय सारिणी बिगड़ जाने से रेल यात्री खासे परेशान हैं। रेल विभाग यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ट्रेनों की गति पर अंकुश लगाए हुए है। इसी कारण ट्रेनें समय पर अपने गंतव्य पर नहीं पहुंच रही है और यात्रियों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

**पर्यटन** पार्वती अरगा पक्षी विहार साइबेरियन पंक्षियों की अठखेलियां आकर्षण का केन्द्र बनी हुई हैं

# विदेशी परिंदों में कलरव से गुंजायमान है देवीपाटन मंडल

- ऐतिहासिक झीलें विदेशी परिंदों के मनमोहक से गुंजायमान हो चुकी हैं
- सैकड़ों सारस भी अपने- अपने जोड़े के साथ आ चुके हैं



एजेंसियां

**बलरामपुर :** शरद ऋतु के आगमन के साथ नेपाल सीमा से सटे उत्तर प्रदेश के देवीपाटन मंडल के चार जिलों गोंडा,बलरामपुर,बहराइच और श्रावस्ती मे स्थित ऐतिहासिक झीलें विदेशी परिंदों के मनमोहक कलरव से गुंजायमान हो चुकी हैं। गोण्डा जिले के वजीरगंज में स्थित पार्वती अरगा पक्षी विहार साइबेरियन पंक्षियों की अठखेलियां आकर्षण का केन्द्र बनी हुयी हैं। पक्षियों को देखने आ रहे पर्यटक पक्षी विहार का आनंद उठा रहे हैं। इससे अरगा-पार्वती झील की रौनक बढ़ गई है। यहां देशी-विदेशी पक्षियों का जमावड़ा लगने लगा है। मध्य एशिया व तिब्बत से लंबी दूरी तय करके आने वाले पक्षियों का कलरव इस झील में गूंज रहा है। जिले से 30 किमी दूर टिकरी मार्ग पर ग्राम कोठा की झील अरगा व बहादुरा ग्राम में पार्वती झील एवं वजीरगंज कस्बे से सटी कोडर झील का अपना विशेष महत्व है। करीब पांच किमी क्षेत्र में फैली अरगा-पार्वती झील में अन्य पक्षियों के अलावा सैकड़ों सारस भी अपने-अपने जोड़े के साथ आ चुके हैं। प्रवासी पक्षी यहां अधिकांश प्रवासी पक्षी लेह, लद्दाख, साइबेरिया, मंगोलिया, तिब्बत से आए हैं। इनमें ब्राउन हेडेड गल यानि भूरा सिर ढोमरा, और ब्लैक हेडेड गल यानि काला सिर ढोमरा, जल कुकरी, पनचौरा आदि परिंदे हैं। इसमें पनजौरा प्रजाति प्रजनन भी करते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि साइबेरियन पक्षियों का शरीर गरम वातावरण के अनुकूल है और साइबेरिया में ठंड के मौसम में उनका जीवन दुश्वार हो जाता है। इसलिए दूर- देश से ये पक्षी जीवन रक्षा के लिए यहां आते हैं। वहीं तिब्बत से आने वाले पक्षियों में छोटी मुर्गाबी, नकटा, गिर्री व सुर्खाब, मध्य एशिया से आने वाले पक्षियों में काज, चट्टा व लगलग प्रमुख हैं। इसके अलावा तीतर, जंगली मैना, एप में पढ़ें न, लाल मोनिया, बया, छपका, नीलकंठ, धनेश, कठफोड़वा, बाज, चल और हरियल आदि पक्षी शामिल हैं। इसके अलावा देशी पक्षियों में काला तीतर, भूरा तीर,बटेर, रंगीन बटेर, लक बटेर पहाड़ी भट तीतर ,तिब्बत से आने वाले पक्षियों में छोटी मुर्गाबी, नकटा, गिरी व सुर्खाब, मध्य एशिया से आने वाले पक्षियों में काज, चट्टा व लगलग प्रमुख हैं। इसके अलावा स्थानीय व बाहरी पक्षियों में काला तीतर, भूरा तीतर, बटेर, रंगीन बटेर, लक बटेर, पहाड़ी भट तीतर, भट तीतर, जंगली मैना, अगरका, खजन, लाल मोनिया, बया, छपका, नीलकंठ, धनेश, कठफोड़वा, बाज, चील और हरियल आदि पक्षी शामिल हैं। देश के विभिन्न स्थानों से राम नगरी अयोध्या आने वाले श्रद्धालु भी अरगा-पार्वती झील में पक्षियों का कलरव देखने जाते हैं, क्योंकि अयोध्या से अरगा-पार्वती झील मात्र 23 किमी दूर है। पार्वती झील में पक्षियों को देखने जाते हैं।

## न्यूज फटाफट

**स्पेन में पायलट हड़ताल पर,37 उड़ानें रद्द**

**मैड्रिड :** स्पेन में सेपला यूनियन के पायलटों के हड़ताल पर जाने से एयरलाइन एयर नोस्ट्रम ने 37 उड़ानें रद्द कर दी हैं। यहां के स्थानीय मीडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। स्पेनिश समाचार एजेंसी ईएफई ने बताया कि पायलटों की हड़ताल 29 और 30 दिसंबर, दो और तीन जनवरी को जारी रहेगी। जिसके कारण,एयरलाइन एयर नोस्ट्रम ने कुल 289 उड़ानें रद्द कर दी हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, जिन यात्रियों ने पहले ही उड़ानों के टिकट खरीद लिए हैं, वे सीट उपलब्ध होने पर पूर्ण वापसी या उसी श्रेणी के मुफ्त टिकट की मांग कर सकते हैं।

**नागरिकों के प्रतिनिधित्व के लिए इमरान संसद लौटें : बिलावल**

**बुक्श/इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के विदेश मंत्री एवं पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी और पाकिस्तान मुस्लिम लीग के नेता चौधरी शुजात हुसैन ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से नागरिकों का प्रतिनिधित्व करने के लिए संसद लौटने का आग्रह किया है। समाचार पत्र 'डान' में आज प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, दोनों नेताओं ने खान को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर वह अपने वर्तमान रूख पर कायम रहेंगे, न तो वे उन्हें बचा पाएंगे और न ही इससे देश को कोई लाभ होगा। रिपोर्ट के अनुसार मंगलवार को दोनों नेताओं ने अलग-अलग बयानों में कहा कि पाकिस्तान को आर्थिक और राजनीतिक संकट से बचाने के लिए सभी दलों को एक साथ मिलकर काम करने की आवशयकता है। भुट्टो-जरदारी ने गढ़ी खुदा बख्श में एक संबोधन के दौरान कहा,''आप घर के लिए अजनबी हो। वापस आएं और संसद में अपनी भूमिका निभाएं। आइए सुधारों के बारे में बात करें, चाहे वह राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो हो या चुनाव, अन्यथा, सरकार उन लोगों को रोकने में सक्षम नहीं होगी जो आपको 'प्रताड़ति' करना चाहते थे। उन्होंने कहा, अगर वह खुद को राजनेता और लोकतांत्रिक कहते है, तो उन्हें संसद में बैठना होगा और अपना काम करना होगा। इस बीच, इस्लामाबाद में एक कार्यक्रम में हुसैन ने कहा कि जिन लोगों ने खान और उनकी पार्टी को चुना था, वे अपने प्रतिनिधियों के कार्यों को देख रहे हैं। संसद में नहीं आने और वेतन तथा भत्तों को नहीं लेने से कुछ फायदा नहीं होने वाला है।

**फिलीपींस में बाढ़ से मरने वालों की संख्या 25 हुई**

**मनीला :** फिलीपींस में भारी बारिश और बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। सरकार की आपदा एजेंसी ने बुधवार को यह जानकारी दी है। राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन परिषद की यहां जारी ताजा रिपोर्ट के अनुसार बारिश और बाढ़ के कारण कम से कम 26 अन्य अभी भी लापता हैं। एजेंसी ने दक्षिणी फिलीपींस में 18, मुख्य लूजोन द्वीप पर बिकोल क्षेत्र में पांच और मध्य फिलीपींस में दो लोगों की मौत की गणना की है। एजेंसी ने बताया कि बिकोल क्षेत्र में 12, मध्य फिलीपींस में 11 और दक्षिणी फिलीपींस में तीन लोग अब भी लापता हैं। नौ अन्य लोगों के घायल होने की सूचना है। राष्ट्रीय मौसम ब्यूरो ने सप्ताहांत में देश के कई इलाकों में आई बाढ़ के कारण का जिक्र करते हुए बताया कि शियर लाइन पर कम दबाव का क्षेत्र बनने से भारी बारिश और भूस्खलन होता है। उन्होंने कहा कि मंगलवार रात दक्षिणी फिलीपींस में मिंडानाओ द्वीप से लगभग 600 किलोमीटर पूर्व में उष्णकटिबंधीय में कम दबाव का क्षेत्र बन सकता है। उन्होंने बताया कि देश के छह क्षेत्रों में बाढ़ से करीब तीन लाख 90 हजार लोग प्रभावित हुए हैं और बारिश तथा बाढ़ ने घरों, फसलों, सड़कों और पुलों को क्षतिग्रस्त कर दिया।

**उत्तरकाशी में हल्के दर्जे के भूकंप के झटके**

**देहरादून :** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में बुधवार तड़के हल्के दर्जे के भूकंप के झटके महसूस किये गये। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी) के अनुसार तड़के दो बजकर 19 मिनट पर आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.1 आंकी गई। भूकंप का केन्द्र 30.87 डिग्री अक्षांश तथा 78.19 डिग्री देशांतर में जमीन से पांच किलोमीटर की गहराई में स्थित था। भूकंप से जानमाल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

**जम्मू के बाहरी इलाके में आतंकवादियों से मुठभेड़**

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर की शीतकालीन राजधानी जम्मू के बाहरी इलाके में सिधरा के निकट आतंकवादियों के समूह और सुरक्षा बलों के बीच तड़के हुई मुठभेड़ में भीषण गोलीबारी हुई। पुलिस ने आज यहां बताया कि दो से तीन आतंकवादियों की मौजूदगी विशेष सूचना पर सिधरा इलाके में सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया गया था। पुलिस ने कहा कि वहां छिपे हुए आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी की। जवाबी कार्रवाई में मुठभेड़ शुरू हुई। उन्होंने कहा कि गोलीबारी जारी है। मुठभेड़ के मद्देनजर सिधरा-नरवाल बायपास पर यातायात निलंबित कर दिया गया है।

**लव जेहाद के नाम पर मुसलमानों को न करें बदनाम : अब्बास**

**जौनपुर :** ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव एवं प्रवक्ता मौलाना डॉ.यासूब अब्बास ने बुधवार को कहा कि लव जेहाद के नाम पर देश के मुसलमानों को बदनाम किया जाना समाज के हित में नहीं है। किसी भी धर्म जाति की लड़की से गलत हरकत करने वालों को कड़ी सजा मिलनी चाहिये। लव जेहाद को लेकर पूछे गये एक सवाल पर डॉ. अब्बास ने यूनीवार्ता से कहा , किसी को भी अपनी पहचान छिपाना का हक नहीं है मगर इसके लिए केवल मुसलमानों को ही निशाना बनाया जाए, यह भी ठीक नहीं है। उन्होंने कहा देश में कॉमन सिविल कोड लागू होने की दशा में हम विरोध करेगें। हिन्दुस्तान में विभिन्न धर्मों के लोग रहते हैं और एक दूसरे के धर्म का सम्मान भी करते हैं। यदि कॉमन सिविल कोड का कानून लागू होता है तो इसका सीधा असर हमारे पर्सनल लॉ बोर्ड पर पड़ेगा जो हम लोग किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगें, ऐसे में सरकार को चाहिए कि वे सभी धर्म व मजहबों का सम्मान करते हुए ऐसे कानून लाने से बचे।

# आज का इतिहास

- 1530 : मुगल शासक बाबर का बेटा हुमायूं उसका उत्तराधिकारी बना।
- 1778 : ब्रिटेन की सेना ने अमेरिका के जॉर्जिया प्रांत पर कब्जा किया।
- 1845 : टेक्सास अमेरिका का 28वां प्रांत बना।
- 1911 : सुन यात सेन को नए चीन गणतंत्र का राष्ट्रपति घोषित किया गया।
- 1922 : नीदरलैंड ने संविधान अंगीकार किया।
- 1942 : हिन्दी फल्मिों के प्रसिद्ध अभिनेता राजेश खन्ना का जन्म।
- 1949 : यूरोपीय देश हंगरी में उद्योगों का राष्ट्रीयकरण किया गया।
- 1972 : अमेरिका में फ्लोरिडा प्रांत के एवरग्लैड्स के समीप इस्टर्न त्रिस्टार जम्बो जेट विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से 101 लोगों की मौत हुई।
- 1975 : ब्रिटेन में महिलाओं और पुरुषों के समान अधिकारों से जुड़ा कानून लागू।
- 1977 : विश्व का सबसे बड़ा ओपन एयर थियेटर 'ड्राइव' बंबई (अब मुम्बई) में खुला।
- 1978 : स्पेन में संविधान प्रभाव में आया।
- 1983 : भारतीय क्रिकेटर सुनील गावास्कर ने टेस्ट क्रिकेट में अधिकतम 236 रन वेस्टइंडीज के खिलाफ बनाये।
- 1984 : कांग्रेस ने स्वतंत्र भारत के इतिहास में सबसे भारी बहुमत से संसदीय चुनाव जीता था।
- 1985 : श्रीलंका ने 43,000 भारतीयों को नागरिकता प्रदान की।
- 1988 : ऑस्ट्रेलिया में विक्टोरियाई पोस्ट ऑफिस संग्रहालय बंद हुआ।
- 1989 : वाक्लाव हाबेल 1948 के बाद पहली बार चेकोस्लोवाकिया के गैर-साम्यवादी राष्ट्रपति चुने गये।
- 1996 : नाटो के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए एकत्र होकर कार्य करने के मुद्दे पर रूस एवं चीन में सहमति।
- 1998 : विश्व के पहले परमाणु बम बनाने वाले अमेरिकी वैज्ञानिक रेगर सक्रेबर का निधन।
- 2006 : चीन ने राष्ट्रीय रक्षा पर श्वेत पत्र जारी किया।
- 2008 : प्रसिद्ध चित्रकार मंजीत बाबा का निधन।
- 2015 : विश्व स्वास्थ्य संगठन ने पश्चिम अफ्रीकी देश गिनी को इबोला से मुक्त घोषित किया।

## गणेश गोराई गिरफ्तार

रांचीः रांची पुलिस और उत्पाद विभाग की टीम ने कल देर रात कुख्यात शराब माफिया को गिरफ्तार कर लिया है। शराब माफिया का नाम गणेश गोराई है और वह पुरुलिया का रहने वाला है। रांची एसएसपी किशोर कौशल को जानकारी मिली थी कि गणेश गोराई रांची आया हुआ है जिसके बाद एसएसपी की स्पेशल टीम और उत्पाद विभाग की टीम ने छापेमारी कर गणेश गोराई को गिरफ्तार कर लिया है।

**अतिक्रमण** घरों को तोड़े जाने से पूर्व रेलवे ने चिन्हित परिवारों को नोटिस भी पूर्व में दिया था

# पुलटोली में 100 घरों पर चला रेलवे का बुलडोजर, बेघरों ने जताई नाराजगी

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** कडरू, रांची के पंजाबी हिन्दू बिरादरी भवन के अपोजिट पुलटोली में रहने वाले करीब 100 परिवारों के घर बुधवार को रेलवे प्रशासन ने तोड़ डाले। जिनके घर जेसीबी, बुलडोजर से तोड़े गये, उनमें से अधिकांश मेहनतकश तबके के परिवार थे। ज्यादातर ऐसे थे जो पिछले पांच से दस वर्षों से यहां रह रहे थे। रेलवे की जमीन पर बने इन घरों को तोड़े जाने से पूर्व रेलवे ने चिन्हित परिवारों को नोटिस भी पूर्व में दिया था। इसके बाद बीते मंगलवार को (27 दिसंबर) फिर से नोटिस देकर उन्हें घर खाली करने को कहा था। इसके बाद सुबह से अतिक्रमण हटाने का अभियान स्थानीय प्रशासन और थाना के सहयोग से रेलवे ने शुरू किया। जेसीबी, बुलडोजर को घरों के सामने देख पुलटोली के लोगों ने आपाधापी में घरों से सामान समेटना शुरू कर दिया था। इस दौरान कई लोगों ने सांसद, विधायक, रेलवे और मीडिया तक से नाराजगी जताते कहा कि किसी के स्तर से उन्हें उजड़ने से बचाने में मदद नहीं मिली।

पांच सालों से पुलटोली में रहने वाले राधेश्याम (48 वर्ष) ने कहा कि रेलवे ने 27 दिसंबर को अचानक से एक नोटिस देते घर खाली करने को कहा था। आज सुबह से वे अपने घर से सामान समेटने में लगे हैं। एक तो किसी ने बेघर किये जाने से पहले उनके बारे में सोचा नहीं। कहीं बसने की व्यवस्था कर ऐसा किया जाता तो ठीक रहता। दूसरा कि अभी कोरोना को लेकर जिस तरह से माहौल शुरू है, उससे किसी जगह किराये पर जाना भी आफत हो रहा है। कोई अपने यहां जगह देने को तैयार नहीं। ऐसे में या तो वे सब चाहे तो कोरोना से मरेंगे या फिर सड़क पर आकर भूख, परेशानियों से खत्म हो जाएंगे। गौरतलब है कि रांची रेल मंडल की तैयारी रांची रेलवे को 40 करोड़ से अधिक की लागत से वर्ल्ड क्लास का स्टेशन बनाने की तैयारी चल रही है। इस क्रम में उसकी ओर से रांची- हटिया स्टेशन के बीच की जमीन को अतिक्रमणमुक्त करने का अभियान लगातार जारी है।

## हर पंचायत सचिवालय भवन तक पक्की सड़क बनेगी, मांगा गया प्रस्ताव




राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** राज्य के सभी पंचायत सचिवालय तक की सड़कों का निर्माण किया जायेगा। जिन पंचायतों में सड़क खराब हो गयी हैं वहां नये सिरे से निर्माण होगा। वहीं, विशेष मरम्मत की जरूरत होगी तो उसे भी किया जायेगा। ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव अजय कुमार सिंह ने इस संबंध में सभी उपायुक्त एवं कार्यपालक अभियंता को अविलंब प्रस्ताव तैयार करके देने को कहा है। पंचायती राज सचिव को भी इस संबंध में पत्र लिखा है और पंचायत सचिवालय तक जाने वाली सड़कों के निर्माण के प्रस्ताव की समीक्षा अपने स्तर से करने को कहा है। पंचायती राज विभाग ने इसी आलोक में सभी उपविकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद झारखंड को पत्र लिखा है और पंचायत सचिवालय तक सड़क निर्माण का प्रस्ताव एक सप्ताह में उपलब्ध कराने को कहा है। इससे पूर्व राज्य के सभी 4500 से अधिक ग्राम पंचायतों में स्थित पंचायत सचिवालय तक पक्की सड़क की स्थिति की समीक्षा करने को कहा है।पंचायत सचिवालय तक जाने वाली कई सड़कों की स्थिति खराब है। निर्माण के लंबे समय के बाद से ही इनका मरम्मत नहीं हुआ है। इंजीनियरों ने बताया कि राज्य सरकार का विशेष ध्यान है कि खराब सड़कों को अविलंब दुरूस्त किया जाये ताकि आवागमन आसान हो। इसमें पंचायत साचिवाला, प्रखंड मुख्यालय, अस्पताल, स्कूल आदि जाने वाली महत्वपूर्ण सड़कों का निर्माण-मरम्मत प्राथमिकता से किया जायेगा।

अरविन्द जी की मौत के बाद संगठन का संभालता था जिम्मा

## अमन गंझू उर्फ अनिल गंझू ने रांची रेंज के आईजी कार्यालय में किया सरेंडर



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** भाकपा माओवादी के ईनामी रिजनल कमांडर अमन गंझू उर्फ अनिल गंझू उर्फ प्रमुख सिंह भोक्ता उर्फ काजू भोक्ता बुधवार को झारखंड पुलिस एवं सीआरपीएफ के पदाधिकारियों के समक्ष रांची रेंज के आईजी कार्यालय में सरेंडर कर दिया। आयोजित कार्यक्रम में आईजी अभियान एवी होमकर, रांची जोनल आईजी पंकज कंबोज, गढ़वा एसपी अंजनी झा और सीआरपीएफ के अधिकारियों मौजूद थे। मूलरूप से बिहार के औरंगाबाद जिले के ढ़िबरा थाना क्षेत्र के झरना निवासी अमन गंझू भाकपा माओवादी संगठन में रिजनल कमांडर था। भाकपा माओवादी के बिहार रिजनल कमेटी के कोयल शंख जोन के शीर्ष नेता अरविन्द जी की मृत्यु के बाद संगठन के विस्तार, नीति निर्धारण, कार्रवाई की योजना एवं क्रियान्वयन में अमन गंझू का महत्वपूर्ण योगदान था। झारखंड की सरकार ने अमन गंझू पर 15 लाख रुपये और एनआईए ने चार लाख का घोषित कर रखा था। झारखंड के लातेहार, लोहरदगा, गुमला के इलाके में सक्रिय था। अमन गंझू साल 2004 में माओवादी संगठन से जुड़ा था। तब से संगठन में सक्रिय रह कार्य कर रहा था। अमन गंझू पर गढ़वा जिले के विभिन्न थाना में 10 और लातेहार जिले के विभिन्न थाना में 7 मामले दर्ज है। झारखण्ड पुलिस के द्वारा इस साल फरवरी में लोहरदगा के बुलबुल के इलाके में सुरक्षाबलों अभियान चलाया था। इस अभियान में कुख्यात माओवादी कमांडर रविंद्र गंझू के दस्ते को बड़ा नुकसान हुआ था। इस अभियान में नक्सली रबिन्द्र गंझू और अमन गंझू निकल कर भाग गए थे। नक्सली अमन गंझू बुलबुल जंगल से निकल कर छकरबंधा निकल कर भाग गया था। जबकि रविंद्र गंझु बूढ़ा पहाड़ के इलाके में भाग गया था। हाल के दिनों में छकरबंधा के इलाके में माओवादियों खिलाफ बड़ा अभियान शुरू हुआ है। अमन गंझू मुख्यधारा से जुडकर अपने परिवार के साथ सामान्य जीवन जीने के लिये सरेंडर किया। आईजी अभियान एवी होमकर ने बताया कि 2022 में निर्णायक चोट देंने का नक्सल के विरुद्ध अभियान प्रारंभ किया गया।

### नागपुरी एक्ट्रेस की हावड़ा में गोली मारकर हत्या



**रांची**ः झारखंड के नागपुरी एक्ट्रेस को बंगाल के हावड़ा में गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक एक्ट्रेस का नाम रिया कुमारी है। बताया जाता है कि नागपुरी एक्ट्रेस रिया अपने परिवार के साथ कोलकाता जा रही थी। उसी दौरान अपराधियों ने लूटपाट की घटना को अंजाम दिया और लूटपाट करने के बाद एक्ट्रेस को गोली मारकर हत्या कर दिया।

## रांची रेंज के आईजी पंकज कंबोज समेत तीन आईपीएस को मिली नियमित प्रोन्नति

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः**राज्य सरकार ने 2005 बैच के तीन आईपीएस को आईजी रैंक में प्रोन्नति दी है। गृह विभाग ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दिया है। 2005 बैच के आईपीएस अधिकारी पंकज कंबोज, राजकुमार लकड़ा और असीम विक्रांत को प्रोन्नति दी गयी है। पंकज कबोज रांची रेंज, राजकुमार लकड़ा पलामू रेंज और असीम विक्रांत मिंज सीआईडी के आईजी पद पर पदस्थापित है। बता दें कि नवम्बर 2021 को डीआईजी रहते उसी वेतनमान पर पंकज कंबोज असीम विक्रांत मिंज को आईजी बनाया गया था। राज्य में आईजी स्तर पर अधिकारियों की कमी के कारण दोनों अधिकारियों को उसी वेतनमान पर प्रोन्नति दिया गया था।

## अरविंद पांडे प्रभारी अभियंता प्रमुख पथ निर्माण विभाग बने

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः**राज्य सरकार ने प्रभारी मुख्य अभियंता अरविंद पांडे को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अपने ही वेतनमान में प्रभारी अभियंता प्रमुख पथ निर्माण विभाग झारखंड रांची के पद पर पदस्थापित किया है। प्रभारी मुख्य अभियंता केंद्रीय निरूपण संगठन पथ निर्माण विभाग राजेश कुमार सिंह को स्थानांतरित करते हुए प्रभारी मुख्य अभियंता यातायात पथ निर्माण विभाग रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है। अधीक्षण अभियंता पथ निर्माण विभाग रांची के के लाल को स्थानांतरित करते हुए प्रभारी मुख्य अभियंता सीडीओ पथ निर्माण विभाग के पद पर पदस्थापित किया गया। श्री लाल अपने कार्यों के अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता पथ निर्माण विभाग पथ अंचल रांची के अतिरिक्त प्रभार में भी रहेंगे।

## कृषि गणना की मॉनिटरिंग के लिए राज्य स्तरीय समिति गठित

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** झारखंड में कृषि गणना 2021-22 के मॉनिटरिंग के लिए राज्यस्तरीय समन्वय समिति का गठन किया गया है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर पूरे राज्य में कृषि गणना की जा रही है। सचिव सह राज्य कृषि गणना आयुक्त राजस्व,निबंध न एवं भूमि सुधार विभाग को अध्यक्ष बनाया गया है। समिति में विशेष सचिव गृह विभाग, निदेशक,भू-अर्जन, निदेशक,कृषि, निबंधक सहयोग समितियां झारखंड, निदेशक पंचायती राज, निदेशक अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, राज्य सूचना विज्ञान पदाधिकारी ,निदेशक, झारखंड स्पेश एप्लिकेशन सेंटर,संयुक्त सचिव राजस्व निबंधन विभाग को सदस्य बनाया गया है। समिति गठन पर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की स्वीकृति के बाद राजस्व भूमि सुधार विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी गयी है।

## पैसेंजर्स एसोसिएशन ने टूण्डला जंक्शन में की ट्रेनों के ठहराव की मांग

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** झारखंड पैसेंजर्स एसोसिएशन ने रांची रेल मंडल से टूण्डला में राजधानी एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की है। इस संबंध में एसोसिएशन के सचिव सह सदस्य-रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्रि समिति, रांची रेल मंडल (द.पूर्व रेलवे) प्रेम कटारूका ने मंडल के मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक देबराज बनर्जी को आज लेटर भी लिखा है। इसमें उन्होंने कहा है कि रांची-नई दिल्ली-रांची रेल मार्ग पर स्थित टूण्डला जंक्शन एक अति महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है। रांची रेल मंडल से इस रेल मार्ग पर आवागमन करनेवाली राजधानी एक्सप्रेस सहित सभी सुपर फास्ट, मेल, एक्सप्रेस यात्री गाड़ियों का पांच मिनट का ठहराव इस जंक्शन पर सुनिश्चित कराया जाये। इस स्टेशन की सन्निकटता देश के अनेक पौराणिक, ऐतिहासिक, धार्मिक, दर्शनीय और पर्यटनीय कस्बों, शहरों व विश्व के सात अजूबों में से एक आगरा स्थित ताजमहल और देश-विदेश में रचे-बसे भगवान श्रीकृष्ण के करोड़ों अनुयायियों की आस्था से जुड़ी मथुरा-वृंदावन की गलियों से है। ऐसे में यहां गाड़ियों के ठहराव से झारखण्डवासियों सहित देश-विदेश के लाखों नागरिक लाभान्वित होंगे। साथ ही साथ रेलवे के राजस्व में भारी वृद्धि होगी।प्रेम कटारूका ने कहा है कि रांची स्थित रेल मंडल के रांची/हटिया एवं अन्य रेलवे स्टेशनों से आवागमन करने वाली यात्री गाड़ियों में गुणवत्तापूर्ण यात्री सुविधाओं के लिए विभिन्न माध्यमों से सूचनाएं आती रहती हैं।

**कृषि शुल्क** व्यापारी और थोक विक्रेता कर रहे हैं विरोध

# आयातित खाद्यान्नों पर दो फीसदी शुल्क लगने से महंगी होंगी वस्तुएं

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** राज्य में कृषि उपज और विपणन विधेयक का व्यापारी और थोक विक्रेता विरोध कर रहे है। विधानसभा सत्र के दौरान बिल को सरकार ने फिर से पास किया। इसके साथ ही विरोध भी शुरू हो गया। बाजार समितियों के व्यापारियों की मानें तो राज्य में अधिकतर कृषि उत्पादित वस्तुएं अन्य राज्यों से आयातित होती हैं। ऐसे में बाहर से आयातित वस्तुओं पर शुल्क लगाने से हर वर्ग के लोग प्रभावित होंगे। क्योंकि इससे महंगाई बढेगी। राज्य सरकार के विधेयक के अनुसार दो फीसदी शेष या शुल्क कृषि उत्पादों पर लगाया जा रहा है। व्यापारियों की मानें तो गैर जरूरी शुल्क जिसे सरकार ने पूर्व में हो रही अनियमितता को देखते हुए ही वर्ष 2015 में समाप्त कर दिया था, पुनः इस शुल्क को राज्य में लागू करने का निर्णय न सिर्फ अव्यवहारिक बल्कि अप्रासंगिक है।व्यापारियों की मानें तो राज्य में अधिकांश खाद्यान्न आयतित होती है। ऐसे में अतिरिक्त शुल्क लगाकर व्यापारियों और कृषकों को सरकार शोषित करेगी।

पूर्व चैंबर अध्यक्ष प्रवीण जैन छाबड़ा ने बताया कि राज्य में केंद्र सरकार के ही कृषि विपणन बिल को लागू किया गया है। केंद्र सरकार ने राज्यों को इस छूट दी है कि वे अपने तरीके से इसे लागू कर सकते है। लेकिन कृषि शुल्क के लिये शून्य से लेकर दो फीसदी तक की दर तय की गयी है। अभी तक जिन जिन राज्यों में इस शुल्क को लागू किया गया है, इनमें कहीं भी कृषि शुल्क दो फीसदी नहीं है। लेकिन राज्य में इसे लागू किया गया है। इसमें सब्जी समेत अन्य खराब न होने वाली वस्तुओं पर एक फीसदी शुल्क लगाया गया है। जबकि अन्य वस्तुओं पर दो फीसदी शुल्क है। छाबड़ा ने बताया कि राज्य कंज्यूमिंग स्टेट है। यहां से बाहर से उत्पाद आते है तब बिक्री होती है। राज्य सरकार इस पर कृषि शुल्क नहीं लगा सकती। क्योंकि कृषि शुल्क अपने राज्य में होने वाले उत्पादों पर लगाया जाता है।

व्यापारियों की मानें तो कृषि शुल्क राज्य सरकार बाजार समितियों के विकास के लिये लिया जाता है। जबकि राज्य में 28 बाजार समितियां। कहीं भी सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। सिर्फ रांची बाजार समिति के लिये दो सौ करोड़ रुपए का फंड है। 28 बाजार समितियों से सरकार को लगभग 300 करोड़ का फंड है। वहीं, हर महीने भाड़ा भी दिया जाता है। सरकार का कहना है कि उनके पास बाजार समिति चलाने के लिये पैसे नहीं है। जबकि सरकार के पास फंड है। इसके बाद भी मूलभूत सुविधाएं न देते हुए सरकार शुल्क की मांग करती है। जबकि केंद्र सरकार के बिल के अनुसार हर 80 किमी में बाजार समिति का गठन किया जाना है। जिसमें मूलभुत सुविधाएं हो। झारखंड में ऐसा नहीं हो रहा है।

जानकारी हो कि साल के शुरूआती महीनों में भी राज्य सरकार ने इस बिल को लाया था। व्यापारियों के विरोध के बाद सरकार ने इसे वापस लेने की बात कहीं थी। वहीं, राज्यपाल ने भी मई महीने में इस बिल को राज्य सरकार को संशोधन के लिये भेजा था। लेकिन इस विधानसभा सत्र में सरकार ने फिर से इसे लागू कर दिया। बता दें खाद्यान्न व्यापारियों की ओर से लगातार इस मुद्दे पर बैठक हो रही है।

